राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 118
लखनऊ, सोमवार 29 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार




samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

देश में सबसे आधुनिक होगा लखनऊ में बनने वाला नगर निगम भवन : खर्कवाल 03

भ्रष्ट जेई से आजिज महिला बिजली विभाग के लगा रही चक्कर 10

## मिजोरम व गोवा के बाद त्रिपुरा बना देश का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य

**▸ राज्य की साक्षरता दर पहुंची 95.6 प्रतिशत**

एजेंसी

**अगरतला।** मिजोरम और गोवा के बाद त्रिपुरा 2025 में देश का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया। वहीं, इस वर्ष सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी सहयोगी टिपरा मोथा पार्टी के बीच खींचतान और बांग्लादेश से सुरक्षा संबंधी खतरे राज्य में प्रमुख मुद्दे रहे। राज्य की साक्षरता दर 95.6 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

यूनेस्को के दिशा-निर्देशों के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने किसी राज्य को पूर्ण साक्षर घोषित करने के लिए 95 प्रतिशत से अधिक साक्षरता दर का मानदंड निर्धारित किया है। पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा में टीएमपी और भाजपा के बीच आंतरिक कलह देखने को मिली।

त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद चुनाव से पहले दोनों दलों की ओर से से एक-दूसरे के कार्यकर्ताओं पर हमले की घटनाएं सामने आई जिनमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। टीएमपी सुप्रीमो और पूर्व राजपरिवार के वंशज प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने 'टिपरासा' समझौते के कार्यान्वयन व आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली कोकबोरोक भाषा के लिए रोमन लिपि को अपनाने पर पार्टी के रुख को दोहराया।

## कड़ाके की ठंड के बावजूद किश्तवाड़ व डोडा में आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज

### खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाक आतंकी सक्रिय, सेना ने बर्फ से ढंके ऊंचे व दुर्गम पहाड़ी इलाकों में बढ़ाई गश्त

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड और 40 दिन की चिल्लई कलां के बावजूद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक बर्फ से ढंके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।



खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो-एक्टिव विंटर स्ट्रैटजी अपनाई है।

**80 से ज्यादा गांवों में भी सर्च ऑपरेशन जारी**

सीमा से सटे इलाकों में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस पिछले 10 दिन से संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह सर्चिंग बॉर्डर एरिया के 80 से ज्यादा गांवों में चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक खुफिया इनपुट मिले थे कि आतंकी संगठन घने कोहरे, सर्द मौसम और दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। इसी के मद्देनजर यह बड़ा ऑपरेशन शुरू किया गया है।

**स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात**

ये अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा बलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों में भी नहीं छिपने देना है।

**72 आतंकी फिर सक्रिय : बीएसएफ**

पिछले माह बीएसएफ के अधिकारी ने खुलासा किया था कि भारत की ऑपरेशन सिंदूर के बाद नुकसान झेलने के बावजूद पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू क्षेत्र के सामने करीब 72 आतंकी लॉन्च पैड सक्रिय कर दिए हैं। इनमें से 12 लॉन्च पैड सियालकोट और जफरवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास हैं, करीब 60 लॉन्च पैड एलओसी के पास सक्रिय बताए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,41,370/ |
| 22 कैरेट | = | 1,29,600/ |
| 18 कैरेट | = | 1,06,070/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,51,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**कवयित्री जसिन्ता को मिला अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान**

**बेंगलुरु।** दक्षिण भारत की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'शब्द' की ओर से रविवार को झारखंड की कवयित्री जसिन्ता केरकेट्टा को एक लाख रुपये का प्रतिष्ठित अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान बेंगलुरु में आयोजित संस्था के 28वें वार्षिकोत्सव-सह-पुरस्कार अर्पण समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर दक्षिण भारत में हिन्दी की सेवा के लिए 25 हजार रुपये का 'दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान' प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं बेंगलुरु विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अवकाश प्राप्त प्रो. टीजी प्रभाशंकर प्रेमी को दिया गया। सम्मान के रूप में नकद राशि के अलावा अंगवस्त्रम, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति फलक एवं श्रीफल भी भेंट किए गए।

**उत्तर प्रदेश में 100 दिन में 30 रैलियां करेगी कांग्रेस**

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में आने वाले 100 दिनों में ''संविधान संवाद'' कार्यक्रम के माध्यम से वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट सहित पूरे प्रदेश में 30 रैलियों का आयोजन करेगी। रैलियों के अलावा पार्टी भाजपा की कुनीतियों के खिलाफ चौपालें महापंचायतें और सम्मेलनों का भी आयोजन करेगी। यह जानकारी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता में दी। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में भाजपा से मुकाबला करने के लिए तैयार है।

**उपराष्ट्रपति आज से पुडुचेरी केरल व तमिलनाडु के दौरे पर**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 29 एवं 30 दिसंबर को पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार 29 दिसंबर को उपराष्ट्रपति सबसे पहले पुडुचेरी पहुंचेंगे जहां वह नागरिक स्वागत समारोह में भाग लेंगे। वह महाकवि भारथियार की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तथा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आवास परियोजना का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन वह पुडुचेरी विवि के 30वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शाम को केरल रवाना होंगे और तिरुवनंतपुरम फेस्ट 2025 में हिस्सा लेंगे। तिरुवनंतपुरम स्थित मार इवानियोस कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह की सार्वजनिक बैठक का उद्घाटन करेंगे।

**नेपाल के इलाके में दो भारतीय 330 किलो गांजा संग गिरफ्तार**

**अररिया।** नेपाल से तस्करी कर भारतीय सीमा क्षेत्र में गांजा ले जा रहे दो भारतीय तस्करों को नेपाल की नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने 330 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान नेपाल पुलिस की नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो टीम को दो राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी। गिरफ्तार दोनों तस्कर भारतीय नागरिक हैं और अररिया के चंद्रमोहन गांव के सोहेल खान और अबुल हसन है।

### मुख्यमंत्री ने 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के समापन पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा

# धर्मांतरण गिरोह पर करें सख्त कार्रवाई

**▸ सोशल मीडिया व साइबर अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के दूसरे दिन समापन अवसर पर प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिये। सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा।

पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों, नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर संगठन बनाकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं। पुलिस एवं इंटेलिजेंस को निर्देश दिए कि धार्मिक कन्वर्जन से जुड़ी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए, सोशल मीडिया के माध्यम से इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाए।



**पूर्वी यूपी के लिए गौरव होगा एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी**

**47.88 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा एकेडमी का निर्माण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी गोरखपुर सहित समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए नया गौरव होगा। इसके निर्माण कार्य में तेजी लाकर लक्षित समय में इसे पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता में किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीएम योगी रविवार दोपहर बाद गोरखपुर के ताल कंदला में निर्माणाधीन एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने एकेडमी के मॉडल और ड्राइंग मैप का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी की तो निर्माणाधीन भवन का भ्रमण कर भौतिक प्रगति का भी जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्टल, स्टाफ आवास, मेस के निर्माण को लेकर जरूरी दिशानिर्देश दिए।

**सिटी डेवलपमेंट प्लान का मॉडल बनेगा विरासत गलियारा**



**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि धर्मशाला बाजार से पांडेयहाता तक बन रहा विरासत गलियारा सिटी डेवलपमेंट प्लान का मॉडल बनेगा। विरासत गलियारा की प्रगति वहां के लोगों के चेहरे के चमक के रूप में दिख रही है। लोगों के चेहरे की यह चमक और प्रसन्नता, अफवाह फैलाने वालों को जवाब है। सीएम योगी ने यह बातें 555.56 करोड़ रुपये की लागत से 3.50 किमी की लम्बाई में धर्मशाला बाजार से पाण्डेयहाता तक निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण की परियोजना 'विरासत गलियारा' का निरीक्षण करने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहीं। रविवार शाम उन्होंने विरासत गलियारा के तहत पाण्डेयहाता, नखास चौक के पास और अलीनगर में रुककर निर्माण की प्रगति जानी। इस दौरान उन्होंने ड्राइंग मैप व ले आउट का भी अवलोकन किया और जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि 2.20 किमी तक निर्माण पूरा हो गया है और 1.30 किमी की लम्बाई में कार्य शेष है।

## कुलदीप सेंगर की उम्रकैद पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उन्नाव बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सुनवाई सूची के अनुसार, भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और एवं ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की तीन सदस्यीय अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता अंजले पटेल और पूजा शिल्पकार द्वारा दायर एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगा जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है और उस पर रोक लगाने की मांग की गई है। सीबीआई ने अपनी याचिका में एल. के. आडवाणी मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला दिया है, जिसमें कहा गया था कि सांसद या विधायक जैसे सार्वजनिक पद पर रहने वाले व्यक्ति को लोकसेवक माना जाएगा। एजेंसी का कहना है कि उच्च न्यायालय ने यह कहकर गलती की कि अपराध के समय विधायक रहा सेंगर लोकसेवक नहीं था। सीबीआई ने कहा, ''उच्च न्यायालय ने यह ध्यान नहीं रखा कि संवैधानिक पद पर आसीन विधायक पर जनता का भरोसा एवं अधिकार होता है और ऐसी स्थिति में राज्य और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी अधिक होती है।'' उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे सेंगर की उम्रकैद की सजा 23 दिसंबर को निलंबित कर दी। अदालत ने कहा कि वह पहले ही सात साल पांच महीने जेल में बिता चुका है। उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ अपील लंबित रहने तक सेंगर की सजा पर रोक लगाई।

## हिरासत में लिया गया हुमायूं का बेटा गुलाम नबी

**कोलकाता।** नवगठित जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर के बेटे गुलाम नबी आजाद को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले स्थित आवास पर तैनात एक पुलिसकर्मी पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में रविवार को हिरासत में ले लिया गया। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि आजाद ने भरतपुर से विधायक कबीर के निजी सुरक्षा अधिकारी के रूप में तैनात पुलिसकर्मी पर हाथ उठाकर संज्ञेय अपराध किया और पुलिस ने कानून के अनुसार कार्रवाई की गई। पार्टी ने साथ ही दावा किया कि उसका पूरे घटनाक्रम से कोई लेना-देना नहीं है। आजाद को सोहेल के नाम से भी जाना जाता है। सोहेल को कांस्टेबल जुम्मा खान द्वारा शक्तिपुर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हिरासत में लिया गया है।

## एसआईआर से बाहर हुए लोगों को नाम जुड़वाने का मिलेगा अब एक और मौका

**एक से 30 जनवरी तक मतदाता दर्ज करा सकते हैं अपनी आपत्ति नए सिरे से नाम जोड़ने के लिए दाखिल कर सकते हैं फार्म-6**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिन मतदाताओं के नाम सूची से बाहर हो गए हैं या जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। निर्वाचन आयोग ऐसे मतदाताओं को अपना नाम वापस जुड़वाने के लिए एक अंतिम मौका अभी देगा।

31 दिसंबर को नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन के साथ दावा और आपत्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यूपी में इस बार 2003 की आधार सूची से डिजिटल मैपिंग की गई। लाखों वोटर मैपिंग से वंचित रह गए हैं। इसके अलावा, एएसडी श्रेणी एब्सेंटी, शिफ्टेड, डेड यानि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत के तहत बड़ी छंटनी की गई है। यदि नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं है तो घबराएं नहीं। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए अलग अलग टाइमलाइन तय की है। 31 दिसंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 1 से 30 जनवरी तक मतदाता अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं या नए सिरे से नाम जोड़ने का दावा फार्म-6 दाखिल कर सकते हैं। 20 फरवरी तक प्राप्त आपत्तियों और दावों का अंतिम निस्तारण किया जाएगा।

## कांग्रेस ने हमेशा जनकल्याण व समावेशी विकास के लिए किया काम : खरगे

**कांग्रेस पार्टी ने मनाया 141वां स्थापना दिवस**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी रविवार को अपना 141वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इंदिरा भवन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कांग्रेस ने हमेशा भारत के लोगों के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम किया है। हम भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों में समान अवसर में दृढ़ विश्वास रखते हैं।

## नरेन्द्र मोदी 2029 में भी बनेंगे प्रधानमंत्री राहुल बाबा हार से न थकें : अमित शाह

**▸ विपक्ष हमेशा उन्हीं बातों का करता है विरोध जो जनता को पसंद**

एजेंसी

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, राहुल बाबा, हार से थकिए मत। वर्ष 2029 में भी नरेन्द्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। विपक्ष हमेशा उन्हीं बातों का विरोध करता है, जो जनता को पसंद आती हैं। जनता को जो अच्छा लगता है, आप उसका ही विरोध करते हो, तो फिर आपको वोट कहां से मिलेंगे?



केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को अहमदाबाद के पश्चिमी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक से बिना खड्डा खोदे तैयार की गई 27 किलोमीटर लंबी ड्रेनेज लाइन के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई ड्रेनेज लाइन को इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए विकास कार्यों की सराहना की है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज का दिन आनंद देने वाला है। वणझर क्षेत्र में 1973 के बाद जिन लोगों ने सब कुछ खो दिया था, वे यहां आकर बसे। करीब 50 वर्षों से कई परिवार रह रहे थे, लेकिन किसी कारणवश प्लॉट की मालिकी अटकी हुई थी।

उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान कर फाइलों को अंतिम रूप दिया गया और आज से यह प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी हो गई है, जिससे लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद के 9 वार्डों में रहने वाले करीब 15 लाख लोग और 4500 सोसायटियां वर्षों से गटर के पानी की निकासी की समस्या से जूझ रहे थे। क्षेत्र गांव से शहर में तब्दील हो चुका था, लेकिन बुनियादी ढांचा नहीं था।

## पनडुब्बी में यात्रा करने वाली भारत की दूसरी राष्ट्रपति बनीं द्रोपदी मुर्मु

**▸ मुर्मु ने कदंबा नौसेना अड्डे का किया दौरा वाघशीर में की यात्रा**

एजेंसी

**कारवार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को पहली बार कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के कारवार स्थित कदंबा नौसेना अड्डे का दौरा किया और अरब सागर में भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में यात्रा की। इसके साथ ही वे पनडुब्बी में यात्रा करने वाली भारत की दूसरी राष्ट्रपति बन गईं। कदंबा नौसेना अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मु का कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने गर्मजोशी से स्वागत किया।


उल्लेखनीय है कि एशिया के सबसे बड़े नौसेना अड्डों में शामिल कदंबा नौसेना अड्डे के दूसरे चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह अड्डा अब युद्धपोतों और पनडुब्बियों के लिए एक प्रमुख रणनीतिक केंद्र के रूप में विकसित हो गया है। इसी परिसर में एक अत्याधुनिक मरम्मत यार्ड का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। नौसेना अड्डे के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आईएनएस वाघशीर पनडुब्बी में लगभग एक घंटे की ऐतिहासिक समुद्री यात्रा की। इस दौरान उनके साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रियर एडमिरल विक्रम मेनन सहित भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**मन की बात** | **पीएम मोदी ने मन की बात की 129वीं कड़ी में 2025 को खेलों के लिहाज से बताया यादगार साल**

## खिलाड़ियों ने किया साबित, रुकावटें नहीं रोक सकतीं पक्के इरादे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने महीने के रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 129वें एडिशन में देश को संबोधित करते हुए भारत की खेल उपलब्धियों पर ज़ोर दिया। 2025 को भारतीय खेलों के लिए एक यादगार साल बताते हुए, प्रधानमंत्री ने अलग-अलग डिसिप्लिन और फ़ॉर्मेट में एथलीटों की सफलता की तारीफ की। उन्होंने कहा, 2025 खेलों के लिहाज से भी एक यादगार साल था। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने महिला ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। पीएम मोदी ने कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन में भारत की सफलता के बारे में भी बात की, और कहा कि भारत के एशिया कप टी-20 टाइटल जीतने के बाद राष्ट्रीय तिरंगा गर्व से लहराया। उन्होंने भारतीय पैरा-एथलीटों की उपलब्धियों की भी तारीफ की, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीते। प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की हिम्मत और बेहतरीन काम की भावना को दिखाते हुए कहा, वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर, हमारे पैरा-एथलीटों ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट उनके पक्के इरादे को नहीं रोक सकती। भारतीय खेलों में 2025 में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला, जिसमें ओलंपिक, पैरालंपिक और नॉन-ओलंपिक खेलों में सफलता मिली। पुरुषों की क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती, जिससे लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में भारत का दबदबा और पक्का हुआ, जबकि महिलाओं की टीम ने अपना पहला आईसीसी महिला वर्ल्ड कप खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। पैरा स्पोर्ट में, भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने पहला महिला ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप जीता, यह एक बड़ी कामयाबी थी जिससे देश में ब्लाइंड महिलाओं के खेल की पहचान काफी बढ़ गई।



**काशी के बच्चे संस्कृति के प्रसार का कर रहे सराहनीय कार्य**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल भाषा और उसके साहित्य की समृद्धि की प्रशंसा करते हुए कहा है कि दुनिया की इस प्राचीन भाषा को सीखने का कार्य उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी के बच्चे जिस उत्साह के साथ कर रहे हैं, वह संस्कृति के प्रसार का उनका अत्यंत सराहनीय कार्य है। देश के भीतर तमिल भाषा के प्रचार के लिए लगातार काम हो रहा है। कुछ दिन पहले ही मेरे संसदीय क्षेत्र काशी में चौथा काशी तमिल संगमम हुआ। मेरे पास एक और ऑडियो क्लिप सुनाता हूँ जिसमें आप अंदाज़ा लगाइए तमिल बोलने की कोशिश कर रहे ये बच्चे कहां के हैं। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि तमिल भाषा में इतनी सहजता से अपनी बात रखने वाले ये बच्चे काशी के हैं, वाराणसी के हैं। इनकी मातृभाषा हिन्दी है, लेकिन तमिल भाषा के प्रति लगाव ने इन्हें तमिल सीखने के लिए प्रेरित किया है। इस साल वाराणसी में काशी तमिल संगमम के दौरान तमिल सीखने पर खास ज़ोर दिया गया था। तमिल कराकलम थीम के तहत वाराणसी के 50 से ज्यादा स्कूलों में विशेष अभियान भी चलाए गए। इसी का नतीजा हमें इस ओडियो क्लिप में सुनाई देता है।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में अवैध निर्माण पर दौड़ी जेसीबी

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दुधिघापुर स्थित गाटा संख्या 136 रकबा 0.008है. जो कि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है तथा ग्राम इमामनगर गोधरहवा में गाटा संख्या 115 रकबा 0.004 है. जो कि राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढे के नाम दर्ज है पर सीताराम पुत्र बदल व छीटन पुत्र रामखेलावन परगना व तहसील नानपारा ने लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमियों पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था।

सरकारी भूमि पर अनाधिकृत रूप से किये अवैध कब्ज़े को उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, संबंधित राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने जे.सी.बी के माध्यम से पक्के बने निर्माण को नियमों के अंतर्गत ध्वस्त करवा दिया। सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण पर जेसीबी से धवस्तीकरण होने पर अवैध कब्जेदारों में बेचैनी बढ़ गई है। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियों में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अनियंत्रित डंपर दुकान में घुसा, 20 फीट नीचे तटबंध से पलटा, चालक ने कूदकर बचाई जान

**बहराइच।** रविवार सुबह करीब 5 बजे खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहा बहरौली तटबंध पर शिवपुर ब्लॉक मोड़ के पास एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित हो गया। डंपर पहले सोनू शुक्ला की दुकान में जोरदार ठोकर मारते हुए आगे बढ़ा और फिर करीब 20 फीट नीचे तटबंध की खाई में पलट गया।

हादसे के समय चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए डंपर से कूदकर अपनी जान बचा ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा कुछ देर बाद होता तो कई लोगों की जान जा सकती थी, लेकिन सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही डंपर मालिक ने मौके पर दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं, जिनकी मदद से खाई में पलटे डंपर को बाहर निकाला गया। इस दौरान सड़क पर घंटों लंबा जाम लगा रहा। जाम में पुलिस की गाड़ी भी फंसी नजर आई, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा।

## पत्रकार समाज कल्याण समिति की बैठक सिंचाई डाक बंगले में आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति की एक बैठक दिसंबर माह की 28 तारीख को आयोजित की गई जिसमें आए हुए पत्रकारों से कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया संगठन मैं सभी पत्रकारों ने अपने–आप की विचार राखी संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया मीटिंग मैं शामिल होने वले पत्रकारों में रमजान अली, डॉक्टर जयप्रकाशओझ सतीश जायसवाल, अयूब आलम, डॉक्टर कल्प्राम त्रिपाठी, डीएन शुक्ला, राकेश कुमार कसौधन, आनंद यादव,रक्षाराम पाठक, हामिद अली, विजय कुमार, अनिल यादव, सुनील कुमार तिवारी एवं नरेंद्र लाल गुप्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को मारा चाकू

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो उस को चाकू मार कर घायल कर दिया गया ।घायल अवस्था में उस को सी एस सी कर्नल गंज लाया गया। जहां पर इलाज कराया गया।पीड़ित महिला ने पांच लोगों के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है । पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उस के साथ छेड़छाड़ करने लगे। अपने घर घसीट ले गए। जहां उन लोगो ने उस के मुंह में कपड़ा भर के अश्लील हरकत किया। जब उस ने शोर मचाया तो उस को चाकू मार दिया। अपने ही घर के पास उस को बेहोशी की हालत में फेक दिया ।परिजनों को जब इस की जानकारी हुई तो उस युवती को उसी हालत में कर्नल गंज कोतवाली ले गए। पुलिस ने उस को इलाज के लिए कर्नल गंज सी एस सी पर ले जाकर भर्ती कराया है। पीड़िता की तहरीर पर रफीक अहमद, शहीद अहमद, नसीम, हसीन और रहीस के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है।

### गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, किसान की दबकर मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा बस्ती मार्ग स्थित जफरा पुर ग्राम के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली का टायर फट गया ।जिस से ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो कर पलट गई जिस के नीचे दबकर गन्ना किसान चालक की दबकर मौत हो गई। गन्ने के नीचे दब गया था। जिस को गन्ना हटा कर बाहर निकाला गया। पुलिस ने उस के शव को पोस्ट मार्टम भेजा गया है। नवाब गंज थाना क्षेत्र के माझा राठ गांव के निवासी 40 वर्षीय नंदकिशोर यादव अपना गन्ना ट्रैक्टर ट्रॉली पर लाद कर हाइवे के रास्ते से मसौधा चीनी मिल ले जा रहा था तभी अचानक गन्ना लदी ट्राली का टायर फट जाने से ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया गाई जिस के नीचे ट्रैक्टर चालक नंद किशोर यादव दब गया। यह घटना शनिवार की देर रात्रि साढ़े आठ बजे जफरापुर गांव के पास वेदांत अस्पताल के पास हुआ। आसपास के लोगों और पुलिस की मदद से उस के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम को भेज दिया।

### पत्रकार बन्धु सम्मान समागम का हुआ आयोजन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** स्मृतिशेष विनोद कुमार पंडित सिंह जी के जन्म जयंती के क्रम में रविवार को नगर के सूरज होटल के प्रांगण में संवाददाता बंधु सम्मान समागम का आयोजन किया गया। इस सम्मान समागम कार्यक्रम में जनपद एवं जनपद के बाहर कार्य कर रहे पत्रकार साथियों के साथ स्मृति शेष पंडित सिंह जी के जीवन पर आधारित गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। आयोजक सूरज सिंह द्वारा सम्मान समारोह में आए हुए पत्रकार अतिथियों का सम्मान किया गया और अन्य तरीकों से कार्यक्रम को खूबसूरत बनाने का भी प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारों के कार्य उनकी कार्यशैली और पत्रकारिता के गुणों पर आधारित कट आउट लगाए गए थे तो वहीं पत्रकारिता जीवन की चुनौतियां पर भी प्रकाश डाला गया। होटल के प्रांगण में पूर्व मंत्री पंडित सिंह जी के जीवन पर आधारित होर्डिंग बैनर भी लगाए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित सिंह जी के पुत्र और सदर विधानसभा के प्रत्याशी सूरज सिंह ने आए हुए अतिथियों के स्वागत के साथ शुरुआत की वही पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकार साथियों के साथ साथ देवेंद्र सिंह, मनोज सिंह, संजय साहू, अफजल खान, शिव संपत सिंह, किसलय तिवारी, शुभी कक्कड़, सचिन सिंह, राम आशीष, विनय सिंह, रीना तिवारी, विक्कू, विशाल गुप्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### बुजुर्ग पर तेंदुए ने किया हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट इलाके में स्थित धनियाबेली ग्राम के पास एक साइकिल सवार बुजुर्ग पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बुजुर्ग की जान बची और तेंदुआ घने जंगल में भाग गया। घायल बुजुर्ग को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। सुजौली थाना क्षेत्र के धनियाबेली ग्राम निवासी 65 वर्षीय रमाकांत साइकिल से मोहकम पुरवा गए थे। दोपहर में जब वे वापस घर लौट रहे थे, तभी ग्राम से लगभग सौ मीटर दूर अचानक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने पर तेंदुआ बुजुर्ग को छोड़कर जंगल में भाग गया। इस हमले में रमाकांत के हाथ पर घाव हो गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया।

### जिलाधिकारी से शिकायत की, मतदाता सूची निष्पक्ष बनाने की मांग

**तुलसीपुर, समृद्धि न्यूज।** मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद बहुत बड़ा खुलासा हुआ ग्राम पंचायत में फर्जी वोटर के साथ–साथ नाबालिक बच्चों को वाटर बनाया गया बच्चों का आधार कार्ड फर्जी तरीके से एडिट कराकर एक विशेष समुदाय के लोगों ने ऐसा खेल खेला की लगभग 100 से 130 तक नाबालिक बच्चे बने वोटर इसको लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणवीर सिंह एसडीम तुलसीपुर को शिकायती पत्र देखकर निष्पक्ष मतदाता सूची बनवाने की मांग की है।

# राम नगर खजुरी में विशाल नेत्र शिविर संपन्न

**90 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सीतापुर रवाना**

समृद्धि न्यूज





**पयागपुर, बहराइच।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रामनगर खजुरी स्थित तिवारी मेडिकल स्टोर पर एक विशाल निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उमड़ी भारी भीड़ इस बात का प्रमाण रही कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों की कितनी आवश्यकता है।

शिविर के आयोजक वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिविर में सुबह से ही पंजीकरण के लिए ग्रामीणों की कतारें लग गई थीं। कुल 150 मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिनकी आंखों की गहन जांच सीतापुर आंख अस्पताल से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। जांच के उपरांत विशेषज्ञों ने 90 मरीजों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया, जिन्हें ऑपरेशन की तत्काल आवश्यकता थी। इन सभी चिन्हित मरीजों को सीतापुर आंख अस्पताल की विशेष बस द्वारा ऑपरेशन हेतु रवाना किया गया। आयोजक ने जानकारी दी कि इन मरीजों के रहने, खाने और ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। ऑपरेशन के दो दिन बाद सभी मरीजों को ससम्मान वापस उनके घर तक पहुंचाया जाएगा। शिविर में सीतापुर अस्पताल की अनुभवी टीम ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें मुख्य रूप से डॉ. श्रुति सक्सेना,गोविंद, नीलम, शहनवाज और बासु शामिल रहे। शिविर के दौरान अन्य मरीजों को भी आंखों की देखभाल के लिए परामर्श दिया गया और जरूरी दवाइयां वितरित की गईं। इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने आयोजक मंडल और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त किया है।

## बैठक में निषाद पार्टी की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**जरवलरोड, बहराइच ।** रविवार को जरवल के रिठौड़ा नई बस्ती में सदस्यता अभियान एवं संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर निषाद पार्टी की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने दर्जनों महिलाओं पुरुषों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

प्रदेश सचिव आईटी सेल राजेश कुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया गया कि आगामी 13 जनवरी को निषाद पार्टी का संकल्प दिवस बनाने हेतु हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष कार्यकर्ता कैसरगंज होते हुए लखनऊ पहुंचेंगे और अपने हक-अधिकार की आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश निषाद ने कहा कि निषाद समाज अब अपने अधिकारों को लेकर पूरी तरह जागरूक है और आने वाले समय में निषाद पार्टी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में जिले के दो शिक्षकों का हुआ सम्मान



समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** जनपद बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक नवल कुमार पाठक और शिक्षिका अंजू शर्मा को उत्कृष्ट पठन-पाठन, विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता, दक्षता, उत्तरदायित्व के मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा नवाचार के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्मानित किया गया।

उपलब्धि पर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अन्विता राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान - शिक्षा और नवाचार की युति सम्मान समारोह में संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ प्रदीप कुमार सिंह, समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी एवं प्रो. संजय मेधावी ने सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय परसे आलम के सहायक अध्यापक नवल कुमार पाठक तथा प्राथमिक विद्यालय खुटेहना की शिक्षिका अंजू शर्मा को उनके उल्लेखनीय शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर सुनील पांडे, शिप्रा शुक्ला, गोपाल जी शुक्ला, रजनीश शुक्ला, राजेश मिश्रा, प्रदीप पांडे, दीनानाथ दीक्षित, अजय शुक्ला, रामकुमार पांडे, प्रीति मिश्रा, अजय श्रीवास्तव एवं आलोक शुक्ला सहित अनेक शिक्षकों व शुभचिंतकों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नंदिनी नगर में एक से आठ जनवरी तक चलेगी राष्ट्र कथा महोत्सव




समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** छात्र, समाज और सनातन के उत्थान हेतु राष्ट्र कथा महोत्सव के 9 दिवसीय सांसद कैसरगंज करन भूषण सिंह द्वारा संकल्पित दल वितरण रथ यात्रा आशीष मिश्रा (प्रबंधक) इंफैंट गार्डन डे बोर्डिंग स्कूल गोण्डा जी की अगुवाई मे प्रेम कुमार पाठक (प्रबंधक) जे. पी. मेमोरियल इंटर कॉलेज पोर्टरगंज गोण्डा, अजय पाठक (प्रबंधक) शिवा कम्पटीशन हब गोण्डा, ज्ञान बहादुर सिंह ( ज्ञान स्टेशनर्स गोण्डा) के अथक प्रयास से यह यात्रा विश्नोहरपुर से चल कर नवाबगंज, बलेश्वरगंज, वजीरगंज, डुमरियाडीह, जमुनियाबाग, खोरहसा, दर्जीकुआँ, गोण्डा शरह, बालपुर, चौरी चौराहा, करनैलगंज, बाबागंज, परसपुर, देहरास, छतौनी, बेलसर,आज़ाद नगर, तिवारी पुरवा, हरीपुर, मधनगरा, मुशौली, मोकलपुर, परवनिया, सबलपुर, शंकर पुरवा, टेपरा, भट्ठा परेड, बंगरहवा, माधवपुर, सुभागपुर, गिलौली,बहलोलपुर, पारासराय, इटियाथोक, भावनियापुर, खरगूपुर, नारायणपुर माफ़ी, खरगूपुर थाना, पृथ्वीनाथ, झालीधाम, बेलवाफूलपुर, असिधा, पुरैना, विशेश्वरगंज, घुचुआपुर, कोचवा, मंगल नगर, आर्य नगर, मल्लापुर, मुंडेरवा, खैरा, इमरती विशेन, SCPM हरीपुर से जयनगरा तक विशाल रथ यात्रा करके नवम दिवस पर यात्रा पूर्ण हुई।

## दीवार काट घर में घुसे चोर, 50 हजार नगदी लेकर फरार, जांच शुरु



**बहराइच।** जिले के फखरपुर इलाके में बुबकापुर ग्राम पंचायत में शनिवार देर रात एक ग्रामीण के घर में सेंध लगाकर चोर 50 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। रविवार सुबह परिजनों के जागने पर चोरी का पता चला।

फखरपुर थाना क्षेत्र के बुबकापुर ग्राम पंचायत के मजरा पक्के कुंवा निवासी मोहन अवस्थी अपने परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार रात को भोजन के बाद सभी सो गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे की दीवार काटकर घर में प्रवेश किया। मोहन अवस्थी ने बताया कि चोर घर में रखी पचास हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिजन जागे, तब उन्हें चोरी का पता चला। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित मोहन अवस्थी ने फखरपुर थाने में घटना की तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सर्दियों में स्वास्थ्य पर दें विशेष ध्यान : डॉ. पंकज

समृद्धि न्यूज




**गोंडा।** सर्दियों में हेल्थ पर विशेष ध्यान दें ठंड के मौसम में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है लापरवाही करना जानलेवा भी साबित हो रहे हैं यह बात हिन्द हार्ट इंस्टिट्यूट एवं दुःख निवारण गुरुद्वारा मालवीय नगर में एक निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहीं ।इस शिविर में शहर व आस-पास के क्षेत्रों से आए 85 मरीजों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में उपस्थित लोगों का ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी जांच के साथ-साथ हृदय रोग संबंधी परामर्श वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया।

**हाई बी पी कोलेस्ट्रॉल तनाव**

गलत खान-पान और कम एक्टिव लाइफस्टाइल

ये सभी हार्ट को कमजोर बनाते हैं। इकबाल सिंह खुराना ने कहा हार्ट की समस्या दिन पर दिन युवा प्रभु में तेजी से बढ़ रही है परंतु यदि हम थोड़ी सी सावधानी और नियमित दिनचर्या अपनाएं तो इन बीमारियों से आसानी से बचा जा सकता है। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा ऐसे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है।

अजीत सलूजा ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक किया जा सके और समाज में हृदय रोगों से बचाव का संदेश फैलाया जा सके। इस कैंप को सफल बनाने परसपुर विकास मंच के डॉ अरुण सिंह के बी सिंह, रेडक्रॉस सोसाइटी के मंडल प्रभारी कासिम सिद्दीकी रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष, जसपाल एमएलसी डिग्री कॉलेज की वनस्पति विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन टेक्नीशियन राघवेंद्र द्विवेदी, मो अली, हिन्द हॉस्पिटल हार्ट इंस्टीट्यूट के पी आर ओ पंकज सिन्हा एवं संतोष गुप्ता का अहम योगदान रहा।

# बीजेपी ने आयोजित किया अटल स्मृति सम्मेलन, जिलाध्यक्ष ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन की स्मृतियों को किया साझा

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** जिले के किसान डिग्री कॉलेज के सभागार में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी पदम सेन चौधरी विशिष्ट अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की।

कार्यक्रम का संचालन अभियान समिति राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया, कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित अटल बिहारी वाजपेई के चित्रों पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व जिलाध्यक्ष ने माल्यार्पण करके प्रारंभ किया ।जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने अटल बिहारी वाजपेई के इस 101 जन्म दिवस को पराक्रम एवं शौर्य दिवस के रूप में मनाते हुए अटल बिहारी वाजपेई के जीवन की स्मृतियों को कार्यकर्ताओं से साझा किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पदम सेन चौधरी ने सांसद रहते हुए अटल जी के साथ व्यतीत किए गए समय एवं घटनाक्रम को साझा किया। तथा बहराइच में प्रधानमंत्री रहते हुए अटल बिहारी वाजपेई के आगमन एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद की चर्चा की। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने अटल जी के जीवन व्रत साथ ही प्रधानमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष होने पर किए गए उनके कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक हेमा निगम जिला महामंत्री डॉ जितेंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जिला महामंत्री नन्हे लाल लोधी जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं ने अपने विचार रखने वालों में ब्यूटी सिंह ने सबसे अटल जी की कविता पाठ किया।

शिवम अवस्थी मोहम्मद एनस ने अटल जी की जीवन परिचय अंग्रेजी में दिया डिमाक तिवारी ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन वृत पर अंग्रेजी में भाषण दिया। जेनब ने कविता का वाचन किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा व उनकी समस्त टीम उपस्थित रही कार्यक्रम में सभी मंडलों के सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष बूथ महामंत्री सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी सभी मंडलों के उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | महिलाओं के लिए ब्रांड अरगा, एनआरएलएम रोजगार व डिजिटल साक्षरता को लेकर चर्चा/संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं के लिए रोजगार व डिजिटल साक्षरता को लेकर कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** उपायुक्त स्वतः रोजगार गोण्डा जे.एन. राव ने बताया है कि जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत विकासखंड झंझरी एवं पण्डरीकृपाल की विभिन्न महिला कैडर से जुड़ी महिलाओं के लिए ब्रांड अरगा, एनआरएलएम, रोजगार एवं डिजिटल साक्षरता को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा/संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रोफेसर पूनम कुमारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकास भवन सभागार, गोण्डा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ड्रोन दीदी, बैंक सखी, बीसी सखी, आजीविका/कृषि सखी एवं विद्युत सखी सहित विभिन्न कैडर की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आजीविका के अवसरों को विस्तारित करने तथा तकनीकी एवं डिजिटल क्षमताओं को सुदृढ़ करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक तकनीक, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन, स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसरों से जोड़ना रहा। प्रोफेसर पूनम कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता एवं ब्रांड अरगा, एनआरएलएम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ड्रोन तकनीक, बैंकिंग सेवाओं, कृषि आधारित उद्यमिता, विद्युत सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महिला कैडर की भूमिका को विस्तार से समझाया। साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने, समूह के माध्यम से कार्य करने तथा अपने अनुभवों को साझा कर अन्य महिलाओं को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी महिलाओं ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित समस्याओं, अनुभवों एवं सुझावों को खुलकर साझा किया। अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा भविष्य में प्रशिक्षण, रोजगार सृजन एवं आयवर्धन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को यह भी बताया गया कि किस प्रकार ब्रांड अरगा, एनआरएलएम के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर वे अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें और जिले के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अग्रणी बैंक अधिकारी विनोद कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार उपाध्याय, खण्ड विकास अधिकारी झंझरी, खण्ड विकास अधिकारी पण्डरीकृपाल सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्मार्ट पुलिसिंग के जरिए महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व यातायात में हुआ सुधार

समृद्धि न्यूज




लखनऊ। यूपी की लखनऊ पुलिस ने वर्ष 2025 में मिशन शक्ति और स्मार्ट पुलिसिंग के जरिए महिला सुरक्षा, साइबर नियंत्रण, अपराध रोकथाम व यातायात सुधार में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की। पुलिस ने तकनीक और त्वरित न्याय के समन्वय से संगठित अपराध को कंट्रोल करने में सफल रहे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल हत्या के अपराधों में कमी दर्ज की गई। हत्या जैसे गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए लखनऊ पुलिस ने 525 अभियुक्तों को जेल भेजा। तीन अभियुक्तों को एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा पुलिस की प्रभावी गश्त की वजह से इस साल एक भी डकैती की घटना नहीं हुई।

पुलिस महानिदेशक की ओर प्रदेश में चलाए गए ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट प्रभावी पैरवी कर 829 अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलाने में सफल रही। महिला एवं बालिका संबंधित गंभीर अपराधों में 139 दोषियों को सजा दिलाई गई। एक दोषी को मृत्युदंड की सजा और 46 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैं। 53 मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापनामहिला संबंधी अपराध और उन्हें तत्काल सहायता एवं काउंसलिंग के लिए लखनऊ जिले में प्रत्येक थाने पर 53 मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना की गई है। जिम्मेदार अधिकारियों को 53 विशेष सीयूजी नंबर आवंटित किए गए, जिससे जनसंपर्क सीधे बन सकें। 99 पिंक बूथ स्थापित हुए। महिला बीट प्रभारियों एवं पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं की काउंसलिंग की गई। महिला संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की, जिसका औसत रिस्पांस टाइम मात्र 8 मिनट रहानशा मुक्ति के खिलाफ चलाया अभियानयुवा पीढ़ी को नशे के जाल से बचाने के लिए लखनऊ पुलिस ने नशा मुक्त अभियान चलाया।

### 110 इनामी अपराधी गिरफ्तार

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 110 इनामी अपराधी गिरफ्तार किए हैं। इनमें 55 अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए। इसमें तीन घायल अभियुक्तों की इलाज के दौरान मृत्यु हुई है। 196 पर गैंगस्टर की कार्रवाई, 4.90 करोड़ की संपति कुर्क लखनऊ पुलिस ने गैंगस्टर और माफियाओं की भी कमर तोड़ दी। संगठित गिरोह के जरिए अवैध तरीके से बनायी संपत्तियों को कुर्क किया। इस एक साल के भीतर 41 अभियोगों में 196 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। 16 अभियुक्तों के विरुद्ध 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 4 करोड़ 90 लाख 48 हजार 35 रुपये की अवैध संपति कुर्क की गई है। 2020 से अब तक दो अरब 21 करोड़ 65 लाख 14 हजार 2 सौ 71 रुपये की अवैध संपति कुर्क की जा चुकी है।

### साइबर सेल ने 6,456 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की

पिंक बूथ की टीम ने 53,244 स्थानों पर जाकर 2,96,340 लोगों को जागरूक किया। साइबर सेल ने 6,456 शिकायतों पर कार्रवाई की। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना करते हुए साइबर सेल ने 6,456 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की। इसका निस्तारण दर 90 फीसदी रही। साइबर ठगों द्वारा ठगे गए नागरिकों के लगभग 11.68 करोड़ रुपये रिफंड व फ्रीज कर सुरक्षित किए गए। इतना ही नहीं भविष्य में साइबर अपराध को रोकने के लिए 10 हजार से अधिक संदिग्ध मोबाइल नंबर को ब्लॉक कराया गया है। सोशल मीडिया और डार्क वेब की निरंतर निगरानी के माध्यम से आपत्तिजनक खातों को हटवाया गया और नागरिक को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# बौद्ध सर्किट है उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की दूरगामी नीतियों और निरंतर प्रयासों का सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। राज्य का बौद्ध सर्किट आस्था, विश्वास और वैश्विक पर्यटन का सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है।

पर्यटन विभाग की जनवरी से सितंबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कौशांबी, कपिलवस्तु और संकिसा जैसे छह प्रमुख बौद्ध स्थल न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं, जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिला रहे हैं।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को लेकर लगातार बढ़ती वैश्विक रुचि देखने को मिल रही है। वर्ष 2025 के नौ महीनों जनवरी से सितंबर के दौरान भगवान बुद्ध से जुड़े प्रदेश के छह प्रमुख स्थलों पर कुल 61,15,850 पर्यटकों ने दर्शन किए, जिनमें 58,44,591 घरेलू तथा 2,71,259 विदेशी पर्यटक शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में छात्र की मौत, बेकाबू बाइक डिवाइडर से टकराई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में रोड एक्सीडेंट में छात्र की मौत हो गई। छात्र पेपर देने के लिए घर से निकला था तभी हादसे का शिकार हो गया। हादसे की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। फतेहपुर बाराबंकी निवासी मोहम्मद शाहबाज हुसैन (22) बीए का छात्र था। लखनऊ में साथी फैजान के साथ बसंतकुंज में रहकर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अरबी-फारसी विश्वविद्यालय से मुफ्ती का कोर्स कर रहा था। रविवार की सुबह करीब 8 बजे घर से पेपर देने के लिए निकला था। गऊ घाट के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें शाहबाज हुसैन के सिर में गंभीर चोट आई। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार का कहना है कि घटना की जानकारी पुलिस के जरिए मिली। परिवार सीधे अस्पताल पहुंचा था। जहां शाहबाज मृत अवस्था में मिला। ऐसे में अभी ये साफनहीं हो पा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी या खुद अनियंत्रित होकर लड़ गया। शाहबाज ने हेलमेट लगाया था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेलमेट टूट गया और सिर में गहरी चोट लगी। शाहबाज सात भाई-बहनों में मझला था।

### कैसरबाग बस अड्डे के पास धमाके के साथ लगी आग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कैसरबाग बस स्टैंड के पास स्थित एक गैराज में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग के दौरान लगातार तेज धमाकों की आवाजें आती रहीं। करीब 30 फीट तक ऊंची लपटें उठीं, जिससे आसपास मौजूद लोग सहम गए। सूचना मिलते ही मौके पर वजीरगंज थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची। दमकल की तीन गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की वजह से गैराज में रखा सामान जलकर खाक हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच कर रही है। गैराज में वाहनों की सर्विसिंग होती है। इसके चलते गैराज में मोबिल ऑयल और इंजन ऑयल रखा था। इसके अलावा गाड़ियों से निकला पुराना ऑयल भी रखा था, जिससे आग भड़क गई। तेज लपटों के साथ सामान जलने लगे। गैराज में रखे ऑयल के डिब्बे फटने लगे। इससे धमाके की आवाज आने लगी। लपटें आसपास की दुकानों तक पहुंच गई। आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोग डर गए। आसपास के लोग और दुकानदार भी मौके पर आ गए। सभी ने आग पर काबू पाने में अग्निशमनकर्मियों की मदद की। लोगों ने आग पर पानी फेंका।

### राजा राव राम बक्श सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। 1857 की क्रांति में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अमर शहीद राजा राव राम बक्श सिंह के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हजरतगंज,जीपीओ पार्क स्थित काकोरी स्तंभ पर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच एवं जनसत्ता पार्टी ऑफइंडिया के बैनर तले किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया तथा शहीद को नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि जनपद उन्नाव केवल कलम की नहीं, बल्कि क्रांति की भी धरती रहा है। यह क्षेत्र क्रांतिकारियों का सिरमौर रहा है। प्रताप नारायण मिश्र, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', भगवती शरण वर्मा, बलदेव प्रसाद राजहंस और डॉ. शिव मंगल सिंह सुमन जैसे साहित्यकारों ने अपनी लेखनी से समाज में चेतना और क्रांति की अलख जगाई।

### मृतक आश्रितों को योग्यता के आधार पर मिले नियुक्ति : महासंघ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ ने एक बार फिर सरकार से मृतक आश्रितों को योग्यता के आधार पर नियुक्ति दिए जाने की मांग उठाई है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने कहा कि सरकार का यह निर्णय योग्यता का हनन है। इससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी समाज में भारी रोष व्याप्त हो रहा है। ज्ञात हो कि यूपी मृतक आश्रित सेवा नियमावली में (2025 का 14वां) संशोधन यह कहता है कि अब मृतक आश्रित को उसी समूह यानि ग्रुप सी या डी में नौकरी मिलेगी जिसमें मृत कर्मचारी सेवा करता था, उच्च समूह जैसे ग्रुप ए और बी में नियुक्ति नहीं मिलेगी, भले ही आश्रित की शैक्षिक योग्यता अधिक हो, जिससे योग्यता के आधार पर उच्च पद पर नियुक्ति का पुराना प्रावधान समाप्त हो गया है। इस संशोधन का उद्देश्य प्रक्रिया को स्पष्ट करना और अनियमितताओं को रोकना है, हालांकि कर्मचारी संगठन लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव कार्मिक को पत्र लिखकर इस पर पुनः विचार करने आग्रह किया जा चुका है।

### बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला, निकाला मार्च

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में हिंदू समाज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंका। इसके पहले दारुल सफा से हजरतगंज चौराहे तक मार्च निकाला। मोहम्मद यूनुस के पुतले को जूते-चप्पल की माला पहनाई। पुतले को पैरों से कुचला। बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से बांग्लादेश के नेताओं को सबक सिखाने की मांग की। इस दौरान बांग्लादेशी मुसलमानों भारत छोड़ो के नारे लगाए गए। कार्यकर्ता जमीन पर बैठ गए। वंदे भारत और भारत माता के जयकारे लगाए। योगी जी संघर्ष करो और कमलेश तिवारी अमर रहो के नारे कार्यकर्ता लगाए। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिन्हा ने कहा कि किसी भी देश में यदि हिंदू प्रताड़ित हो रहा है, तो भारत सरकार का नैतिक दायित्व है वह विरोध दर्ज कराए। राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश को आतंकी देश घोषित करवाया जाना आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र से निवेशकों को मिला पर्सनल सपोर्ट

# योगी सरकार का निवेश मॉडल बना उत्तर प्रदेश की पहचान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। वर्ष 2025 के समापन के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश, उद्योग और विदेशी पूंजी आकर्षण के लिए लागू संस्थागत, डिजिटल और नीतिगत उपाय पूरे वर्ष चर्चा में रहे। योगी सरकार के नेतृत्व में इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से निवेश सुविधा और हैंडहोल्डिंग को जिस तरह सशक्त किया गया, जो इस वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल रहा।



निवेशकों को भरोसेमंद वातावरण, स्पष्ट नीति और समयबद्ध सुविधा उपलब्ध कराने पर रहा सरकार का फोकस, राज्य उद्योग और रोजगार सृजन के केंद्र के रूप में उभरता गया यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2025 के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेश प्रोत्साहन को प्रशासनिक प्राथमिकता में रखा। सरकार का फोकस निवेशकों को भरोसेमंद वातावरण, स्पष्ट नीति और समयबद्ध सुविधा उपलब्ध कराने पर रहा, जिससे राज्य उद्योग और रोजगार सृजन के केंद्र के रूप में उभरता गया।

राज्य की समर्पित निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने पूरे वर्ष निवेशकों को परियोजना की अवधारणा से लेकर ग्राउंड इम्प्लीमेंटेशन तक सहायता प्रदान की। निवेशक सुविधा, हैंडहोल्डिंग और समस्या समाधान की एकीकृत व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाया।

निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए निवेश सारथी पोर्टल को प्रभावी रूप से लागू किया गया। इस प्लेटफॉर्म के जरिए एमओयू साइनिंग, निवेश इंटेंट पंजीकरण, शिकायत निस्तारण और परियोजना अनुश्रण एक ही स्थान पर संभव हुआ।

विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी के तहत छह कंट्री डेस्क रूस, जर्मनी-फ्रांस, यूएई -सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया-ताइवान, यूनाइटेड किंगडम सक्रिय रहीं। 2025 में योगी सरकार ने निवेश को नीति से आगे बढ़ाकर एक प्रभावी सिस्टम में बदला। इन्वेस्ट यूपी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, उद्यमी मित्र और वैश्विक आउटरीच के जरिए उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए भरोसेमंद, पारदर्शी और अवसरों से भरपूर राज्य के रूप में स्थापित हुआ।

### सीएम उद्यमी मित्र योजना निवेशकों के लिए बनी मजबूत सहारा

वहीं निवेश मित्र के अंतर्गत ऑनलाइन इंसेंटिव मैनेजमेंट सिस्टम से प्रोत्साहन आवेदन और ट्रैकिंग पूरी तरह डिजिटल हो गई। मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना वर्ष 2025 में निवेशकों के लिए मजबूत सहारा बनी। प्रत्येक निवेशक को समर्पित उद्यमी मित्र उपलब्ध कराया गया, जो विभागीय समन्वय, नीति मार्गदर्शन और स्थानीय स्तर पर समस्या समाधान में सहयोग करता रहा। 2025 के दौरान इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत पांच सेक्टोरल डेस्क वस्त्र एवं परिधान, ऑटोमोबाइल एवं ई-मोबिलिटी, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, जीसीसी सक्रिय रहे।

## किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही डबल इंजन सरकार : शाही

लखनऊ । डबल इंजन मोदी-योगी सरकार किसानों के हर संकट में सारथी बन रही है। फसलों को दैवीय आपदा या अन्य कुछ वजहों से संभावित नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार सदैव तत्पर रही है, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का यही मकसद है। यह योजना किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मटर, सरसो, मसूर, आलू आदि के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है। इसके लिए किसान वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं या 14447 पर कॉल भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से दावों का डीबीटी के माध्यम से समय पर भुगतान भी किया जाता है।

# संगठन को फिर से मजबूत करने व सड़कों पर उतरकर संघर्ष तेज करेगी कांग्रेस

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को फिर से मजबूत करने और सड़कों पर उतरकर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया। पार्टी नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि जहां-जहां योगी सरकार का बुलडोजर चलेगा, वहां कांग्रेस का कार्यकर्ता चट्टान बनकर खड़ा होगा। पार्टी नेताओं ने संगठन को नई धार देने और हर जिले तक कांग्रेस की गूंज पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि 140 साल का इतिहास केवल गौरव की बात नहीं, बल्कि जनता के प्रति बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर दोबारा खड़ा किया जाएगा और संगठन को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। जहां भी योगी सरकार का बुलडोजर निर्दोषों को कुचलने का काम करेगा, वहां कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चट्टान की तरह खड़ा होकर अन्याय का विरोध करेगा। कांग्रेस नेताओं ने योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई को सत्ता का दमन करार देते हुए कहा कि कानून के नाम पर गरीबों और कमजोर वर्गों को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी ने साफकिया कि ऐसे मामलों में कांग्रेस न केवल आवाज उठाएगी, बल्कि पीड़ितों के साथ खड़ी होकर कानूनी और राजनीतिक लड़ाई भी लड़ेगी। नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस का आंदोलन सड़क से लेकर सदन तक और तेज होगा।

### संविदा कर्मियों की छटनी से बिजली कर्मियों में आक्रोश

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करने की कृपा करें जिससे प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों में बड़े पैमाने पर हो रही संविदा कर्मियों की छटनी और रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर हजारों पदों को समाप्त करने का सिलसिला बन्द हो अन्यथा की स्थिति में प्रदेश की बिजली व्यवस्था के पटरी से उतरने का खतरा है। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि रिस्ट्रक्चरिंग के पीछे मुख्य मकसद प्रदेश के कई शहरों की बिजली व्यवस्था को फ्रेंचाइजी को देना है जबकि आगरा में फ्रेंचाइजी का प्रयोग पूरी तरह विफल हो चुका है।

# बुनकरों के बहुरेंगे दिन, किसान सम्मान निधि की तर्ज पर मिल सकती इमदाद, घर-घर शुरु हो गया सर्वे

समृद्धि न्यूज

हस्तकरघा विभाग की टीमें इन दिनों डोर टु डोर सर्वे कर बुनकरों की जानकारी एकत्र कर रही

लखनऊ। योगी सरकार किसान निधि सम्मान की तर्ज पर यूपी में नई योजना शुरू करने की तैयारी है। बुनकरों के दिन बहुरने वाले हैं। घर-घर सर्वे किया जा रहा है। खाता नंबर और आईएफएससी कोड के साथ मोबाइल नंबर लिया जा रहा है, जिनके खाते नहीं हैं, उन्हें खाते खुलवाने के लिए कहा जा रहा है। किसानों को हर तीन महीने पर सम्मान निधि मिलती है। उसी तरह पावरलूम बुनकरों को भी खाते में पैसे देने की तैयारी है।

पूर्वांचल के वाराणसी, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर में बुनकरों की बड़ी आबादी रहती है। इनकी बदहाली को देखते हुए आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए नई योजना की तैयारी शुरू की गई है। किसान सम्मान निधि की तर्ज पर पंजीकृत पावरलूम बुनकरों को हर तिमाही एक निश्चित धनराशि दी जाएगी। राशि सीधे बुनकरों के बैंक खाते में डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजी जाएगी।

हस्तकरघा विभाग की टीमें इन दिनों डोर टु डोर सर्वे कर बुनकरों की जानकारी एकत्र कर रही हैं। सर्वे के दौरान उनसे बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड और मोबाइल नंबर लिए जा रहे हैं ताकि सहायता राशि भेजने में किसी प्रकार की समस्या न हो। शासन की मंशा है कि पंजीकृत बुनकरों को योजना का लाभ मिले, जिससे वे व्यवसाय को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ा सकें। योजना लागू होने के बाद बुनकरों को आर्थिक राहत मिलेगी, पावरलूम उद्योग को नई ऊर्जा और स्थिरता मिलेगी। आजमगढ़ मंडल में सबसे ज्यादा पावरलूम के कनेक्शन हैं। बुनकर बिजली का कनेक्शन लेने के बाद पावरलूम मशीन से साड़ी व कपड़ों की बुनाई करते हैं। सबसे अधिक मऊ में 32 हजार पावरलूम कनेक्शन हैं।

# तीन दिवसीय जनपदीय स्काउट रैली में दिखा बच्चों का उत्साह

प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं ने सीखी विभिन्न गतिविधियां

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कॉलेज में स्काउट जनपदीय रैली की शुरुआत जेडी कानपुर डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा की गई। लगभग 35 विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड के बच्चे इसमें सम्मिलित हुए। विभिन्न स्कूलों के स्काउट के शिक्षक एवं शिक्षिका पूर्ण मनोयोग से स्काउट में प्रतिभा किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कड़ाके की ठंड के बावजूद भी छात्र एवं सभी प्रतिभागियों में अद्भुत स्काउट के प्रति लगाओ एवं उत्साह देखने को मिला। स्काउटिंग से बच्चे एक नई विधा को सिखाते हैं एवं समाज में अपनी उपयोगिता सिद्ध करते हैं। स्काउटिंग एक गैर राजनीतिक अंतरराष्ट्रीय वर्दी धारी विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। छात्र विभिन्न प्रकार के गतिविधियां इसमें सीखते हैं एवं आने वाले कठिन परिस्थिति में एक दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए आतुर दिखता है। बक्शी के तालाब इंटर कॉलेज के शिक्षक डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव एवं विवेक श्रीवास्तव तीन दिवसीय जनपदीय रैली में निर्णायक के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के द्वारा लगाए गए थे। डा0 जितेंद्र कुमार यादव एवं अखिलेश त्रिपाठी प्राथमिक चिकित्सा एवं शारीरिक विज्ञान प्रतियोगिता का बारीकी से निरीक्षण किया एवं बच्चों का परीक्षण किया। डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने सीपीआर के बारे में बच्चों को विधिवत समझाया और इसकी आजकल उपयोगिता बहुत ज्यादा है। सर्दी के मौसम में यह विधि अत्यधिक आवश्यक है कि हर घर में कम से कम एक छात्र सीपीआर के बारे में जाने और औरों को भी इसके बारे में बताएं। इस अवसर पर अटेवा के विजय कुमार बंधु, आरती मिश्रा, जेपी मिश्रा, पूनम संधू, रविंद्र कौर, विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



स्काउट गाइड रैली में मौजूद बच्चे

# नगर आयुक्त ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था का लोगों से लिया फीडबैक

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा विभिन्न जोनों एवं वार्डों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, बैक लेन की साफ-सफाई, नालियों की सफाई, रंगाई-पुताई, वॉल पेंटिंग एवं ब्यूटीफिकेशन कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

इसके साथ ही नगर आयुक्त ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी प्राप्त किया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से नहीं हो रहा है, वहां तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए कूड़ा कलेक्शन बढ़ाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में कूड़ा खुले में या इधर-उधर न फेंका जाए। सभी क्षेत्रों से आरसी बिन हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अब कूड़ा केवल नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों में ही दिया जाए, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने जोन-5 अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह बोर्ड स्थित पटेल नगर एवं आदर्श नगर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रामजीलाल सरदार पटेल वार्ड के अंतर्गत समर विहार एवं चित्रगुप्त नगर मोहल्ले में सफाई व्यवस्था, नालियों की स्थिति और बैक लेन की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा रंगाई-पुताई व ब्यूटीफिकेशन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।


**आत्मनिर्भरता**

### राज्य सरकार के एआईएफ फंड से मिली मजबूती, नेफेड के लिए तैयार करती हैं प्रोडक्ट

# यूपी की बेटियां गल्फ कंट्रीज की मार्केट में जमाएंगी धाक

किसानों को प्रशिक्षण देकर करवाती हैं प्राकृतिक व रसायनमुक्त खेती

समृद्धि न्यूज




लखनऊ। यूपी की बेटियां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और प्रेरणा से आत्मनिर्भर बन रही हैं, अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान बनाने को तैयार हैं।

मिलेट्स आधारित ऑर्गेनिक फूड स्टार्टअप के जरिए यूपी की दो बेटियों ने ऐसा काम कर दिखाया है, जो प्रदेश की नई उद्यमशील शक्ति का प्रतीक बन रहा है। दिल्ली-एनसीआर में मजबूत पकड़ बनाने के बाद इनका लक्ष्य गल्फ कंट्रीज का बाजार है, जहां ऑर्गेनिक, मिलेट्स उत्पादों की धाक जमाने की तैयारी है। किसानों को प्रशिक्षण देकर प्राकृतिक और रसायन-मुक्त खेती करवाई जा रही है।दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद पारंपरिक करियर की राह छोड़कर गांव लौटने वाली शिखा चौहान और सोम्या सिंह ने सामाजिक उद्यमिता का रास्ता चुना। किसानों, ग्रामीण महिलाओं को साथ लेकर ऑर्गेनिक और मिलेट्स आधारित खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में कदम रखा। उनकी यूनिट में 15 से अधिक महिलाएं उत्पादन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग का जिम्मा संभाल रही हैं। शिखा सिंह चौहान दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट, नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी गांधीनगर, गुजरात से फूड टेक्नोलॉजी में पोस्ट-ग्रेजुएट हैं। सोम्या सिंह डीयू से फूड टेक्नोलॉजी में बी.टेक हैं। सोम्या सिंह ने बताया, राज्य सरकार की नीतियों और एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के सहयोग से प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट का विस्तार हुआ। उत्पादन क्षमता बढ़ी महिला-नेतृत्व वाले एग्रीबिजनेस मॉडल को मजबूती मिली। दिल्ली-एनसीआर में ऑर्गेनिक फूड के बाजार में इनका ब्रांड तेजी से उभरा है।सोहा ऑर्गेनिक्स की को-फाउंडर शिखा सिंह चौहान नागली वाजिदपुर सेक्टर 130, गौतमबुद्ध नगर की रहने वाली हैं। उनकी पार्टनर सोम्या सिंह बागपत की निवासी हैं। रासायनिक खाद्य पदार्थों और उनसे होने वाली समस्याओं से लोगों को बचाने के लिए उन्होंने मिलेट्स-ऑर्गेनिक फूड स्टार्टअप की शुरुआत की। यह स्टार्टअप फार्म-टू-फोर्क मॉडल पर काम करता है। छोटे किसानों से सीधे कच्चा माल खरीदा जाता है और उन्हें उचित मूल्य दिया जाता है। बिचौलियों के हटने से सप्लाई चेन पारदर्शी बनी है, उपभोक्ताओं को शुद्ध, रसायन-मुक्त और पोषण से भरपूर उत्पाद मिल रहे हैं। ऑर्गेनिक दालें, मसाले, घी, मिलेट पास्ता, मिलेट नूडल्स, मल्टीग्रेन और सत्तू चीला समेत तमाम तरह के उत्पाद यहां से सीधे मार्केट में जाते हैं।

# देश में सबसे आधुनिक होगा लखनऊ में बनने वाला नगर निगम भवन : सुषमा खर्कवाल

अखिल भारतीय महापौर परिषद का दो दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में अखिल भारतीय महापौर परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रादेशिक महापौर सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया।

सम्मेलन का दूसरा दिन अयोध्या स्थित पंचवटी होटल में आयोजित बैठक के रूप में सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रमुख नगरों से आए लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, झांसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज के महापौरों ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान सभी महापौरों ने अपने-अपने नगर निगमों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों, नवाचारों, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। नगरों के सतत विकास, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा नागरिक सहभागिता जैसे विषय बैठक के केंद्र में रहे। इस अवसर पर लखनऊ नगर निगम की महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद की महासचिव सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि लखनऊ नगर निगम द्वारा प्रदेश का सबसे आधुनिक नगर निगम कार्यालय भवन निर्मित कराया जा रहा है, जो न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के सबसे आधुनिक नगर निगम भवनों में से एक होगा। यह भवन आधुनिक सुविधाओं, ई-गवर्नेंस और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# उद्योगपति, राजनेताओं, व्यापारियों व अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

## उद्योगपति माधव गोपाल के भाई की पत्नी के निधन उपरांत रस्म पगड़ी का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं के आर पल्प कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर माधव गोपाल अग्रवाल के छोटे भाई श्री गोपाल अग्रवाल की धर्मपत्नी कविता अग्रवाल का लंबी बीमारी के चलते 20 दिसंबर दुःखद निधन हो गया था। 28 दिसंबर को बरेली मोड़ स्थित काशी विला में रस्म पगड़ी का आयोजन किया गया। जिसमें राजनेताओं, व्यापारियों और अधिकारियों ने पहुंचकर दिवंगत कविता अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की और शांति पाठ में शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में जिले के उद्योग, व्यापार, राजनीति एवं सामाजिक जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। दिवंगत कविता अग्रवाल एक सुसंस्कृत, सरल स्वभाव एवं पारिवारिक मूल्यों में विश्वास रखने वाली महिला थीं। वे सामाजिक कार्यों में भी रुचि रखती थीं और अपने विनम्र व्यवहार के लिए जानी जाती थीं। वे अपने पीछे दो पुत्र अर्जुन अग्रवाल एवं मदन अग्रवाल को छोड़ गई हैं। इस मौके पर माधव




गोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल सहित परिवार के सभी सदस्य गहरे शोक में डूबे हुए नजर आए। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, सांसद अरुण सागर, विधायक चेतराम एडवोकेट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा केसी मिश्रा, प्रगतिशील कृषक कौशल मिश्रा, वैभव खन्ना, नगर आयुक्त डा. विपिन मिश्रा, सीओ पंकज पंत, पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता, कैम्ब्रिज कान्वेंट के डायरेक्टर विनायक अग्रवाल सहित तमाम व्यापारियों, नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# किसी भी संगठन में एकता के साथ हर एक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता : केशवचंद्र



## अटेवा पेंशन बचाओ मंच का कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अटेवा पेंशन बचाओ मंच का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में देवी प्रसाद इण्टर कॉलेज में कार्यकर्ताओं द्वारा अटेवा के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन, कार्यकारिणी का विस्तार तथा स्थानांतरित होकर आए नए शिक्षकों का स्वागत कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशव चंद्र मिश्रा प्रबंधक देवी प्रसाद इंटर कॉलेज रहे।

ब्लाक मदनापुर कार्यकारिणी के पुनर्गठन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह का मनोनयन किया गया और जिला कार्यकारणी के विस्तार में उमेश बाबू को जिला मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया तथा इसके साथ साथ माध्यमिक विद्यालयों की इकाइयों का गठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केशव चंद्र मिश्रा ने कहा पुरुषार्थ, प्रसाद एवं प्रतीक्षा किसी भी कार्य को पूर्णतः पहुंचने में अमूल-चूल भूमिका अदा करता है।

किसी भी संगठन में एकता के साथ हर एक लक्ष्य बहुत जल्द प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रद्युम्न मिश्रा ने कहा कि अटेवा ही पुरानी पेंशन की लड़ाई को पूरी शिद्दत के साथ लड़ रहा है सभी को इसके सभी कार्यक्रमोंघ् में सम्मिलित होना चाहिए तथा शिक्षक-कर्मचारियों के हित के बारे में सोचना प्रत्येक सरकार का दायित्व है।

जिला उपाध्यक्ष कामद नाथ पाठक ने कहाघ् की पुरानी पेंशन जिस समय समाप्त हो रही थी उस समय पर विपक्ष यदि इसका विरोध करता तो शायद पुरानी पेंशन समाप्त न हुई होती।जिला सलाहकार राजकुमार सिंह ने कहा कि हमारे शिक्षक विधायक सदन में इस संदर्भ में हमारी मांग पुरानी पेंशन को अवश्य उठाएं। जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि अटेवा के संघर्ष के बदौलत यूपीएस जो सरकार ने हम लोगों पर जबरदस्ती थोपी थी वह शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सिरे से नकार दी है यह हमारे संगठन की जीत है और इसी प्रकार हम संघर्ष करते रहे तो एक दिन सरकार पुरानी पेंशन जरूर बहाल करेगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवेश दिवाकर ने अटेवा गीत गाकर सभी को पुरानी पेंशन बहाली हेतु उर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विवेक यदुराज ने किया इस कार्यक्रम में संरक्षक कैप्टन रामकुमार, जिला संयोजिका प्राची आर्या जिला महामंत्री संजीव गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीराज, संगठन मंत्री अमित यादव, जिला कैडर प्रमुख धनपाल सिंह, उमेश बाबू, नरेंद्र कुमार, हयात उल्लाह खान, योगेश कुमार वर्मा, गौरी शंकर वर्मा, पूजा श्रीवास्तव, अखिलेश माथुर, आलोक श्रीवास्तव, माधवी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट से कर्मी की मौत मामले में ठेकेदार व सह ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव जौराघटी छेदा निवासी अर्जुन सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके भाई सूरजपाल को कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी ठेकेदार विनोद कुमार पुत्र जयराम व कटरा के बिल्हेगवा निवासी सह ठेकेदार देवेंद्र कुमार 25 दिसंबर को सुबह बिजली के खम्भे आदि लगवाने का काम कराने के लिये ले गये । और तिलहर क्षेत्र के गांव फतेपुर गैसरा में बिना शटडाउन लिये जान बूझकर लापरवाही पूर्वक उसके भाई को अपनी मौजूदगी में खम्भे पर चढ़ा कर काम शुरू करने को कहा।भाई को बताया कि बिजली घर से शटडाउन ले लिया गया है। जिससे सूरजपाल की करंट लगने से हो गयी। आरोप है कि उसके बाद ठेकेदार विनोद कुमार व देवेंद्र कुमार ने सूचना दिये बिना मोबाइल बन्द कर लिया। सूरजपाल के साथ काम करने वाले मजदूर सुरजीत व नन्हे लाल से सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा।

### बंदर को रेस्क्यू करके पकड़ा गया

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** कटरा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर खिरीआ में लंगूरी बंदर कहीं से आकर घूम रहा था। लंगूरी बंदर के गले में टाइट रस्सी बंधी होने के कारण गर्दन में गहरा जख्म हो गया था। राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ व सामाजिक वनिकीय प्रभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बंदर के गले में बंधी रस्सी को खोलकर प्राथमिक उपचार के बाद गांव में छोड़ दिया है। लंगूरी बंदर की गर्दन में बंधी रस्सी के कारण गहरा जख्म हो गया था। घायल लंगूरी बंदर के जख्म पर मक्खियों के बैठते ही लंगूरी बंदर गांव में आतंक मचा देता था। राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ की मंडल अध्यक्ष निशा गंगवार की सूचना पर गौ सेवक गौतम कश्यप, विशाल सक्सेना व सामाजिक वानिकीय प्रभाग की टीम में वन क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार, डिप्टी रेंजर अमित शर्मा वन दरोगा अजय सिंह यादव ने रेस्क्यू कर घायल लंगूरी बंदर को नशा देकर जाल में बंद कर लिया। लंगूरी बंदर नशे की डोज मिलने के बाद बेहोश हो गया। राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ व सामाजिक वनिकीय प्रभाग की टीम ने लंगूरी बंदर के गले में बंधी रस्सी को काटकर निकाल दिया और घायल बंदर के जख्म पर दवाई लगाकर इंफेक्शन से बचाने के लिए इंजेक्शन लगाया। बेहोश लँगूरी बंदर को होश आने के बाद गांव में ही छोड़ दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार ने बताया है कि कई दिन से घायल बंदर की निगरानी के बाद राष्ट्रीय गौ रक्षा संघ के सहयोग से घायल लंगूरी बंदर की गर्दन से रस्सी खोल दी गई है। लँगूरी बंदर को प्राथमिक उपचार के बाद गांव में ही छोड़ दिया गया है.।

### शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात्रि कटरा जलालाबाद राज्य मार्ग पर ग्राम फीलनगर के सामने घने कोहरे में देशी शराब की दुकान के चोरों ने ताले तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया। शराब की दुकान के सेल्समैन विमलेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि रात दुकान को बंद करके चला गया था। प्रातः दुकान खोलने के आया तो देखा कि दुकान के दोनों ताले टूटे पड़े थे। चोरों ने देशी शराब की दुकान के ताले तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया है। शटर में अंदर से लॉक लगा होने के कारण चोर चोरी नही कर पाए है। विमलेश कुमार ने बताया है कि तीन माह पूर्व भी दुकान के ताले तोड़कर दुकान के रखी दो पेटी शराब एवं नगद दो हजार रुपए चोरी कर लिए गए थे। जिसकी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नही थी और न ही खुलासा किया गया है। सैल्समैन की सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि तहरीर मिली है ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया है। शीघ्र ही चोर को पकड़ कर खुलासा किया जाएगा।

### ठंड में कांपते बेसहारा लोगों और छुट्टा पशुओं को राहत देने लिए अलाव जलवाये जाने की मांग

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** कई दिन से पड़ रही हाड़कंपा देने वाली ठंड में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। गरीब बेसहारा लोगों के साथ पशु पक्षी भी इस भीषण ठंड से बचाव के लिए आश्रय ढूंढ रहे हैं। जिन्हें सिर छिपाने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। मानवता जैसे साधन सम्पन्न लोगों के लिए तिजारत बन गई है। वे खुद तो गर्म कपड़े पहनकर एसी और हीटर का आनंद ले रहे हैं,वहीं गरीब बेसहारा लोगों और छुट्टा पशुओं को दुकानदार और कोठियों वाले अपने बरामदे में भी नहीं टिकने दे रहे हैं। छुट्टा पशुओं का हाल तो सबसे ज्यादा बुरा है। रसूखदारों ने ग्राम सभा की गोचर भूमि पर अवैध कब्जा कर फसलें उगाई जा रहीं हैं। जनप्रतिनिधि गौशालाओं में संरक्षित बेसहारा पशुओं को मिलने वाली सुविधाओं और गरीबों के लिए अलाव और कम्बल के बजट में भी कमीशन खा रहे हैं। ऐसे में ठंड से कांपते गरीब बेसहारा इंसान और पशु आखिर जाएं तो कहां जाएं ? तहसीलों और ग्राम पंचायतों में गरीबों को कम्बल वितरण और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने के लिए भी बजट आता है। किंतु तहसील प्रशासन इस कड़ाके की ठंड में न तो खुद अलाव जलवा रहा है और न ही ग्राम प्रधानों से अलाव जलवाने की व्यवस्था करवा रहा है। बस बजट को हजम करने के लिए कहीं कहीं एक दिन अलाव जलवाकर खानापूर्ति कर दी गई है। नागरिकों ने जिलाधिकारी से ठंड में कांपते गरीब बेसहारा लोगों और छुट्टा पशुओं को राहत देने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नियमित अलाव जलवाये जाने की मांग की है।

### गोआश्रय स्थल दहेलिया में ठंड और भूख से कमजोर गोवंश बीमार, व्यवस्थाएं चौपट

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत दहेलिया के गोआश्रय स्थल में गोवंश को शीत लहर से बचाने के कोई पुख्ता इंतजाम नही हैं। कड़ाके की सर्दी में कमजोर गोवंश को सूखा चारा दिया जा रहा है। जिससे अधिकांश गोवंश मरने के के कगार पर पहुंच गए हैं। पशु चिकित्सकों की टीम ने गोआश्रय स्थल के प्रबंधकों को सभी पशुओं को हरे चारे के साथ ही पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। किंतु गोआश्रय स्थल के प्रबंधकों ने पशु चिकितकों के निर्देशों को नजरंदाज किया जा रहा है। जिससे निराश्रित गोवंश मरने के कगार पर पहुंच गए हैं। पशु चिकित्सा टीम के मुखिया पशुधन प्रसार अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि वे बीते दिवस विभागीय सहयोगियों के साथ गोआश्रय स्थल दहेलिया में बीमार पशुओं की इलाज करने गए थे। तब देखा कि इस कड़ाके की ठंड में गोवंश को ठंड बचाने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। बीमार और कमजोर पशुओं सूखे पुआल और बाजरे की कुट्टी खिलाई जा रही है। उन्होंने गोपालकों को सलाह दी कि ठंड में कमजोर पशुओं को ताजा पानी पिलाए और हरे चारे के साथ पौष्टिक आहार खिलाएं खिलाकर ही इन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि गोआश्रय स्थल के अभिलेखों में 70 गोवंश दर्ज हैं। जबकि मौके पर बहुत कम गोवंश मिले। ''गोआश्रय स्थल दहेलिया में अव्यवस्थाओं की जानकारी मिली है। संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी को गोआश्रय स्थल भेजकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जाएंगी।'' **रवि कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी मिर्जापुर**

### भट्ठा व्यापारी शकील अहमद का इंतकाल



**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के भट्ठा व्यापारी शकील अहमद अंसारी उर्फ ललऊ 55 वर्ष चांद ब्रिक फील्ड निवासी सिंधौली बड़ी जामा मस्जिद का कल देर रात इंतकाल हो गया। जिससे कस्बे के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई कई व्यापारी नेता जनप्रतिनिधि समाज सेवी उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास सिंधौली पहुंचे। उनकी नमाजे जनाजा जोहर की नमाज के बाद हुई लगभग दो बजे सिंधौली कब्रिस्तान में मिट्टी को दफन किया गया जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। पसमांदा मुस्लिम यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी प्रदेश अध्यक्ष राशिद अंसारी राष्ट्रीय सचिव मोनिस अंसारी मोहम्मद शरीफ मंसूरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सपा नेता फिरोज सिंह यादव वैभव मिश्रा जगदीश यादव जती खड़सारी नसीर सलमानी ताज मोहम्मद अंसारी एवं अन्य ने दुआए मगफिरत की दरख्वास्त करते हुए कहा कि शकील भाई एक अच्छे समाज सेवक एवं व्यापारियों के हित में कार्य करने वाले व्यक्ति थे उनके निधन से समाज को गहरी क्षति हुई है।

# ग्राम पंचायत की आय स्रोत बढ़ाने संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उप निदेशक पंचायती राज बरेली के निर्देश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत विकासखंड भावलखेड़ा के सभागार में ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक और सचिव का स्वयं की आय स्रोत के विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में मां सरस्वती के समझ पुष्प अर्पित करके प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रारंभ किया। सत्र के प्रारंभ में सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करके प्रशिक्षण के विषय स्वयं के आय स्रोत क्या है और इसका क्या उद्देश्य है इस विषय पर प्रतिभागियों से वार्तालाप की गई। तत्पश्चात ओएसआर से ग्राम पंचायत को क्या लाभ होगा और ओएसआर का ग्राम पंचायत से क्या महत्व है इस विषय पर गंभीरता से चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार ने बताया कि हमारे देश में संविधान के अनुसार तीन प्रकार की सरकारों को मान्यता दी गई है जिसमें केंद्र सरकार राज्य सरकार और तीसरी स्थानीय सरकार है स्थानीय सरकार में ग्राम पंचायत ही एक ऐसी स्थिति में है जिनकी स्वयं के आय स्रोत मजबूत नहीं है जिसके कारण हमारे देश के गांव आजादी के इतने वर्ष बाद भी पिछड़े हुए हैं यदि हमारी ग्राम पंचायतें अपने आय के साधन स्वयं तैयार कर लेंगे तो हमारे सभी ग्राम पंचायत मजबूत हो जाएंगे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राहुल देव सागर ने बताया कि प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर कौन-कौन से हैं जिन्हें ग्राम पंचायत अपने ग्राम में लागू करके आय के साधन तैयार कर सकती है इस विषय पर खूब चर्चा हुई। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में मास्टर ट्रेनर मुकेश दीक्षित ने कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्राम वासियों को कौन सी योजनाओं और सेवाओं के लाभ पंचायत भवन में ही उपलब्ध कराया जा सकते हैं इस विषय पर चर्चा करके प्रतिभागियों की समझ को विकसित किया गया। भविष्य में आधार सेंटर भी ग्राम पंचायत भवन में उपलब्ध होंगे और उन आधार सेंटरों से कौन-कौन सी सुविधाएं ग्राम पंचायत वासियों को मिलेंगे इस पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंत में मास्टर ट्रेनर अमित गंगवार ने टीएमपी पोर्टल पर प्रतिभागियों का एग्जाम करके प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।

## क्षतिग्रस्त नहर पुलिया में गिरी बाइक, चालक घायल



**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** एक बाइक चालक घायल हो गया। शनिवार को कटरा नगरा सैदापुर संपर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त नहर पुलिया में बाइक गिरने से यह हादसा हुआ। बाइक सवार मढ़िया से कटरा जा रहा था। पुलिया पर घना कोहरा होने के कारण वह क्षतिग्रस्त हिस्से को देख नहीं पाया और उसकी बाइक नहर में गिर गई। एक बाइक चालक घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायल चालक की मदद की। ग्रामीणों ने रस्सी की सहायता से नहर में गिरी बाइक को बाहर निकाला। यह नहर पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त है। पूर्व प्रधान रोहिताश गंगवार ने नहर विभाग के अधिकारियों से इसके निर्माण की मांग की थी। हालांकि, अभी तक पुलिया का मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है।

# पीडब्ल्यूडी की सड़क एक सप्ताह में उखड़ी

## ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जांच की मांग

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज**

क्षेत्र के कुम्हरूआ गांव में लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) द्वारा बनाई गई सड़क एक सप्ताह के भीतर ही उखड़ गई है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बजरी हाथों से उठाई जा सकती है, जो निर्माण कार्य में घटिया गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। सड़क खराब होने से गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों



और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से पूरे प्रकरण की जांच कराने और दोषी अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मानक के अनुरूप सड़क का पुनर्निर्माण कराए जाने की भी गुहार लगाई है।

# एसआरएम टीम ने किया स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक बंडा में एसआएम टीम द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्रों,हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर पहुंच कर स्वास्थ्य सेवाओं, उपकरणों आदि की जानकारी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर की जाती है।इसी क्रम में लखनऊ मंडल की टीम द्वारा ब्लाक बंडा के सीएचसी, पीएचसी, उपकेंद्रों व हेल्थ वेलनेस सेंटरों का दो सदस्यीय टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।टीम में लखनऊ मंडल से लखीमपुर के जिला लेखा प्रबंधक सतपाल सिंह व जिला सीतापुर के जिला लेखा प्रबंधक शिशिर श्रीवास्तव शामिल रहे।टीम द्वारा



पहले दिन सीएचसी व छह आयुष्मान केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। दूसरे दिन सात आयुष्मान मंदिरों का व तीसरे दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व शेष आयुष्मान मंदिरों व स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निरीक्षण किया गया।टीम द्वारा रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का भी निरीक्षण किया गया।टीम के सतपाल सिंह व शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य ईकाईयों का स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं व उपलब्ध उपकरणों, जांचों,साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आनलाइन रिपोर्टिंग की गयी। जिसकी समीक्षा शासन स्तर पर की जायेगी। उन्होंने बताया कि स्थलीय निरीक्षण में लगभग सभी उपकेंद्रों पर उपकरण, दवाईयों की उपलब्धता,साफ सफाई पायी गयी। सभी जगहों पर स्टाफ मौजूद मिला। चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति व और बेहतर बनाने के लिए समय समय पर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की जाती है।

## परशुराम सर्व कल्याण समिति का मनाया गया 17वां स्थापना दिवस



**जलालाबाद,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जलालाबाद परशुरामपुरी में परशुराम सर्व कल्याण समिति का 17वां स्थापना दिवस धूमधाम से सरस्वती शिशु मंदिर मे बनाया गया। जिसमे महंत सत्यदेव पाण्डेय ने भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वही आयोजक समिति ने अपने वार्षिकोत्सव पर गरीब कल्याण की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। जिसके बाद सामूहिक तहरी भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। बता दे कि समिति के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बाबा परशुराम सर्व कल्याण समिति सदैव गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्यरत रहती है। यह समिति का 17वां स्थापना दिवस था। जो भगवान परशुराम की जन्मस्थली परशुरामपुरी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मे संपन्न हुआ। उन्होंने बताया इस वर्ष कर गरीब कन्याओं की विवाह में सहयोग किया गया। साथी समिति द्वारा आधा दर्जन बीमार लोगों को सहयोग किया गया। एवं परशुराम मंदिर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे शोभायात्रा धनुष यज्ञ कार्यक्रम में धनराशि सहयोग के रूप में दी गई। इस अवसर पर परशुराम सर्व कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, प्रबंधक राजीव द्विवेदी, उपाध्यक्ष सर्व दीक्षित, महासचिव अमित सिंह कोषाध्यक्ष रामू मिश्रा, अशोक द्विवेदी, मनमोहन द्विवेदी, गौरव प्रताप राघव, अमित सिंह, गौरी शंकर त्रिवेदी, विनोद राजपूत, अभिषेक मिश्रा उर्फ़ भोला, राजू मिश्रा, हर्षित द्विवेदी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में बढ़ती शीत लहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी की अध्यक्षता में आज तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम बसुलिया और तिउलक में जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में मंत्री जी ने ग्राम प्रधानों के माध्यम से कुल 400 पात्र एवं असहाय व्यक्तियों को कम्बलों का वितरण किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा के लिए पूरी तरह संकल्पित है। प्रशासनिक अधिकारियों की रही उपस्थिति वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप जिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी सुरक्षा एवं व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मुस्तैद रहे।

ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए मंत्री जी एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



## विधायक सलोना कुशवाहन ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** कड़ाके की सर्दी पड़ने पर शासन की ओर से नायब तहसीलदार पूनम मधुकर के सानिध्य में विधायक सलोना कुशवाहा ने दो गांव सभाओं में जरूरतमंदों को करीब डेढ़ सौ कम्बल वितरित किए। रविवार को विधायक सलोना कुशवाहा गांव चितीबोझी पहुंचीं। यहां मौजूद नायब तहसीलदार पूनम मधुकर व क्षेत्रीय लेखपाल प्रवीन कुमार के साथ विधायक श्री मती कुशवाहा ने सरकारी भवन एकत्र हुए जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। इसी क्रम में गांव सभा आजमावाद बिहारी पुर जाकर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। नायब तहसीलदार पूनम मधुकर ने बताया कि दोनों गांवों में जरूरतमंद डेढ़ सौ पुरुष महिलाओं को कम्बल बांटे गए है। भारी ठिठुरन के चलते कम्बल मिलने से लोगों के चेहरे खिल उठे।

# चार साहबजादों की शहीदी यादगार में भंडारे का आयोजन

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहबजादों की शहीदी की याद में गुरुद्वारा साहिब खुटार पर केसर दूध व चने के लंगर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम आयोजक भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार जगवंत सिंह व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और साहबजादों की शहीदी को याद किया।गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगलों के अत्याचार के खिलाफ धर्म और न्याय के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। बड़े साहबजादे (अजीत और जुझार) चमकौर के युद्ध में वीरगति



को प्राप्त हुए, जबकि छोटे साहिबजादों (जोरावर और फतेह) को वज़ीर खान ने इस्लाम कबूल न करने पर दीवार में चुनवा दिया था। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और साहबजादों की शहीदी को याद किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने लंगर और प्रसाद ग्रहण किया और साहबजादों की याद में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्रामीण को ट्रैक्टर से दबाकर मार डालने की धमकी

**जलालाबाद,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव दुमकापुर म0 गुलडिया थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद रविवार दोपहर के 12:00 बजे बताया रविवार को दिन समय करीब 11 बजे दिन के स्वाराज टैक्टर निखिल पुत्र गुडडू नि0 दुमकापुर ने टेक्टर से पालतू कुत्ता के ऊपर चढ़ा दिया.उसके मना करने पर धमकी दी तथा कहा कि किसी समय भी टैक्टर से दबा कर जान से मार देगे। आरोपी दबंग व्यक्ति हैं जिनसे उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने का खतरा बना हुआ है। वहीं पुलिस को दूसरे पक्ष के निखिल ने भी उसके कुत्ते को मारने पीटने का आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस दोनों पक्षो की तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच कर रही है।

# नई मजार बनाने की शिकायत पर पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

## गूगल पर मज़ार के पुराने फोटो दिखवाए जाने पर मामला हुआ शांत

**तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर की आवादी में एक सड़क किनारे नई मजार बनाए जाने की शिकायत के चलते पुलिस ने मौके पर जाकर पड़ताल की । जिसमें पुरानी मजार का रंग रोगन किए जाने की पुष्टि हुई ने पर एक बड़ा बबल होने से ताल गया। गौर तलब है कि नगर में मौजमपुर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर अस्पताल रोड पर स्थित



एक पुरानी मजार के पश्चिम में एक नई मजार बना लिए जाने की शिकायत के चलते पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लिया।

प्रभारी कोतवाल सुनील यादव पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल की। इस दौरान भारी भीड़ एकत्र हो गई। इस बाबत मजार से ताल्लुक रखने वाले एक शख्स ने उक्त शिकायत के मामले में गूगल पर मजार के पुराने फोटो दिखाए और बताया कि मजार में कोई तब्दीली न करके सिर्फ रंग रोगन किया गया है। तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली और एक बड़ा बबाल होने से टल गया।

# पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित होगा निस्तारण : एसपी

- एसपी की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर्स गोष्ठी आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस पेंशनर्स गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन स्थित पुलिस सभागार में पुलिस पेंशनर्स त्रैमासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा की गई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहित पुलिस पेंशनर्स संघ के पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारम्भ पेंशनर्स के अनुभवों व समस्याओं के संक्षिप्त विवरण के साथ हुआ। गोष्ठी में उपस्थित पेंशनर्स द्वारा विभिन्न समस्याओं के संबंध में अपने विचार रखे गए। पेंशनर्श के टीए, डीए के अनुदान की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर शीघ्र निस्तारण कराना, पुलिस पेंशनर्स गोष्ठी के आयोजन के सम्बन्ध में थाना स्तर से दिनांक की सूचना देना, पुलिस पेंशनर्स गोष्ठी का मीडिया में प्रचार प्रसार करना जिससे अधिक से अधिक पेंशनर्श को संगठन की जानकारी हो तथा मुख्य रूप से चिकित्सीय व्यय प्रतिपूर्ति प्रकरणों के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में लंबे समय तक लंबित रहने की समस्या पर चर्चा हुई। इस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वस्त किया गया कि वह व्यक्तिगत रूप से मुख्य चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर इन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं समाधान हेतु प्रभावी कार्यवाही कराएंगे। बैठक के अंत में पुलिस पेंशनर्स को विश्वास दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का त्वरित व प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

पेंशनर्स ने भी पुलिस विभाग द्वारा की जा रही इस पहल की सराहना की और विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी के अंत में सोनपाल हे.का. सेवानिवृत्त निवासी ग्राम मगटौरा के आकस्मिक एवं दुखद निधन पर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं पेंशनर्स द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

# मजार को मस्जिद में तब्दील करने का प्रयास, पुलिस ने अवैध निर्माण को हटवाया

- गांव मरेना में एक वर्ष से चल रहा दो समुदायों के बीच विवाद
- हिन्दू सगठनों ने मजार हटा लेने की दी थी चेतावनी, दोनों समुदायों की सहमति से पूर्व स्वरूप में बनी रहेगी मजार

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक वर्ष पूर्व मजार की जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू किया। जिसका हिन्दू संगठनों ने विरोध किया तो प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। उसके बाद गुरुवार को दोबारा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी पुलिस को हुई तो आनन फानन मौके पर पहुँचकर कार्य बंद करा दिया। बाद में हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश आ के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी को जानकारी हुई तो वहाँ सेकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुँचे। विवाद बढ़ता देख मौके पर सीओ, एसडीएम व तीन थानों की पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। मामला शांत होने पर राजेश अवस्थी ने कहा कि तीन दिन में दीवारें तोड़ दे अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। पिछले वर्ष मुस्लिम समाज के लोगो ने हिन्दू समाज की जगह पर जबरन मस्जिद की दीवार उठाकर उस पर लिंटर डाल दिया।जब छत्तरपाल श्रीवास्तव ने इसका विरोध किया तो निर्माण कार्य पुलिस द्वारा बंद करा दिया गया। जिसके बाद लगभग एक वर्ष बाद फिर से लिंटर खोलने व निर्माण कार्य की योजना बनाने लगे। जब जानकरी छत्तर पाल श्रीवास्तव को हुई तो उसने विश्व हिन्दू परिषद के लोगो को सूचना दी। जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने पुलिस को सूचना देकर हिंदू मुस्लिम विवाद होने की आंशका को लेकर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा लगवाये। जिसके चलते किसी भी प्रकार की घटना को रोका जा सके। लेकिन शुक्रवार की सुबह हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश आ के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी मौके पर पहुँचे । उनके पहुँचने के बाद एसडीएम चित्रा निर्बाल, सीओ प्रवीण मालिक, पुवायां कोतवाल रवि करन सिंह मौके पर पहुँचकर गए। विवाद बढ़ता देख सीओ ने बण्डा, सिंधौली पुलिस को सूचना देकर घटना स्थल पर बुला लिया। उसके बाद दोनों पक्षों को शांत किया। बाद में हिन्दू युवा संगठन के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी ने चेतावनी दी कि तीन दिन में मजार तोड़वाई जाए अन्यथा मंगलवार को इसी जगह पर सुंदरकांड पाठ करके उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वही रविवार को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता गांव पहुंचे और मजार को हटाने की जिद पर अड़ गए। जिसकी सूचना मिलते ही सीओ, कोतवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद दोनों समुदायों की सहमति से मजार के चारों ओर किए गए अवैध निर्माण को तुड़वा दिया गया और मजार को उसके पूर्व के स्वरूप में कर दिया गया।

### मजार के स्थान पर की जाती थी हिंदू विवाह की रस्म

ग्रामीणों के अनुसार लगभग 10 वर्ष पूर्व मुस्लिम समाज द्वारा मजार बनाई गई। जिसे मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद में तब्दील करना चाहते थे। जिसके चलते मजार पर निर्माण कार्य भी कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर मजार बनी है उस स्थान पर पहले हिंदू विवाह की रस्म अदा की जाती थी। गांव में जब किसी हिंदू का विवाह होता था तो इसी स्थान पर विवाह में होने वाली तेल पूजाई की रस्म की जाती थी। जब से मजार बना दी गई तब से हिंदू विवाह की रस्म को दूसरे स्थान पर किया जाने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते मजार के अवैध निर्माण को तोड़कर हटा दिया गया नहीं तो मस्जिद का निर्माण कर दिया जाता। सीओ प्रवीण मलिक ने बताया कि दोनों समुदायों की सहमति से मजार के पास किए गए अवैध निर्माण को हटवा दिया गया है। मजार जिस स्थिति में थी उसी स्थिति में बनी रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### आने वाले समय में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा : जिलाध्यक्ष



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर राजीव भवन टाउनहॉल पर ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रहे, भाजपा नेता आंख खोलकर देख ले कि आज कांग्रेस के 140 वर्ष पूरे हुए भले ही आज जनता ने भाजपा को मौका दिया है। लेकिन सरकार कांग्रेस ने भी चलाई है जनता फिर कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रही आने वाले समय में भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी नीतियों और रीतियों के जानी जाती है कांग्रेस ने हमेशा जनहित और देशहित में कार्य किया लेकिन सत्ता सरकार में रहकर कभी भी विपक्षी दलों के खिलाफ कभी भी बदले की भावना से कार्य नहीं किया लेकिन मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार आज विपक्ष के नेता खासकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ कुचक्र रचती रही है, लेकिन उनको समय आने पर मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से धर्मेंद्र दीक्षित, अनूप वर्मा, कृष्ण विनोद मिश्रा, दिनेश कुमार, अनिल श्रीवास्तव, फुरकान अहमद कुरैशी, रामजी अवस्थी अदीब अहमद, अफजाल खान, संजय सक्सेना, सैय्यद रहमान, सुशील प्रकाश शर्मा, सईद अंसारी महेंद्र त्रिपाठी, नीरज अवस्थी, शकील अहमद, गुलज़ार अंसारी, प्रत्यूष मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जामो के अंतर्गत सिद्ध पीठ मां विंध्यवासिनी धाम गोगमऊ में सत चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम से प्रारंभ हुई। कलश यात्रा कथा व्यास आचार्य औचित्यानंद जी महाराज के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण डीजे के धुन पर नाचते,अबीर गुलाल उड़ाते हुए जय घोष के साथ गोगमऊ से भटगवा सगरा आश्रम तक गये। इस सतचंडी महायज्ञ की कथा 28 दिसंबर से 3 जनवरी 26 तक शाम 2 बजे से 5 बजे तक चलेगी। इस महायज्ञ के समापन के पश्चात महाप्रसाद 4 जनवरी को अपराहन 3 बजे से प्रारंभ होगा। कलश यात्रा ग्राम प्रधान डॉ अनिल मिश्रा, शारदा प्रसाद तिवारी, कप्तान मिश्रा, सुरेश मिश्रा आदि संभ्रांत लोगों की उपस्थिति में श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा संपन्न हुई। भारत न्यूज़ समाचार चैनल से ओम नारायण मिश्रा भी साथ रहे।

### चोरों ने नकदी व गहनों पर किया हाथ साफ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव महसों मजरे अन्तीपुर में चोरों ने शम्भू नाथ शुक्ल के घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर घर में रखे लगभग 1 लाख 45 हजार नकदी सहित करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं से दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### सहुरापुर मार्ग निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

**पौथिया हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** लंबे समय से जर्जर सहुरापुर लिंक मार्ग के दिन बहुरेंगे। रविवार को सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद आदि ने सड़क निर्माण को लेकर भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। राठ स्टेट हाईवे पर सिकरी श्रमदान चौराहे से सहुरापुर गांव को जाने वाली करीब तीन किमी सड़क कई वर्षों से जर्जर है। भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। इस मामले में सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति के अथक प्रयासों के चलते शासन ने चार करोड़ की धनराशि आरसीसी सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत की है। रविवार को सदर विधायक ने सड़क निर्माण को लेकर भूमिपूजन किया। ग्रामीण रामबिहारी सिंह, चुन्नू, अजय, लाखन सिंह, श्यामबाबू, रामबाबू निषाद, कक्कू सिंह, रामबहादुर सिंह आदि ग्रामीणों ने सदर विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया सहुरापुर खदान चलने से सड़क जर्जर होती रहती है। अब आरसीसी सड़क बनने से काफी निजात मिलेगी।

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की दबकर मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र के बिरखेरा गांव में निजी नलकूप से गांव लौट रहे किसान की ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। बिरखेरा गांव निवासी रामनारायण यादव ने बताया कि उसका पुत्र अवधेश यादव (32) खेतों में काम करने के बाद रात करीब 8-30 बजे अपने निजी नलकूप से ट्रैक्टर लेकर गांव आ रहा था। तभी कोहरे के चलते करोड़न नाला की ढाल में ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। काफी देर तक गांव न पहुंचने पर परिजन खेतों की ओर गए तो अवधेश ट्रैक्टर के नीचे दबा हुआ था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी मिथलेश, पुत्र रीशू (10)और नीशु (6)को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक भाइयों में बड़ा था।

# बहगुल नदी पर 73 लाख के पैंटून पुल का भूमि पूजन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज**



जलालाबाद क्षेत्र में बहगुल नदी पर 73 लाख रुपये की लागत से पैंटून पुल का निर्माण किया जाएगा रविवार शाम 4 बजे गांव नौसारा मोहनपुर के निकट इस पुल के लिए विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने भूमि पूजन किया। इस पुल के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक हरि प्रकाश वर्मा का भव्य स्वागत किया। भूमि पूजन के बाद कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सभा को संबोधित करते हुए विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि उन्हें नदियों वाला क्षेत्र विरासत में मिला है, जिसके कारण लोगों को तहसील और ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद से उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाई है। अब तक कई सड़कें और सात से अधिक बड़े पुलों का निर्माण कराया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में चार नए पैंटून पुल भी बनाए जा रहे हैं, जिससे जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर देवनारायण पीठ के अध्यक्ष व पीठाधीश्वर स्वामी सत्यदेव महाराज जी ने सभी का आभार व्यक्त किया व बालिका शिक्षा पर आगे बढ़ने को कहा तथा पुल निर्माण को करने के लिए विधायक जी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर दिनेश एडवोकेट प्रदीप बहरिया गोपाल वर्मा डॉ सुनील गुर्जर संदीप सिंह राजीव गुर्जर नरसिंह प्रधान अगर वीर प्रधान समैचीपुर और बोहर्न प्रधान डुही जदीद गुड्डु प्रधान दियुरा और विजय वीर पूर्वप्रधान डॉ सुनील गुर्जर प्रदीप सिंह अध्यक्ष युवा हिंदू वाहिनी दिनेश एडवोकेट विनोद अग्निहोत्री मंडल अध्यक्ष वीरन पाठक जितेंद्र प्रताप सिंह शिव कुमार पाण्डेय प्रशांत वर्मा आदि सहित अनेकों क्षेत्रीय ग्रामीण व्यक्तियों ने भाग लिया।

### बाघ का आतंक : गोवंश को बनाया शिकार, वन विभाग कर रहा खानापूर्ति



**खुटार,शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** खुटार के प्रतापपुर के बाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूजहां खुर्द में बाघ का आतंक एक बार फिर सामने आया है। गांव के पास गन्ने के खेत में बाघ ने एक गौवंश पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी।सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने बाघ के पंजों के निशान और अन्य साक्ष्य जुटाए। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है और खेतों की ओर अकेले न जाने की सलाह दी है। साथ ही क्षेत्र में कॉम्बिंग अभियान शुरू कर दिया गया है, ताकि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। लगातार हो रही वन्यजीव घटनाओं से ग्रामीणों में भय बना हुआ है और उन्होंने वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। अभी तक वन कर्मियों के द्वारा बताया जा रहा था कि तेंदुआ है लेकिन आज वन विभाग के कर्मचारियों ने गहरी आशंका जताते हुए बताया है कि इस प्रकार गो वंशीय पशु का शिकार बाघ ही कर सकता है व बाघ होने की आशंका जताई है।



### विधायक चेतराम ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** भाजपा विधायक चेतराम ने अपने पुत्र अनुज कुमार के साथ करीब 8-10 ग्रामां के लोगों को कंबल वितरित किए है। विकास खण्ड बण्डा के ग्राम सबली सोसाइटी पर भाजपा विधायक चेतराम ने सुपुत्र अनुज कुमार के साथ भीषण ठंड को देखते हुए क्षेत्र के ग्राम बनगवां, सबली, मुड़िया कुर्मीयात, खजुरिया, बसंतापुर, विक्रमपुर, जलालपुर सहित करीब 8-10 ग्रामो के जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया। जिसे पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। विधायक चेतराम ने कहा सर्दी गर्मी या हो बरसात जनता के हर सुख दु:ख में हमेशा शामिल रहते हैं। इस मौके पर साथ में व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहन मित्तल, अनिल कटियार, विनय कटियार, रामसेवक, संजीव मिश्रा, गगनदीप, प्रधान रामभजन वर्मा, प्रकाश चंद्र वर्मा, आदर्श कुमार, हृदेश पाण्डेय, प्रधान नेतराम वर्मा, सर्वजीत वर्मा, प्रधान अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुवायां मंडी में छुट्टी के दिन 300 कुंटल धान की तौल

- ठेकेदार पर केंद्र संचालन के आरोप, जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुवायां मंडी समिति में लगे धान खरीद केंद्रों पर नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। आरोप है कि नबावपुर गंगा किसान समिति का केंद्र ठेकेदार द्वारा अपने स्तर से संचालित किया जा रहा है और छुट्टी के दिन भी 300 कुंटल की तौल करा दी गई। इस प्रकरण से जुड़ा एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है, जिससे मंडी प्रशासन और जिला स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।




जानकारी के अनुसार पुवायां क्षेत्र की नबावपुर गंगा किसान समिति का धान खरीद केंद्र पुवायां मंडी परिसर में स्थापित है। समिति सचिव के मुताबिक केंद्र का संचालन ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि केंद्र प्रभारी की अनुपस्थिति में ठेकेदार ने अवकाश के दिन नियमों को दरकिनार कर 300 कुंटल की तौल करवा दी, जबकि छुट्टी के दिन खरीद प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए। मामले को लेकर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि एक केंद्र पर छुट्टी के दिन 300 कुंटल की तौल की गई, तो मंडी में अन्य केंद्रों पर कितनी खरीद इसी तरह से की गई होगी। इससे जिला के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आ गई है। आरोप है कि शासन स्तर से कड़ी कार्रवाई के निर्देश होने के बावजूद आदेश कागजों तक ही सीमित रह जाते हैं और जमीनी स्तर पर ठेकेदारों का दबदबा बना हुआ है। वहीं नवापुर गंगा किसान समिति के सचिव एवं केंद्र प्रभारी प्रमोद तिवारी का कहना है कि केंद्र का संचालन ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है और संबंधित दिन 300 कुंटल की तौल उन्हीं के द्वारा कराई गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें उनकी कोई गलती नहीं है। अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है या फिर मामला औपचारिकता तक ही सीमित रह जाएगा।

### हिंदू नेताओं ने बंग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** रविवार को मैन चौराहा गोगेपुर आरएसएस के नेतृत्व में सैकड़ो रक्षों ने बांग्ला के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका निर्दोष दीपू चंद्र दास के निर्मम हत्या की गई उसका सब भी अपमान किया गया प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की उन्होंने कहा कि भारत सरकार के अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए ताकि वह पीड़ित हिंदू समुदाय की जान माल की सुरक्षा हो सके आरएसएस के सनी गुप्ता सुमित गुप्ता संजू गुप्ता निखिल गुप्ता विपिन गुप्ता होशियार हसीन मियां अजीम खान बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच कराएं दीपू चंद्र दास की हत्या की घटना पर दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा धार्मिक मानवीय सहायता एवं मानवाधिकार की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।

# रोजा जक्शन आएं, तो कंबल-रजाई साथ लेकर आएं

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन प्लेटफार्म पर भीषण सर्दी के मौसम में यदि आपको कहीं सफर करना है, ट्रेन पकड़ने के लिए रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन जाना है तो आप कंबल अथवा रजाई साथ में लेकर जाएं। यहां बताते चले रोजा जंक्शन का काफी दूर बना हुआ है। वहां से 6 नंबर आने में काफी टाइम लगता है तब तक ट्रेन छूट जाएगी। प्लेटफार्म पर जो दो प्लेटफार्म पर एक टीम सेट बनाया गया है वह बीचो बीच में बना हुआ है। जहां पर प्रथम श्रेणी और एयर कंडीशन को जाकर रुकते हैं। प्रत्येक ट्रेन में सामान्य श्रेणी के कोच यदि आगे लगे होते हैं या फिर पीछे लगे होते हैं। यात्रियों के बैठने के लिए ना आगे कोई सुविधा है ना पीछे कोई सुविधा है। खुले आसमान में बैठकर ट्रेन का इंतजार करते हैं।

**खुले में ट्रेन का करना पड़ता है इंतजार, नहीं होता अनाउंसमेंट**

कोहरे में ट्रेन भी काफी देर से आती हैं और तो और रोजा जंक्शन प्लेटफार्म पर ट्रेन आने का अनाउंसमेंट भी नहीं होता है। जब लाइट होती है तब अलॉटमेंट होता है और जब लाइट नहीं होती है। तब अलॉटमेंट नहीं होता है इस संबंध में संबंधित अधिकारी थे जब जानकारी ली तो बताया गया की स्टेशन मास्टर कार्यालय में इनवर्टर और बैटरी नहीं है। इसलिए अलॉटमेंट नहीं होता है जब लाइट होती है। तब अनाउंसमेंट होता है ऐसे में यात्रियों की ट्रेन छूटने का चांस लगा रहता है। वहीं दूसरी ओर शौचालय भी तीन नंबर और चार नंबर पर बना हुआ है। एक नंबर और दो नंबर पर कोई शौचालय नहीं बना हुआ है। 5 नंबर 6 नंबर पर भी कोई शौचालय नहीं बना हुआ है। यह किसी को शौचालय जाना हो तो तीन नंबर और चार नंबर पर जाना होता है। यह किसी विकलांग को शौचालय जाना हो तो पहले शौचालय का ताला खुलवाने पड़ेगा। उसके बाद शौचालय जाना पड़ेगा विकलांग शौचालय में ताला लगा रहता है।

# ठंड ने तोड़ा पांच साल का रिकॉर्ड



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

### स्कूलों में 30 तक किया अवकाश घोषित

जनपद में पड़ रही भीषण के दृष्टिगत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भी सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों में 29-30 दिसंबर को अवकाश घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही स्कूलों में शिक्षकों, सहयोगी स्टॉफ विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय के कार्यों को सम्पादित करना सुनिश्चित करेंगें।इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

जनपद रविवार को पूरे दिन कोहरा की चादर ओढ़े नजर आया। ओस की बूंदों की वजह से गलन बढ़ गई। ऐसे में जगह-जगह लोग आग के सामने अलाव तापते नजर आए।

बाहरी क्षेत्रों में कोहरे का असर ज्यादा है। यहां विजिबिलिटी काफी कम होने से ट्रेनों की रफ्तार थमी और क ई गाड़ियां स्टेशन पर विलंब से पहुंची। वही हाईवे और एक्सप्रेसवे पर वाहन काफी धीमे डिपर के सहारे रेंगते दिखे। मौसम वैज्ञानिक डा.मनमोहन सिंह के मुताबिक पिछले 5 सालों में इस साल रविवार का दिन सबसे ठंडे दिन में तापमान कम होने में दर्ज किया गया है। वर्ष 2020 में 28 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रहा था, जोकि वर्ष 2025 में एक समान दर्ज किया गया है। सोमवार को जनपद का अधिकतम तापमान 12.6 व न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज रहा। हवा की रफ्तार 10-15 किमी प्रति घंटा रही।

बात अगर कोहरे की करें तो अभी एक दो दिन कोहरा और छाया रहेगा। जब तक बूंदाबांदी नही हो जाती है, तब तक कोहरा ऐसा ही बने रहने की संभावना मौसम विभाग जता रहा है।

# भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री के 129वें मन की बात कार्यक्रम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 129 वें मन की बात का कार्यक्रम को सुना गया।इस दौरान प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति जिला पदाधिकारी एवं मंडल के अध्यक्ष तथा बूथ के अध्यक्ष अपनी अपनी चिन्हित स्थानों पर कार्यक्रम को सुना। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने भी कार्यक्रम को सुना आज इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता गौ सेवा आयोग के सदस्य ,राजेश सिंह सेंगर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, कानपुर बुन्देलखण्ड पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री गणेश यादव, निवर्तमान डिस्ट्रिक कॉपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता डीसीडीएफ के चेयरमैन जितेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष नीलम बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष राधा चौरसिया, कृष्णा निषाद, नगर उपाध्यक्ष जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, दुर्गेश ओमर, नगर उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, नगर महामंत्री रवि सन्याल नगर मंत्री सीमा वर्मा नगर मंत्री रचना शुक्ला पूर्व नगर महामंत्री कुलदीप श्रीवास सहित पार्टी के पदाधिकारीगण उपस्थित होकर मन की बात कार्यक्रम को सुना।


# कार्यालय ग्रा.पं. जिन्दपुरा वि.खं. निगोही-शाहजहांपुर

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों/ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड निगोही शाहजहांपुर वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जिन्दपुरा में इण्टरलॉक रोड व एम.डी.एम रोड निर्माण कार्य को कराये जाने हेतु कार्यस्थल पर निम्न सामग्री सीमेन्ट, महीन रेता का मौरंग, बजरी, ईंट की रोड़ी,ईंट अव्वल सरिया टीन शीट लोहे की कैंची इस इण्टरलॉक टाइल्स आदि की आवश्यकता है।

सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत के कार्यालय पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्राप्त की जा सकती है। मोहरबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर रखे टेण्डर बाक्स पर इस निविदा के प्रकाशन के बाद तीन दिवस के अन्दर तक डाली जा सकती है जो उसी दिन 3:00 बजे सम्बन्धित प्रधान/सचिव द्वारा अधिकृत फर्मों/ विक्रेताओं के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय जिन्दपुरा में एमडीएम शेड का निर्माण कार्य | 3.99 लाख |
| 2. | ग्राम जिन्दपुरा में तौले के मकान से बसरूद्दीन के मकान तक इंटरलाकिंग का कार्य | 3.98 लाख |

**शमीम बानो**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. जिन्दपुरा,वि.ख. निगोही, शाहजहांपुर**


**अनिल कुमार**
**सचिव**
**ग्रा.पं. जिन्दपुरा,वि.ख. निगोही, शाहजहांपुर**

## दिलचस्प चीजों के पीछे भागते लोग

लोग वही करने को राजी होते हैं, जो उन्हें दिलचस्प लगता है
दिसंबर की कड़ाके की ठंड में अगर दो लोग फुटपाथ पर खड़े होकर कहें कि क्या आप अपनी नाक में रूई का फाहा डालेंगे, तो क्या साइंस की खातिर आप ऐसा करेंगे? शायद हां, या शायद नहीं। लेकिन अगर वे हर फाहे के बदले आपको 50 रुपए दें, तब क्या आप करेंगे? बहुत संभव है, हां। और तब आप घर पहुंचकर यह दावा भी कर सकते हैं कि मैं विज्ञान के लिए ठंड में खड़ा रहा। इस महीने अमेरिका के बोस्टन में दो लोगों ने राहगीरों से यही करने को कहा। इसके लिए उन्होंने न सिर्फउ न्हें दो डॉलर का भुगतान किया, बल्कि ऐसा करने का यह ठोस कारण भी बताया कि वे अगली बड़ी महामारी की जल्दी पहचान में योगदान देने जा रहे हैं। शुरुआत में बहुत कम लोग इसके लिए राजी हुए, लेकिन शाम ढलते-ढलते उनकी संख्या सैकड़ों में पहुंच गई। हर स्वैब के साथ साइमन ग्रिम यह समझने के अपने लक्ष्य के और करीब पहुंचते चले गए कि आबादी में कौन-से रोगाणु घूम रहे हैं। वे सिक्योरबायो में तकनीकी कार्यक्रम प्रबंधक हैं और वैज्ञानिकों की उस टीम का हिस्सा हैं, जो बीमारियों के प्रसार पर नजर रखने के नए तरीके विकसित कर रही है। पिछले 6 महीने से चल रही इस मुहिम में उनकी टीम ने 20,000 डॉलर खर्च करके 10,000 सैम्पल्स एकत्र कर लिए हैं। कोविड की तरह दूसरे रोगाणु भी हवा के जरिए फैलते हैं। वैज्ञानिकों को पता था कि अगर कोई व्यक्ति संक्रमित न हो, तब भी वायरस अकसर उसकी नाक के भीतर बने रहते हैं। पर्याप्त लोगों की जांच करने के बाद ग्रिम और उनकी टीम को यकीन हो गया कि वे स्थानीय आबादी में वायरसों के प्रसार के बारे में ठीक से जानकारियां जुटा सकेंगे। कड़ाके की ठंड के बावजूद कई लोगों ने इस प्रयोग के लिए हां कहा, और महज 2 डॉलर के लिए ही नहीं। डोनर्स के अलग-अलग कारण थे। कुछ ने कहा, मैंने यह कीटाणुओं के फैलाव को रोकने के लिए किया कुछ अन्य ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हम सभी सुरक्षित रहें वहीं युवा छात्रों का कहना था, हम टीके तैयार करने में मदद करके लोगों की रक्षा करना चाहते हैं। सभी सैम्पल्स स्वेच्छा से और गुमनाम रूप से दिए गए। इसके बाद सैम्पल्स को एक प्रयोगशाला में ले जाया गया, जहां जीन-सीक्वेंसिंग मशीनों ने इन्फ्लुएंजा, पोलियो, कोविड सहित कई संक्रामक वायरसों में पाए जाने वाले जेनेटिक मटैरियल्स की पहचान की। इसके बाद वे ऐसे वायरसों की भी पहचान करेंगे, जो ज्ञात रोगाणुओं के समान नहीं हैं, लेकिन जेनेटिक रूप से उनके इतने निकट जरूर हैं कि उनकी गहन निगरानी की आवश्यकता है। यदि ऐसे नए वायरस स्वैब परीक्षणों में बार-बार सामने आने लगें, तो यह इस बात का स्पष्ट संकेत होगा कि वे आबादी में फैल रहे हैं। यदि यह पद्धति प्रभावी सिद्ध होती है, तो यह भविष्य की महामारियों के लिए एक राष्ट्रीय प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली का हिस्सा बन सकती है। इस सप्ताह मुझे इस गतिविधि की तब याद आई, जब गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मीडिया से कहा कि उनकी सरकार एक्यूआई को सुधारने, सार्वजनिक परिवहन को सुचारु बनाने और अंतरराष्ट्रीय मानकों की खेल सुविधाएं विकसित करने को प्राथमिकता देगी, ताकि 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की अच्छे से मेजबानी की जा सके।

# उत्सव आमार जाति, आनंद आमार गोत्र

**हृदयनारायण दीक्षित**




**ब्रह्मचर्या में बड़ी शक्ति है। कहते हैं ब्रह्मचारी ही आचार्य बनता है। शासक भी इसी तप से राष्ट्र की रक्षा करते है-ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति। (वही मन्त्र 16-17) आंतरिक अनुभूति से मनुष्य ब्रह्मविद् हो जाता। ब्रह्मविद् ब्रह्म हो जाते हैं। उत्तरवैदिक काल के बाद धारणा बनी कि जन्म से सब सामान्य होते हैं। संस्कार से ब्राह्मण बनते हैं लेकिन अथर्ववेद के अनुसार जन्म से कोई भी प्राणी गैर ब्राह्मण नहीं होता। जन्म से सम्पूर्ण प्राणिजगत् ब्रह्मचारी ही होता है। वे ऋग्वेद के पुरूष सूक्त का उल्लेख करते हैं। ऋग्वेद के पहले भी एक विकासमान संस्कृति थी।**

सीमा लघुता है और असीम विराट। हमारा होना एक सीमा में है लेकिन विराट हो जाने की संभावनाएं खुली हुई हैं। शरीर हमारी पहली सीमा है, इसके बाद परिवार दूसरी सीमा। इसका आनंद निजी सीमा के अतिक्रमण में है। इसके बाद समाज है। समाज की सीमा के अतिक्रमण के बाद राष्ट्र की सीमा है। इनके पार ब्रह्माण्ड। तब संकीर्णता विस्तीर्ण होकर अनन्त हो जाती है। जाति वर्ण संकीर्णताएं हैं। मैं अपना संकीर्ण परिचय देता हूँ-मैं जाति वर्ण से ब्राह्मण हूं। संकीर्णता तोड़ें तो मैं मनुष्य जाति का हूं। अब मैं विश्व मानवता का हिस्सा हो गया। इसे और बढ़ाएं तो मैं प्रकृति का हिस्सा हूं। अन्ततः मैं ब्रह्म या सम्पूर्णता का विनम्र हिस्सा हूं।


संप्रति ब्राह्मण जाति हैं। पहले वे समूहवाची वर्ण-वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पीछे सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग सम्बंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि सम्पूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था। अथर्ववेद में आत्मदर्शन के साधक को ब्रह्मचारी बताया गया है। अथर्वेद के समय तक ब्राह्मण होना एक श्रमसाध्य उपलब्धि था। छान्दोग्य उपनिषद् की कथा के अनुसार ब्राहमण उद्दालक ने अपने विद्वान पुत्र श्वेतकेतु को भी पहले ब्राह्मण नहीं माना, कठोर तप साधना के बाद ही वह ब्राह्मण हो पाया। ब्राह्मण होने के लिए प्रकृति के रस छन्द ऋत में ढलना होता था। अथर्ववेद के (11वें अध्याय सूक्त 7) में ब्राह्मण होने की रोचक विधि है-÷ब्रह्मचारी अर्थात् ब्रह्म के अनुसार चलने वाला व्यक्ति द्युलोक और भूलोक को अनुकूल बनाता है। प्रकृति की दिव्य शक्तियाँ-देवगण अंतःकरण में स्थित हो जाती हैं। (मन्त्र 1) प्रबोधन आचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न होता है। बताते हैं, आचार्य उसे तीन रात तक अपने ज्ञानगर्भ में धारण करते हैं। जब वह बाहर आता है, तो दिव्यशक्तियाँ-(देवगण) उसका अभिनन्दन करती हैं। (मन्त्र 2) यहां 'तीन रात्रि' का उल्लेख ध्यान देने योग्य है। आखिरकार तीन दिन क्यों नहीं कहा गया? रात्रि अंधकार है, अंधकार अज्ञान है, दिवस प्रकाश हैं, प्रकाश ज्ञान है। साधक ब्रह्मचारी के लिए ज्ञान गर्भ का प्रतीक रात्रि है। दिव्यता की प्राप्ति के बाद देव शक्तियां स्वाभाविक ही अभिनंदन करती हैं। फिर कहते हैं, ÷ब्राह्मण होने से पूर्व साधक-विद्यार्थी ब्राह्मी-अनुशासन का अभ्यास करता है। वह ऊर्जा प्राप्त करता है, ऊर्ध्वमुखी होता है फिर ब्राह्मण बनता है। ज्येष्ठ ब्रह्म के निकट हो जाता है। (वही मन्त्र 5) ऊर्जा प्राप्त करना और ऊर्ध्वमुखी होना आसान नहीं है। ब्राह्मण होने के लिए आंतरिक ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाना होता है। ऋषि बताते हैं आचार्य ज्ञानगर्भ में ब्रह्मचारी के लिए पृथ्वी और द्युलोक का सृजन करते हैं। (वही मंत्र 8) पृथ्वी और द्युलोक पहले से ही है। तब ज्ञान गर्भ में क्या नये पृथ्वी और द्युलोक की बात कही गयी है? ज्ञान गर्भ में ब्रह्मचारी का पृथ्वी अंश सामान्य पृथ्वी अंश से परिष्कृत होता है। चेतन अंश निर्मल होता है। अथर्व0 का ऋषि इसे ज्ञानगर्भ की घटना बता रहा है। आगे कहते हैं ÷ब्रह्मचारी अपनी तपसाधना से उनकी (नये पृथ्वी व द्युलोक) रक्षा करता है।÷ (वही) ब्रह्मचारी अपनी काया और चेतना का नया रूप विकसित करता है और इसी नये रूप की रक्षा करता है। फिर ब्राह्मण की सम्पत्ति बताते हैं, ÷ब्राह्मण की सम्पदा निकटवत्त गुफा (गुहा-अनुभूति) में रहती है और द्यु लोक के आधार से परे होती है। (वही मन्त्र 10) ब्राह्मण हो गया व्यक्ति आंतरिक रूप में समृद्ध हो जाता है। भौतिक सम्पदा का आधार पृथ्वी है। इससे भी परे द्युलोक आधार है लेकिन इस मन्त्र में ब्राह्मण की सम्पदा द्युलोक से भी परे है। ब्रह्मचर्या में बड़ी शक्ति है। कहते हैं ब्रह्मचारी ही आचार्य बनता है। शासक भी इसी तप से राष्ट्र की रक्षा करते है-ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति। (वही मन्त्र 16-17) आंतरिक अनुभूति से मनुष्य ब्रह्मविद् हो जाता। ब्रह्मविद् ब्रह्म हो जाते हैं। उत्तरवैदिक काल के बाद धारणा बनी कि जन्म से सब सामान्य होते हैं। संस्कार से ब्राह्मण बनते हैं लेकिन अथर्ववेद के अनुसार जन्म से कोई भी प्राणी गैर ब्राह्मण नहीं होता। जन्म से सम्पूर्ण प्राणिजगत् ब्रह्मचारी ही होता है। कहते हैं ÷वनस्पतियां भूत भविष्य, संतव्सर सभी प्राणी, वन्य जीव, पशु, पक्षी जन्मजात ब्रह्मचारी होते हैं।÷ (वही मन्त्र 20, 21) ब्राह्मण होते हैं। अथर्ववेद की दृष्टि में कीट पतिंग, पशु पक्षी और सभी मनुष्य ब्रह्मचारी हैं। ब्राह्मण होने की संभावना सबमें है। यह बात स्मृतिकाल से बिल्कुल अलग है। स्मृतियों के अनुसार जन्म से सभी शूद्र है, ज्ञानार्जन/संस्कार से ब्राह्मण हो जाते हैं। अथर्ववेद का मत सही है कि जन्म से सभी ब्रह्मचारी हैं, कर्म क्षेत्र में जाकर श्रम विभाजन के फलस्वरूप वर्ण, वर्ग बनते हैं। फिर अपनी प्राण ऊर्जा को ऊर्ध्वमुखी बनाते हैं। आत्मबोध को प्राप्त होते हैं और ब्राह्मण बनते हैं। कुछेक विद्वान विराट पुरूष के मुख से ब्राह्मण की उत्पत्ति बताते हैं। वे ऋग्वेद के पुरूष सूक्त का उल्लेख करते हैं। ऋग्वेद के पहले भी एक विकासमान संस्कृति थी। पूर्वकालीन संस्कृति में वर्ण विभाजन होते, तो ऋग्वेद में उनका उल्लेख होता। ऋग्वेद में जन्मना जाति या वर्ण नहीं है। ब्राह्मण का अर्थ स्तुति, या स्तोत्र ही आया है।

ऋग्वेद का 'पुरूष' सम्पूर्णता का पर्याय है। पुरूष सूक्त (10वाँ मण्डल) में ब्राह्मण राजन्य, वैश्य, शूद्र के उल्लेख हैं लेकिन वर्णो के नहीं। इस सूक्त में भी 'ब्राह्मण' का अर्थ स्तोत्र/स्तोता ही है। ऋग्वेद का पुरूष सूक्त दार्शनिक है। ऋषि कहते हैं पुरूष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भत्यं-यह पुरूष ही सब कुछ है, जो हो गया, जो होगा सब पुरूष है। (ऋ0 10.90.2) बात पूरी हो गयी। ऋषि आगे कहते हैं, पुरूष का विभाजन होने लगा। प्राणियों की उत्पत्ति हुई। (वही- 5) आगे इसी पुरूष को यज्ञ प्रतीक देते हैं। कहते हैं, देवताओं ने उस विराट पुरूष को ह्वि बनाया। वसन्तु ऋतु को घी बनाया, ग्रीष्म ऋतु को ईंधन (लकड़ी) और शरद् को ह्विष्य। इससे नभचर, थलचर आदि प्राणी उत्पन्न हुए। ऋक और यजुर्वेद की ऋचाएं आई। आदि। मंत्र 11 ज्यादा ध्यान देने योग्य हैं यत्पुरूषं व्यदधु कतिधा व्यकल्पयन-ज्ञानी जन इस पुरूष की कितने प्रकार से कल्पना करते हैं? कि उसका मुख क्या है? बाहु और पाद क्या है? पुरूष विराट है तो कल्पनाएं भी तमाम होंगी।

## विचार

# योग आधुनिक जीवन में संतुलन का सम्यक साधन व मौन साधना

**संजीव ठाकुर**



**योगाभ्यास से केवल बीमारियों से मुक्ति नहीं मिलती बल्कि भीतर एक नई चेतना का विकास होता है जो व्यक्ति को अधिक सजग, अधिक संवेदनशील और अधिक जिम्मेदार बनाती है, योग के विभिन्न मार्गकृकर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग जीवन के अलग-अलग पहलुओं को संतुलित करते हैं, कर्म योग सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जगाता है और यह सिखाता है कि निस्वार्थ कर्म ही समाज का वास्तविक आधार है, भक्ति योग मन और हृदय को जोड़कर व्यक्ति को अहंकार से विनम्रता की ओर ले जाता है और सहिष्णुता, करुणा तथा अहिंसा का भाव विकसित करता है, ज्ञान योग विवेक, अध्ययन, मनन और बौद्धिक परिपक्वता को प्रोत्साहित करता है।**


योग की माया केवल निरोगी काया तक सीमित नहीं है बल्कि यह आधुनिक मनुष्य के बिखरते हुए जीवन को समेटने की एक गहन और मौन प्रक्रिया है, योग रोगमुक्त जीवन के लिए अद्भुत विधा है पर उससे भी अधिक यह स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुँचने की यात्रा है, आज जब जीवन तेज रफ्तार, प्रतिस्पर्धा, अनिश्चितता और मानसिक दबावों से घिरा हुआ है तब योग केवल व्यायाम नहीं रह जाता बल्कि एक वैकल्पिक जीवन-दृष्टि बन जाता है। भारतीय अर्वाचीन दर्शन की पाठशाला में योग एक ऐसा अध्याय है जो काल के साथ पुराना नहीं होता बल्कि हर युग में नया अर्थ ग्रहण करता है, योग शब्द संस्कृत की जड़ 'युज' से निकला है जिसका अर्थ जोड़ना भी है और अनुशासन भी, और यही दो शब्द आज के मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुके हैं क्योंकि आधुनिक मनुष्य टूटा हुआ है।

अपने शरीर से, अपने मन से, अपनी प्रकृति से और अपने भीतर की शांति से, योग इस टूटन को जोड़ने की कला है, जब नियमित योग अभ्यास से शरीर और मस्तिष्क के बीच एक स्वाभाविक सामंजस्य बनता है तब मन अनावश्यक अशांति से मुक्त होने लगता है और व्यक्ति परिस्थितियों को सहने नहीं बल्कि समझने लगता है, आज की जीवनशैली अनियमित भोजन, कृत्रिम स्वाद, देर रात तक जागना, मोबाइल और स्क्रीन की लत, लगातार तनाव और असुरक्षित भविष्य-बोध से भरी हुई है, ऐसे में योग किसी दवा की तरह नहीं बल्कि एक जीवन-विज्ञान की तरह काम करता है जो शरीर की आंतरिक कार्यप्रणाली को धीरे-धीरे सुधारता है, शिथिल अंगों को बिना आक्रामक हस्तक्षेप के सक्रिय करता है और मन को बाहरी शोर से हटाकर भीतर की शांति से जोड़ता है, निरोगी काया केवल रोगों की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि वह अवस्था है जहाँ व्यक्ति स्वयं को ऊर्जावान, संतुलित और जीवन के प्रति सकारात्मक पाता है। आज सफलता को केवल धन, पद और प्रतिष्ठा से जोड़ा गया है जबकि योग यह सिखाता है कि वास्तविक सफलता वह है जिसमें लालच कम हो, आकांक्षाएँ संयमित हों और जीवन जीने की जिजीविषा बनी रहे, योग मनुष्य को उपभोग से उपस्थिति की ओर ले जाता है, भौतिक जगत में रहते हुए भी आंतरिक संतुलन बनाए रखना सिखाता है, आज के संदर्भ में जब अवसाद, चिंता, अनिद्रा और असंतोष नई पीढ़ी की सबसे बड़ी बीमारियाँ बन चुकी हैं तब योग एक मौन चिकित्सक की तरह काम करता है, युवा वर्ग शक्ति, लचीलापन, ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता की खोज में महंगे जिम, सप्लीमेंट और कृत्रिम उपायों की ओर आकर्षित हो रहा है जबकि योग अभ्यास एक ऐसा सुरक्षित, सुलभ और लागत-विहीन मार्ग है जो शरीर को उसके प्राकृतिक आकार और संतुलन में वापस लाता है, आसन शरीर को स्थिरता देते हैं, प्राणायाम श्वास को जीवन से जोड़ते हैं और ध्यान मन को उसकी मूल शांति से परिचित कराता है। योगाभ्यास से केवल बीमारियों से मुक्ति नहीं मिलती बल्कि भीतर एक नई चेतना का विकास होता है जो व्यक्ति को अधिक सजग, अधिक संवेदनशील और अधिक जिम्मेदार बनाती है, योग के विभिन्न मार्गकृकर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग जीवन के अलग-अलग पहलुओं को संतुलित करते हैं, कर्म योग सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जगाता है और यह सिखाता है कि निस्वार्थ कर्म ही समाज का वास्तविक आधार है, भक्ति योग मन और हृदय को जोड़कर व्यक्ति को अहंकार से विनम्रता की ओर ले जाता है और सहिष्णुता, करुणा तथा अहिंसा का भाव विकसित करता है, ज्ञान योग विवेक, अध्ययन, मनन और बौद्धिक परिपक्वता को प्रोत्साहित करता है ताकि मनुष्य अंधविश्वास से नहीं बल्कि समझ से जीवन जिए, राजयोग योग की सर्वाधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक विधा है जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा और ध्यान के माध्यम से आत्मानुशासन और अंततः आत्मानंद की अनुभूति का मार्ग प्रशस्त होता है।,योग का इतिहास केवल ग्रंथों में नहीं बल्कि भारतीय जीवन-शैली में रचा-बसा रहा है, पश्चिमी जगत का योग से परिचय स्वामी विवेकानंद के माध्यम से हुआ जिन्होंने शिकागो में योग को केवल धार्मिक नहीं बल्कि वैश्विक मानवता की आवश्यकता के रूप में प्रस्तुत किया, इसके बाद अनेक योग गुरुओं के प्रयासों से योग विश्वपटल पर प्रतिष्ठित हुआ और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है कि योग किसी एक देश या संस्कृति की नहीं बल्कि समूची मानव सभ्यता की धरोहर है।

# राष्ट्रमंडल खेलों के बहाने क्या अहमदाबाद बन पाएगा कर्णावती

गुजरात के इस प्रमुख नगर को पहले कर्णावती के ही नाम से जाना जाता था। दस्तावेजों के मुताबिक, इसकी स्थापना 11वीं सदी में सोलंकी शासक कर्णदेव ने की थी। उसी के नाम के चलते इसे कर्णावती कहा जाता था। लेकिन बाद में वहां सुल्तान अहमद शाह ने आक्रमण किया और कब्जे के बाद उसने इस शहर के बगल में 1411 में अहमदाबाद बसाया।

राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष के आयोजन की जिम्मेदारी अहमदाबाद को मिलने के बाद एक बार फिर उसका नाम बदलकर कर्णावती करने को लेकर सोशल मीडिया पर मांग तेज हो गई है। तर्क दिया जा रहा है कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन यानी साल 2030 तक गुजरात की पहली राजधानी को कर्णावती के नाम से जाना चाहिए। यह पहला मौका नहीं है, जब इस शहर का नाम बदलने की मांग हो रही है। जब साल 2018 में गुजरात के सहोदर राज्य महाराष्ट्र की तत्कालीन सरकार ने कई शहरों के नाम बदले, तब भी यह मांग उठी थी। लेकिन तब इसे अस्वीकार कर दिया गया था। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी का जोर भारत के प्राचीन रूप और नाम पर रहा है, फिर गुजरात की सत्ता पर भाजपा तकरीबन तीन दशक से काबिज है, इसकी वजह से शहर को पुराने नाम की पहचान दिलाने की चाहत रखने वाले रह-रहकर मांग करते रहे हैं। गुजरात के इस प्रमुख नगर को पहले कर्णावती के ही नाम से जाना जाता था। दस्तावेजों के मुताबिक, इसकी स्थापना 11वीं सदी में सोलंकी शासक कर्णदेव ने की थी। उसी के नाम के चलते इसे कर्णावती कहा जाता था। लेकिन बाद में वहां सुल्तान अहमद शाह ने आक्रमण किया और कब्जे के बाद उसने इस शहर के बगल में 1411 में अहमदाबाद बसाया। कर्णावती नाम करने की मांग के पीछे इस शहर को उसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जोड़ने की चाहत से प्रेरित है। कुछ वैसे ही, जैसे उत्तर प्रदेश में फैजाबाद को बदलकर अयोध्या, मुगलसराय को बदलकर दीनदयाल उपाध्याय नगर, इलाहाबाद को बदलकर प्रयागराज कर दिया गया है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद गौरवशाली अतीत से जुड़ने और उसकी संज्ञाओं को बहाल करने का दौर तेज हो गया है। अयोध्या में राममंदिर, वाराणसी में काशी-विश्वनाथ कॉरीडोर और उज्जैन में महाकाल कॉरीडोर बनने के बाद पुनरूत्थानवादी सोच और प्रक्रिया को और बल मिला है। ऐसे में अहमदाबाद को पुराने कर्णावती नाम से जानने-पुकारने की इच्छा होना अचरज की बात नहीं है। कर्णावती नाम करने को लेकर कभी इसी शहर के एलिसब्रिज से विधायक और अब गांधीनगर से सांसद गृहमंत्री अमित शाह और अहमदाबाद पूर्व से लोकसभा सदस्य रहे हंसमुख भाई पटेल नकार चुके हैं। यह बात और है कि कभी हसमुख पटेल खुद भी कर्णावती नाम करने के लिए अभियान चला चुके थे। उन्होंने खुद 1995 और 2000 में नाम बदलने के लिए आवेदन भी दिया था, लेकिन इसे नकार दिया गया था। बाद में उन्होंने ही 2005 में शहर को हेरिटेज सिटी यानी विरासत शहर का दर्जा देने की मांग की थी। इसके बाद वे कर्णावती नाम किए जाने की मांग से पीछे हट गए थे। तब उन्होंने कहा था कि अब अगर अहमदाबाद शहर का नाम बदलकर कर्णावती किया गया तो उसे वर्ल्ड हेरीटेज सिटी का दर्जा मिलना मुश्किल हो जाएगा। साल 2018 में गुजरात के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा था कि राज्य सरकार अहमदाबाद का नाम बदलकर कर्णावती करने पर विचार कर रही है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी ऐसा कहते रहे। तब उनकी राय सामने आने के बाद अहमदाबाद के इतिहास को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। इसी तरह जब से अहमदाबाद को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन का जिम्मा मिला है, एक बार फिर यही बहस तेज हो गई है। अहमदाबाद ही कर्णावती था, इसकी जानकारी कई ऐतिहासिक पुस्तकों में मिलती है। ऐसी ही एक पुस्तक है, गुजरात विश्वविद्यालय में फ़ारसी के प्रमुख रहे छोटूभाई नायक की किताब हिस्ट्री ऑफ़ इस्लामिक सल्तनत इन गुजरात। इसमें छोटू भाई नायक ने बताया है कि गुजरात के पहले स्वतंत्र शासक मुज़फ़्फ़रशाह ने अपने चार लड़कों को दरकिनार करते हुए अपने पोते अहमद शाह को अनहिलवाद के सिंहासन पर बैठा दिया था।



## राशिफल

**मेषः**- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः**- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्कः**- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः**- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः**- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

**कुंभः**- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः**- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# लचर नेतृत्व ने इंडिया गठबंधन को 2025 में बिखेरा

**नीरज कुमार दुबे**

**बिहार में तस्वीर थोड़ी अलग दिखी। यहां विपक्षी महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन आपसी फूट, नेतृत्व की खींचतान और समन्वय की कमी ने इसे अब तक की सबसे बड़ी हार दिला दी। टिकट वितरण से लेकर प्रचार की रणनीति तक, हर स्तर पर असंतोष और अविश्वास साफ नजर आया। यह हार इसलिए भी ज्यादा चर्चा में रही क्योंकि एकजुटता के बावजूद गठबंधन जनता के बीच एक स्पष्ट, विश्वसनीय विकल्प के रूप में खुद को पेश नहीं कर सका। 2025 में इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर असमंजस लगातार गहराता गया। समय-समय पर यह मांग उठती रही कि गठबंधन का नेतृत्व केवल कांग्रेस के हाथों में न रहे। तृणमूल कांग्रेस ने इस मांग की खुलकर अगुवाई की, यह कहते हुए कि क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत और जनाधार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।**

महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान कांग्रेस ने एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उस समय और भी चौंकाने वाला था, जब भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात बार-बार दोहराई जा रही थी। साल 2025 भारतीय राजनीति में विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए आंतरिक टकराव, रणनीतिक भ्रम और नेतृत्व संकट का वर्ष बनकर उभरा। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद जिस गठबंधन से यह अपेक्षा की जा रही थी कि वह एक सशक्त, वैकल्पिक राजनीतिक धारा के रूप में उभरेगा, वही 2025 में अपनी ही कमजोरियों से जूझता नजर आया। यह वर्ष विपक्ष के लिए न तो संगठनात्मक मजबूती लेकर आया, न ही वैचारिक स्पष्टता। सबसे बड़ा और प्रतीकात्मक तथ्य यह रहा कि पूरे 2025 में इंडिया गठबंधन की एक भी औपचारिक बैठक नहीं हुई। किसी भी राजनीतिक गठबंधन के लिए बैठकें केवल औपचारिकता नहीं होतीं, बल्कि संवाद, समन्वय और साझा रणनीति का आधार होती हैं। बैठकों का न होना यह संकेत देता है कि गठबंधन नाम मात्र का रह गया है, जबकि ज़मीनी स्तर पर दल अपनी-अपनी राह चलने लगे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनावों में यह बिखराव खुलकर सामने आया, जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन तोड़कर अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया। 2024 में लोकसभा चुनावों में सीमित तालमेल के बाद यह उम्मीद थी कि दिल्ली में विपक्ष एकजुट रहेगा, लेकिन आपसी अविश्वास और राजनीतिक अहंकार ने इस संभावना को खत्म कर दिया। नतीजा यह हुआ कि विपक्षी वोटों का विभाजन हुआ और इसका लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिला। इसी तरह महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान कांग्रेस ने एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उस समय और भी चौंकाने वाला था, जब भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात बार-बार दोहराई जा रही थी। कांग्रेस का यह रुख उसके सहयोगियों के लिए संकेत था कि गठबंधन केवल सुविधा का मंच है, प्रतिबद्धता का नहीं।

बिहार में तस्वीर थोड़ी अलग दिखी। यहां विपक्षी महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन आपसी फूट, नेतृत्व की खींचतान और समन्वय की कमी ने इसे अब तक की सबसे बड़ी हार दिला दी। टिकट वितरण से लेकर प्रचार की रणनीति तक, हर स्तर पर असंतोष और अविश्वास साफ नजर आया। यह हार इसलिए भी ज्यादा चर्चा में रही क्योंकि एकजुटता के बावजूद गठबंधन जनता के बीच एक स्पष्ट, विश्वसनीय विकल्प के रूप में खुद को पेश नहीं कर सका।

2025 में इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर असमंजस लगातार गहराता गया। समय-समय पर यह मांग उठती रही कि गठबंधन का नेतृत्व केवल कांग्रेस के हाथों में न रहे। तृणमूल कांग्रेस ने इस मांग की खुलकर अगुवाई की, यह कहते हुए कि क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत और जनाधार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उधर, कांग्रेस की यह समस्या रही कि वह गठबंधन का नेतृत्व तो करना चाहती है, लेकिन उसके अनुरूप लचीलापन और सामूहिकता दिखाने में अक्सर विफल रहती है। यही कारण है कि उसके कई सहयोगी दल उसके रुख से इत्तेफाक नहीं रख पाए।

साथ ही इंडिया गठबंधन के भीतर मतभेद केवल चुनावी रणनीति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि मुद्दों पर भी एकरूपता का अभाव साफ दिखा। जम्मू-कश्मीर की नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला का बयान इस संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ÷एसआईआर के विरोध में कांग्रेस के उतरने का मतलब यह नहीं है कि वह हमारी भी लड़ाई हो।÷ यह बयान सिर्फ एक मुद्दे पर असहमति नहीं था, बल्कि यह दर्शाता था कि गठबंधन के घटक दल अपनी-अपनी क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और राजनीतिक मजबूरियों के अनुसार फैसले ले रहे हैं। ऐसे ही विचार समय-समय पर अन्य सहयोगी दलों की ओर से भी सामने आते रहे, जिससे गठबंधन की साझा वैचारिक जमीन और भी कमजोर होती चली गई। इसी कड़ी में यदि राहुल गांधी की भूमिका का विश्लेषण किया जाए तो 2025 उनके लिए भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने का वर्ष साबित हुआ।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे यह उम्मीद की जा रही थी कि वह महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मध्यम वर्ग से जुड़े जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे, लेकिन वह अधिकतर समय चुनाव आयोग पर निशाना साधने और संवैधानिक संस्थानों को कठघरे में खड़ा करने में व्यस्त नजर आए। इससे न केवल उनकी भूमिका पर सवाल खड़े हुए, बल्कि विपक्ष की विश्वसनीयता को भी नुकसान पहुंचा। कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान, खासकर कर्नाटक में नेतृत्व और सत्ता संतुलन से जुड़े विवाद, का समाधान निकालने में भी वह विफल रहे। इसके अलावा पूरे वर्ष दिए गए उनके कई बयानों ने कांग्रेस ही नहीं, बल्कि उसके सहयोगी दलों की भी मुश्किलें बढ़ाईं, जिससे इंडिया गठबंधन के भीतर असहजता और अविश्वास और गहराता चला गया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र में कोहरा और कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। पछुआ हवा के प्रभाव से गलन और बढ़ गई है। रविवार सुबह से ही घनी धुंध छाई रही, जिससे आम लोगों को दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर आवाजाही कम दिखी। शाम चार बजे के बाद ठंड का असर और बढ़ा तो लोग घरों की ओर लौटने लगे। पूरे दिन पछुआ हवा चलती रही, जिससे लोग ठंड से कांपते नजर आए।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पछुआ हवा की गति 3.5 किलोमीटर प्रति घंटा रही। कोहरे के कारण दिन भर धूप नहीं निकली, आम जन घरों में आग, वही दुकानदार अलाव का सहारा लिए बैठे रहे,लेकिन शाम चार बजे मौसम फिर बदल गया। गलन बढ़ने से लोग घरों में रूम हीटर, ब्लोअर और अलाव के सहारे ठंड से बचने की कोशिश करते रहे।

- सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने लिया अलाव का सहारा

शनिवार सुबह से दोपहर तक क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। दो बजे के बाद धूप निकलने से लोगो ने राहत की सांस ली थी द्य लेकिन रविवार को सुबह से कोहरा और दिन भर धुंधली छाई रही,इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। कई मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में भी सामान्य दिनों जैसी गतिविधि नहीं दिखी। ठंड और गलन के कारण लोग आवश्यक कार्य निपटाकर जल्दी घर लौटते नजर आए।

सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी पूरी सावधानी के साथ कामकाज करते दिखे। लोग स्वेटर, जैकेट, टोपी और मफलर पहनकर कार्यालय पहुंचे।

### मौसम में बदलाव का सेहत पर पड़ रहा असर

लगातार बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है। चिकित्सकों के अनुसार इस मौसम में सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द के साथ हृदयरोग और लकवा से जुड़े मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बच्चे और बुजुर्ग ठंड से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ब्लोअर का उपयोग किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी और वार्डो में भी ब्लोअर लगाए गए हैं किसान भागवत प्रसाद ने बताया कि गेहूं की फसल पर कोहरे का प्रभाव सीमित रहता है, जबकि आलू, सरसों, चना और सब्जी फसलों को नुकसान की आशंका रहती है। पत्तों पर अधिक नमी जमने से फंगल रोग की संभावना बढ़ जाती है, जिससे फसल की पैदावार प्रभावित हो सकती है।

# खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी के निर्देश पर किया गया गोशालाओं का निरीक्षण

भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।



रविवार को खंड विकास अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर पशुधन प्रसार अधिकारी ने ब्लॉक की एक दर्जन गौशालाओं का निरीक्षण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ठंड से बचाव के लिए तिरपाल के साथ अलाव जलाने के निर्देश दिए रविवार को खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार व पशु चिकित्साधिकारी डा. अंकुर सचान के निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारी डा. आर बी सिंह ने संबधित कर्मियों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत चंद्रपुरवा बुजुर्ग, इंगोहटा, बिदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी, बंडा, मवई जार, खड़ेही जार, कछला, धनपुरा, अतरार, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, मोराकांदर, कलौली जार, नंदेहरा, बिलहड़ी, पारा रैपुरा की गौशालाओं का निरीक्षण करके भूसा, पानी, बिजली, पशु आहार की व्यवस्थाओं को देखा। पर्याप्त इंतजाम से अधिकारी संतुष्ट नजर आये और गौशालाओं के चौकीदारों, चरवाहों को ठंड से बचाव के लिए तिरपाल के साथ अलाव जलाने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायतों के राशन विक्रेताओं से जूट के बोरे लेकर गोवंश के बच्चों को ढके जाने के निर्देश दिए हैं। गौशालाओं के इंतजाम से अधिकारी निरीक्षण के बाद संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी डा. आर बी यादव के अलावा सभी पंचायतों के प्रधान एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### वांछित आरोपी तमंचा व जिन्दा कारतूस समेत गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज, महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह व उपनिरीक्षक सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा पर पंजीकृत मुकदमा धारा 191(2)/191(3)/190/ 109(1)/ 351(2)/3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त यासिन पठान उर्फ यासीन घोडा पुत्र स्व.लाला सफात उम्र 23 वर्ष निवासी बिच्छू पहाडिया महोबा को साई कालेज के पास छोटी पहाडी से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर,एक कारतूस जिन्दा व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज, कबरई/महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उपनिरीक्षक गौरव चौबे मय उपनिरीक्षक अभिनव सिंह,हमराह हेड कांस्टेबल संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अजय सिंह उर्फ निक्की सिंह पुत्र बाबू सिंह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम उटियां थाना कबरई जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर,एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये ग्राम उटियां के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### तीसरी मंजिल से गिरकर युवती घायल

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। छत पर कपड़े फैलाने गई युवती का संतुलन बिगड़ने से तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई।परिजन आनन फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी कृष्ण कांत सोनकर की 21 वर्षीय पुत्री पूजा रविवार की दोपहर कालोनी की तीसरी मंजिल में कपड़े फैला रही थी, अचानक बंदर को देखकर हड़बड़ाहट में छत से गिरकर घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर भागे।हादसे में युवती के सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया है।

### युवक रोटियां बनाते समय आग की भंट्टी से जला साथियों ने सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे के एक युवक रोटियां बनाते समय आग की भट्टी में जल गया। गंभीर अवस्था में साथियों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात कस्बा निवासी युवक सुनील 25 वर्ष पुत्र हरिकिशन एक कार्यक्रम के दौरान तंदूरी रोटी बनाते समय भट्टी में जल गया जिसे गंभीर अवस्था में साथियों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए हालत में सुधार न होने पर सघन चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। ई रिक्शा पलटने से कस्बे की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी कल्लो 42 वर्ष पत्नी पप्पू रविवार की दोपहर रिक्शा में बैठकर बाजार की ओर जाते समय ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया जिसमें बैठी कल्लो रिक्शा पलटने से उसमें दब गई जिसे राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया खबर लिखे जाने तक महिला का इलाज जारी है।

### संदिग्ध परिस्तिथियों में खेत में पड़ा मिला किसान का शव

समृद्धि न्यूज श्रीनगर/महोबा। खेत में सिंचाई करने गए किसान की संदिग्ध परिस्तिथियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। किसान की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। बताते चलें कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ननौरा निवासी 55 वर्षीय किसान गोवर्धन कुशवाहा उर्फ़ पुजारी पुत्र जगत सिंह बगवाहा खेत में लगी फसल की सिचाई करने की बात कहकर गया था। दोपहर में पत्नी गोरीबाई खाना लेकर खेत पहुंची तो किसान अचेत अवस्था में पड़ा था। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पुत्र रवि ने ठण्ड से मौत होने की संभावना जता रहा है। श्रीनगर पुलिस ने मौके पर जाँच पड़ताल की एवं शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण जस्पष्ट होगा। मृतक अपने पीछे पत्नी गोरीबाई,पुत्र बिहारी, हजारी,सुक्की,रवि को छोड़ गया है। मृतक के तीन बेटे विवाहित है तथा एक बेटा अविवाहित है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री उमराहट के पीड़ितों से मिलीं

कुरारा, समृद्धि न्यूज। थानाक्षेत्र के उमराहट पुरवा में सिपाही को बंधक बनाकर लहूलुहान करने के मामले में निषाद समाज के लोगों की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति गांव पहुंची। उन्होंने मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराए जाने व निर्दोषों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के उमराहट पुरवा में बीते 2 दिसंबर को जांच करने गए सिपाही आशीष मौर्य के साथ गांव के लोगों ने बंधक बनाकर लहूलुहान कर दिया था। साथ ही चौकी इंचार्ज की पिस्टल छीन ली थी। जिस पर पुलिस ने 19 नामजद व कई अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की वहीं अभी तक 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। रविवार को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, चेयरमैन कुलदीप निषाद, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल सहित कई भाजपा नेता गांव पहुंचे। निषाद समाज की महिलाओं से मिल पूछताछ की। जिस पर गांव की महिलाओं ने कहा कि उनके पति निर्दोष हैं। उन्हें गलत फंसाया जा रहा है। घटना करने वाले लोग एक ही परिवार के हैं। जिस पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि निर्दोष लोगो को न्याय दिलाया जाएगा और जो दोषी होगा उसे सजा मिलेगी। इस मौके पर सीओ सदर राजेश कमल व कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज आदि मौजूद रहे।

# रेलवे के सुरक्षित वैकल्पिक रास्ता दिए बगैर मुख्य रास्ता बन्द करने से आक्रोश

भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। कानपुर-बांदा रेल मार्ग पर स्थित ग्राम इंगोहटा में रेलवे और ग्रामीणों के बीच आवागमन को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है। रेलवे गेट संख्या 25 पर अंडरब्रिज निर्माण के लिए खुदाई शुरू कर दी गई है,लेकिन इसके वैकल्पिक रास्ते के रूप में प्रस्तावित गेट संख्या 26 के अंडरब्रिज की खस्ताहाल स्थिति ने ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

इंगोहटा के ग्रामीण योगेंद्र दीक्षित, प्रदीप मिश्रा,अरविंद तिवारी अशोक मिश्र,राघवेंद्र सिंह,ज्ञानेश दीक्षित आदि ने बताया कि गेट संख्या 25 बंद होने से आधा दर्जन गांवों का संपर्क कट जाएगा। रेलवे ने गेट संख्या 26 के अंडरब्रिज को विकल्प बताया है,जहां पिछले छह महीनों से जलभराव था। वर्तमान में पानी तो सूख गया है, लेकिन वहां भारी कीचड़ और फिसलन बरकरार है। स्कूली छात्र-छात्राओं, किसानों और महिलाओं के लिए इस



कीचड़ भरे रास्ते से निकलना मुश्किल हो रहा है। आए दिन राहगीर यहां फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक कोई सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक मुख्य मार्ग को बंद न किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे ठेकेदार बिना किसी पूर्व व्यवस्था के काम शुरू कर रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। ग्रामीणों ने गेट संख्या 26 वाले अंडरब्रिज की विधिवत सफाई कराए जाने और ऊबड़-खाबड़ रास्तों की मरम्मत की मांग की है।

# टूर्नामेंट मेमोरियल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन

खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम मे खड़ेही लोधन टूर्नामेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बसवारी की टीम व हमीरपुर की टीम के बीच खेला गया।जिसमे बसवारी ने हमीरपुर को नौ विकेट से पराजित कर दिया।जबकि दूसरे मैच में रामबाग (राठ) टीम की ने सायर की टीम को 9 विकेट से मैच हरा दिया।मैच का उद्घाटन सांसद ने फीता कर किया गया।

मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम में खड़ेही लोधन टूर्नामेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन हमीरपुर महोबा तिंदवारी सासंद अजेंद्र सिंह लोधी,विमलेश कुमारी जिला पंचायत सदस्य, सत्यपाल यादव पूर्व ब्लाक राठ, धर्मपाल अहिरवार सुख सिंह, विपिन राजपूत, पूर्व प्रधानाचार्य बलराम सिंह राजपूत ने संयुक्त ने फीता काट किया।इसके बाद पहला मैच बसवारी टीम व हमीरपुर की टीम के बीच खेला गया।जिसमें बसवारी टीम ने पहले टॉस जीतकर हमीरपुर टीम के कप्तान को बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया बल्लेबाजी करते हुए हमीरपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरो में 109 रन बनाए।जवाब में उतरी बसवारी की टीम ने 8 ओवर 2 गेंद में 110 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया।जिसमे बसवारी के टीम के खिलाड़ी शनि ने 55,लड्डू ने 43 रनों के सहयोग अपनी टीम को दिया। वही दूसरा मैच सायर व रामबाग राठ की टीम के बीच खेला गया जिसमें सायर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 71 रन आउट हो गयी।जवाब में।मैच खेलने उतरी रामबाग राठ की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर1गेंद में 62 रन बना कर मैच जीत लिया। जिसमे खिलाड़ी अभय ने 39, अरसल ने23 व सचिन ने 12 रनों के सहयोग देकर अपनी टीम को जीत के मुकाम तक पहुचाया। एम्पायर पिंटू झा,शरद द्विवेदी कमेंटेटर ब्रजमोहन राजपूत,राजू त्रिपाठी आदि सहित कई लोग रहे।

### मनरेगा के कार्यों में फर्जीवाड़ा एक ही फोटो अपलोड होने से हुआ खुलासा




भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। ग्राम पंचायत अतरैया में मनरेगा योजना के तहत बन रहे जलरोक एवं निर्माण में मजदूरों की फर्जी हाजिरी अपलोड करने का मामला सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल फोटो की पुष्टि हिंदुस्तान नहीं करता है। ग्राम पंचायत अतरैया में राममिलन के मकान से रामसेवक के खेत तक तथा रामसेवक के खेत से चुनुवाद के खेत तक अलग-अलग दो जलरोक बांध एवं चकमार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें सात मस्टररोल में 66 मजदूरों को कार्य करते हुए दिखाया गया है। गत 27 दिसंबर को एनएमएमएस एप में अपलोड की गई तस्वीरें एवं मस्टर रोल में दर्ज की गई हाजिरी में जमीन आसमान का फर्क है। मस्टर रोल संख्या 9580 से 9586 तक में मजदूरों के नाम तो अलग अलग है। लेकिन फोटो में वहीं 10- 15 मजदूरों की फोटो अपलोड की गई है। यह फोटो महिला मेट केतकुमारी ने अपलोड की है। दोनों कार्यों में एक ही जैसे मजदूरों की फोटो अपलोड की गई। इससे साबित हो रहा है कि मनरेगा योजना के कार्य में हाजिरी का बड़ा खेल हो रहा है। इस फर्जीबाड़े को सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। वह सोमवार को कार्यालय पहुंचकर अपलोड की गई फोटो एवं मस्टर रोल को अवलोकन कर कार्य को शून्य घोषित करने की कार्यवाही करेंगे। प्रधान प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव ने फर्जीबाड़े से साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि मेट की लापरवाही से गलत फोटो अपलोड हुई है।

# फालोअप : हिंदूवादी संगठनों का आरोप ईसाई मिशनरी ने प्रायोजित कराया कार्यक्रम

भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।

गत 25 दिसंबर की रात श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में हुए अश्लील डांस प्रकरण में अब नया मोड़ आ गया है। हिंदू संगठन इसको ईसाई मिशनरी द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम बताकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग पर अड़े हुए हैं।

हिंदू संगठनों का दावा है कि कार्यक्रम के लिए जो आमंत्रण पत्र बांटा गया है उनमें ईसाई मिशनरी के प्रतीक चिन्ह को छापा गया है। इससे यह साबित होता है कि यह पूरा कार्यक्रम ईसाई मिशनरी द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम था। हिंदू संगठनों का कहना है कि अगर 24 घंटे में आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो वह सड़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होंगे। वहीं पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए आयोजकों को रिहा कर दिया। इससे हिंदू संगठनों में आक्रोश पनप गया है।

गत 25 दिसंबर की रात कस्बे के सेवानिवृत शिक्षक बद्री प्रसाद गुप्ता ने अपने नाती के जन्मदिन का कार्यक्रम श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में आयोजित किया था। रात 8:00 बजे केक कटने के बाद तपोभूमि प्रांगण के कथा स्थल पर लखनऊ से आए आर्केस्ट्रा कलाकारों ने अश्लील नृत्य शुरू किया था। इसकी भनक हिंदू संगठनों को लगी और उन्होंने पुलिस को बुलाकर कार्यक्रम बंद कर दिया था। अगले दिन तपोभूमि के पुजारी से हिंदू संगठनों ने पुलिस को तहरीर दिलाकर आयोजकों पर कार्यवाही की मांग की थी। शनिवार को पुलिस ने आयोजकों को थाने बुलाकर पूछताछ करके देर शाम रिहा कर दिया था। रविवार को इस प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। बजरंग दल के जिला कार्य समिति के सदस्य आशीष सिंह अल्लू, नैतिक सोनी, आदर्श तिवारी आदि ने आरोप लगाया कि यह पूरा कार्यक्रम ईसाई मिशनरी द्वारा आयोजित था। कार्यक्रम के लिए जो आमंत्रण पत्र वितरण किया गया है। इसमें ईसाई मिशनरी के प्रतीक चिन्ह छापे गए हैं। यह पूरा कार्यक्रम ईसाई मिशनरी द्वारा प्रायोजित किया गया है।

हिंदूवादी संगठनों का कहना है कि अगर मुकदमा नहीं दर्ज होता है तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि ईसाई मिशनरी द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के आरोप निराधार है। आयोजकों ने धार्मिक स्थल में कार्यक्रम का आयोजन करके गलती की है। मामले की गहनता के साथ जांच कराई जा रही है।

# अवैध मौरंग का कारोबार रात में सिसोलर थाना पुलिस ने पकड़ा

हमीरपुर मौदहा, समृद्धि न्यूज।

थाना सिसोलर क्षेत्र के अंतर्गत अवैध मौरम का कारोबार ग्राम पंचायत गढ़ा के नीचे से बह रही के नदी जो की बांदा रेंज में आती है वहां की बालू ट्रैक्टरों द्वारा विदाउट प्रशासन के रात में लोड करके कई गांव में सप्लाई की जाती है यह भान के अभी तक किसी को नहीं चली जैसे ही इसके बारे में जानकारी पुलिस प्रशासन को हुई रात में गस्त के लिए सिसोलर थाना अधीक्षक बृजेश कुमार अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण के लिए निकला रात्रि में उसे टोला परेहटा मोड़ के बीच मौरम से लगा हुआ ट्रैक्टर बिना रॉयल्टी के पकड़ा गया एक्टर नंबर यूपी 91 वाई 1620 पुलिस ने उसे अपने थाने में खड़ा कर सीज कर



दिया तिल सरस का बताया गया थाना मौदहा खनिज इंस्पेक्टर से बात करने के बाद उन्होंने बताया कि इसकी कार्यवाही आज छुट्टी हो जाने कारण कल होगी अभी जुर्माना के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता ट्रैक्टर को पकड़ने वाली टीम थाना सिसोलर अधीक्षक बृजेश कुमार कांस्टेबल नवीन कुमार,पुरुषोत्तम, कुलदीप आगे की प्रक्रिया खनिज द्वारा होगी।

# पिता की हत्या के आरोप में कलयुगी पुत्र गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

समृद्धि न्यूज चरखारी/महोबा।

कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुढ़ा में विगत दिवस हुई हत्या के मामले का महज 24 घंटे के अन्दर खुलासा कर बुजुर्ग किसान की हत्या के आरोप में उसके ही छोटे पुत्र को गिरफ्तार कर आलाकत्ल ईट बरामद करने में सफलता हासिल की है। कलयुगी पुत्र ने जमीन के लालच में अपने ही बुजुर्ग पिता को ईट से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था और घटना को अंजाम देने के लिए के बाद मौके से फरार हो गया था।

फिलहाल पुलिस ने अपने ही पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए कलयुगी पुत्र को कोर्ट में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।कहावत है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में जर,जोरू और जमीन लिए हत्या होना आम बात है। महज कुछ बीघा जमीन के लालच में हुई रिश्तों के कत्ल की यह सनसनीखेज वारदात चरखारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुढ़ा की है। जहां के निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग किसान लालदिमान की विगत दिवस अज्ञात हमलावर ने गांव के बाहर स्थित खेत में बनी बगिया में सोते समय पत्थरों से कूचकर निर्मम हत्या कर दी थी और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस सहित फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए थे। पुलिस की जांच और स्थानीय लोगों से की गई पूछताछ में सामने आया कि मृतक के हरनारायण और भागवली दो पुत्र हैं जिनमें दोनों पुत्रों के साथ एक-एक माह तक रहने वाले लालदिमान वर्तमान समय में अपने बड़े पुत्र हरनारायण के साथ रह रहे थे और अगले महीने उन्हें अपने छोटे पुत्र भागवली के साथ रहना था। छोटे पुत्र को आशंका थी कि पिता लालदिमान के नाम दर्ज 40 बीघा जमीन बड़ा भाई अपने नाम करवाने वाला है,इसी बात को लेकर छोटे पुत्र भागवली की पिता लालदिमान से कहासुनी हो गई और देखते ही देखते कहासुनी आक्रोश में बदल गई।

- महज 24 घण्टे में किया ब्लाइंड मर्डर मिस्त्री का खुलासा
- जमीन के लालच में पुत्र ने दिया था वारदात को अंजाम




आरोप है कि इसी दौरान कलयुगी पुत्र ने ईट से हमला कर अपने ही पिता की निर्मम हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पुत्र भागवली को अपने ही बुजुर्ग पिता लालदिमान की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने लिया कुलपहाड़ बस स्टैंड में कराए गए सुंदरीकरण कार्य का जायजा



समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।

परिवहन विभाग द्वारा नगर के रोडवेज बस स्टैंड का सुन्दरी करण मरम्मत का कार्य 80 लाख रुपए की लागत से कराया गया है, जिसमें इंटरलॉकिंग, सेल्फी प्वाइंट, सोलर लाइटिंग, दुकान निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय एवं टिकट बुकिंग भवन का पुनरुद्धार कराया गया। जिसका निरीक्षण एआरएम महोबा प्रवीण कुमार द्वारा किया गया।

झांसी मिर्जापुर राजमार्ग पर महोबा राठ रोड में एकमात्र बस स्टैंड कुलपहाड़ नगर में है। जिसका निर्माण लगभग 50 वर्ष पूर्व कराया गया था, लेकिन उसमें यात्री सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं था। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कुलपहाड़ विकास समिति द्वारा बस स्टैंड के पुनर्निर्माण हेतु चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया को कई बार ज्ञापन दिया गया। जिनके अथक प्रयास से लगभग 80 लाख रुपए परिवहन मंत्री द्वारा स्वीकृत किया गया। इस निधि से बस स्टैंड के फर्श में इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया। विधायक निधि से बने प्रतीक्षालय में लोहे की जाली, दरवाजे, जंगले टायल्स एवं लाइटिंग का कार्य कराया गया। इसके अलावा दो दुकानों का निर्माण कराया गया। विद्युत व्यवस्था हेतु 5 किलो वाट का सोलर पावर सिस्टम लगाया गया। बस स्टैंड को वैभवशाली बनाने हेतु शोभाकारी फूलों की बगिया का निर्माण भी कराया गया। यात्रियों को गर्मियों में ठंडे पेयजल हेतु बोरिंग करा कर वाटर कूलर की व्यवस्था भी की गई।

कार्य पूर्ण हो जाने पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महोबा प्रवीण कुमार व अवर अभियंता मनोज पांडेय ने नवनिर्मित बस स्टैंड का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों गेट पर बैरियर लगाने एवं प्रांगण में स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड की स्वच्छता और सुरक्षा का कार्य स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों पर है। उन्होंने एक सफाई कर्मी की नियुक्ति का भी आदेश दिया है।

# नर्सरी में आठ फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कम्प

- सूचना के बाद भी नहीं पहुंची वन विभाग की टीम
- युवक ने बहादुरी दिखा अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा


समृद्धि न्यूज, महोबा।

मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने शीतला नर्सरी में अजगर निकलने से हड़कम्प मच गया। सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम रेस्क्यू के लिए नहीं पहुंच सकी बाद में युवक ने अजगर का रेस्क्यू कर उसे बोरा में भरकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। शहर से



निकले कानपुर सागर राजमार्ग में स्थित भाजपा कार्यालय के पास स्थित शीतला नर्सरी संचालित है। रविवार को नर्सरी की संचालिका समीक्षा तिवारी ने गमलों में एक विशाल अजगर को देखा। जिसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह को दी गई। वन विभाग ने संसाधनों की कमी और रेस्क्यू के लिए प्राइवेट लोगों की मदद लेने की सलाह देकर मामला टाल दिया। अधिकारियों ने कहा कि वह भी प्राइवेट लोगों की मदद से रेस्क्यू कराते हैं। बाद में अजनर की चहल कदमी बढ़ने लगी। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। नर्सरी में काम करने वाले रमेश अहिरवार ने बड़ी ही बहादुरी से विशाल अजगर का सावधानी से रेस्क्यू करते हुए बोरी में बंद कर दिया और बाद में शहर से बाहर कानपुर सागर राजमार्ग किनारे सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व भी यह विशाल अजगर दिखा था जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। अजगर के रेस्क्यू होने से आस पास के लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारों का कहना है कि गोरखगिरि पर्वत श्रंखलाओं में अजगर रहते हैं। इन्हीं के कुनबा का यह सदस्य चहल कदमी करते हुए यहां तक पहुंच गया है।

### श्रीमद्भागवत कथा के भंडारे में हजारों लोगों ने पाया प्रसाद



समृद्धि न्यूज कबरई/महोबा। खन्ना थाना क्षेत्र के अखबई गांव में चल रही शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद महाप्रसाद भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद पाया। बताते चलें कि अखबई गांव में विगत तेरह वर्षो से शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है इस वर्ष बीस दिसंबर को कलश यात्रा के बाद शतचंडी यज्ञ व कथा का आयोजन हुआ कथावाचक श्वेतांबरा जी के श्रीमुख से ग्रामवासियों ने एक हफ्ते कथा का श्रवण किया कथा के अन्त में हवन पूजन हुआ रविवार अट्ठाइस दिसंबर को विशाल भंडारा,महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ जिसमें एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों ने महाप्रसाद पाया। इस अवसर पर नीरज यादव,विनय कुमार,संतोष कुमार गुप्ता,रुचि गुप्ता,हरिमोहन यादव,बब्लू शिवहरे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राम दरस उर्फ़ राम दास एक ही व्यक्ति का नाम है। उक्त नाम परिवार रजिस्टर में अक्षरशः अंकित है, हमें इसी नाम से जाना पहचाना जाय।

**राम दरस उर्फ़ राम दास**
**पुत्र-गोमती**
**ग्राम- सनगद, पो. -बनकटा**
**जनपद-गोरखपुर।**

# लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें विद्यार्थी : राजू भैया

**मां सरस्वती क्लासेज शिक्षा संस्थान का वार्षिकत्सव व बाल मेला संपन्न**



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

उत्कृष्ट शिक्षा की प्राप्ति हमारे जीवन को उत्कृष्ट बनाती है। ऐसे में विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। उक्त बात मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने पेचरुआ धाम स्थित मां सरस्वती क्लासेज शिक्षा संस्थान के वार्षिकत्सव व बाल मेले में बोलते हुए कही।इस मौके पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता राजू भैया ने कहा की मां सरस्वती क्लासेस शिक्षा संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्ता परक शिक्षा देकर उनका सफल मार्गदर्शन कर रहा है। जो की सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज प्रतिभावान बच्चे बाराबंकी का नाम पूरे देश में रोशन कर रहे हैं। राजू भैया ने कहा कि हाल ही में बाराबंकी की बिटिया पूजा पाल ने राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री से पुरस्कार पाकर पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। जबकि पूर्व में राजापुर पोखरा की बिटिया हिमांशी तिवारी ने भी जापान जाकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों का आवाहन किया कि वह कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करें। और जीवन को सफल बनाए। इस दौरान विद्यार्थियों के आग्रह पर राजू भैया ने अपनी रचनाओं को भी प्रस्तुत किया।

व्यापारी नेता जनार्दन शुक्ला एवं महेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा हमें सफलता की ओर ले जाती है। हमें इसके लिए पूरी मेहनत करनी चाहिए। व्यापारी नेता राजकुमार सोनी रानू एवं मुरारी लाल अवस्थी ने कहा कि शिक्षा व कुंजी है जिससे हम जीवन में हर सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।

इस दौरान मां सरस्वती क्लासेस शिक्षा संस्थान के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया ।जबकि आए हुए अतिथियों का संस्थान के विष्णु पांडे तथा मुकेश कुमार पांडे ने अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्मृति दे करके स्वागत किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से माँ सरस्वती क्लासेज संस्था प्रमुख की माँ श्रीमती भारती पाण्डेय, संस्थापक विष्णु कुमार पाण्डेय, व्यवस्थापक मुकेश कुमार पाण्डेय, अध्यापिका शालिनी पाण्डेय, अध्यापक रोहित सिंह, सुधीर अवस्थी, बालकृष्ण सिंह, बृजेश मिश्रा, अजयदीप शर्मा, अजय निर्मल सहित सैकड़ो अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती पर कवि सम्मेलन आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में रविवार को नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित डाक बंगले में चेयरमैन आलोक तिवारी द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन ने कलमकारों,साहित्य जगत के लोगों के अलावा क्षेत्र के गणमान्यजनों को फूल मालाओं व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कम्बल वितरण एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन कर बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया गया। शिक्षाविद एम पी अवस्थी की अध्यक्षता व राम किशोर तिवारी किशोर के संचालन में सम्पन्न हुए कवि सम्मेलन में रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, दुष्यंत शुक्ला सिंहनादी, शिव किशोर तिवारी खंजन, जगजीवनमिश्र, नीरज पांडेय सूर्य, अजय प्रधान सहित तमाम सुविख्यात कवियों ने अटल जी की स्मृति में काव्य पाठ कर मन को आह्लादित कर दिया। इस अवसर पर एससी एसटी आयोग उ0प्र0के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा, कोतवाल अभिमन्यु कुमार मल्ल,वकील संघ के अध्यक्ष राम अचल मिश्रा, महामंत्री सुनील त्रिवेदी, माता-पिता धाम के संरक्षक पंकज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत, समाजसेवी दीपू तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शुशील जायसवाल, राजकुमार सिंह पतौली, बैजनाथ मौर्य, नितिन मौर्य, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सोनी, महेंद्र मिश्रा, शंभू बाजपेई, शरद मिश्रा,हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा, शादाब अहमद, नगर पंचायत कर्मी अजय मौर्या, राजेंद्र यादव सहित तमाम लोक उपस्थित रहे।



**कार्यक्रम में जरूरतमंदों को वितरित किये गये कंबल**

## खबरें एक नजर में

### मानव कल्याण के लिए साल के प्रथम दिवस शिव भक्त करेंगे पदयात्रा



**लालगंज, समृद्धि न्यूज़।** शिव शक्ति मानव सेवा समिति लालगंज के द्वारा आयोजित 18वीं विशाल पदयात्रा वह विशाल भंडारा 1 जनवरी 2026 दिन गुरुवार समय प्रातः 7:00 बजे स्थान श्री पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर सराफा मंडी लालगंज से प्रारंभ होकर श्री भैरवनाथ मंदिर श्री बालाजी मंदिर से होते हुए श्री बालेश्वर मंदिर ऐहार के लिए प्रस्थान करेगी बाबा भोलेनाथ के समस्त भक्तों से आग्रह निवेदन है कि साल के पहले दिन बाबा बालेश्वर धाम की पदयात्रा में सम्मिलित होकर बाबा बालेश्वर महाराज जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करने के साथ-साथ पूरे वर्ष अपने जीवन को सफल बनाएं यात्रा में शिव भक्तों के साथ-साथ समिति के पदाधिकारियों सेवादार समिति के अध्यक्ष रविंद्र मुरारका उपाध्यक्ष पारुल गुप्ता कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता सचिन सचिन गुप्ता महामंत्री सारंग पाडी त्रिवेदी संगठन सचिव जयशंकर गुप्ता नगर प्रमुख दीपचंद गुप्ता मीडिया प्रभारी शिव प्रताप गुप्ता नगर मंत्री दीपक सिंह प्रचार मंत्री प्रतीक शर्मा भंडारा प्रभारी उमाशंकर गुप्ता अंशु गांधी रौनक भदौरिया अनूप चौधरी मोहित गुप्ता विजय राज सिंह कृष्ण गुप्ता रिंकू शर्मा अर्पित गुप्ता लखन गुप्ता सत्यम गुप्ता सुमित त्रिपाठी विकास शर्मा अक्षय गुप्ता रिंकू गुप्ता एवं समस्त सहयोगी संस्थाएं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज जय मां शीतला कमेटी लालगंज आदि प्रमुख रूप से संस्थाएं सम्मिलित रहेंगी।

### क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की मासिक बैठक संपन्न



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत स्थित ए.एच. इंटर कालेज के निकट कार्यालय में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख अनिल दुबे आजाद के निर्देशानुसार क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक संपन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य बरनवाल ने की तथा बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा नए सदस्यों को जोड़ने के साथ-साथ पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार पर खेद प्रकट करते हुए उनकी सुरक्षा के लिए के लिए रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर एस बी सिंह, अदनान चौधरी, राम प्रकाश यादव, सुनील कुमार, मोहम्मद आसिफ एडम, राजू पाण्डेय, राम प्रताप, ओम् नारायन मिश्रा, अमित बाजपेई आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### सीतापुर व बिसवां विधानसभाओं में आयोजित हुआ अटल स्मृति सम्मेलन



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 101 वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं इसी क्रम में विधानसभा सीतापुर और बिसवां में अटल स्मृति सम्मेलनों का आयोजन किया गया सीतापुर विधानसभा में खैराबाद स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपाध्यक्ष देवेश कोरी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक व नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा अटल जी के संपूर्ण जीवन चरित्र एवं राजनीतिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा एक साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्र सेवा का ध्येय बनाकर अपने संपूर्ण जीवन को भारत माता के लिए समर्पित कर दिया। वह आरएसएस के एक प्रचारक से लेकर देश के प्रधानमंत्री के पद पर सुशोभित रहे और जीवन में उनके द्वारा किए गए कार्यों से पार्टी और देश दोनों गौरवान्वित हुए। कार्यक्रम का संचालक रोहित सिंह द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला रहे इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राकेश त्रिपाठी, खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, जया सिंह, अनूप विश्वकर्मा, जितेंद्र मल्होत्रा, सुनील मिश्रा कंचन प्रभा पांडे, रमेश भार्गव दीपू, लोकेश मिश्रा, मनोज वर्मा सीतापुर व बिसवां विधानसभा के समस्त मंडल अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता समर्थक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद कार्यकारिणी कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर विकास खण्ड सिंहपुर काँग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने पर रविवार को पैदल मार्च कर प्रदेश सरकार की नीतियों का जमकर विरोध किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अहोरवा भवानी स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यालय से माँ अहोरवा भवानी मंदिर तक सैकड़ों की संख्या में पैदल मार्च करते हुए भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने पर सरकार की जनहित विरोधी नीतियों का जमकर विरोध प्रदर्शन कर सरकार विरोधी मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी सर्वेश सिंह, गोपी बाजपेयी, देवेन्द्र शुक्ला, शैलेश मौर्या, अशोक सैनी, विनय पासी, रवि बाजपेयी, वकार खान, शिवबरन पासी, आशाराम आदि मौजूद रहे।

### धरौली गांव में सम्पन्न हुआ हिंदू सम्मेलन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक मुसाफिरखाना के निकटवर्ती गांव धरौली में सरस्वती मैरिज लॉन में हिंदू सम्मेलन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता गायत्री मंदिर मुसाफिरखाना के प्रधान पूजारी विजय बहादुर सिंह ने की। आरएसएस के जिला प्रमुख प्रेम बहादुर तिवारी ने सम्मेलन की आवश्यकता पर विस्तार से जानकार देते हुए कहा कि आज अवश्यकता इस बात की है कि सभी हिन्दू भाइयों को भेद भाव भुलाकर एक होकर राष्ट्र हित में कार्य करे। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पुजारी जी ने अपने संबोधन में हिंदू एकता के महत्व पर विस्तार से अवगत कराया कि संघ में ही शक्ति है और वर्तमान समय में सभी मतभेदों को भुलाकर एक रहना चाहिए। सम्मेलन में अन्य लोगों के अलावा प्रेम बहादुर तिवारी, यशपाल सिंह, भारत सिंह, पूर्व शिक्षक शर्मा जी, अरविंद कुमार तिवारी, पप्पू, राजू श्रीवास्तव, राम कृष्ण तिवारी व गोविंदा, साधू राम गुप्ता, मनीष गुप्ता सहित अन्य लोग सम्मेलन में उपस्थित रहे।

### तहसीलदार की उपस्थिति में हटाया गया अवैध कब्जा

**बिसवां-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी की मौजूदगी में ग्राम भुइला कला स्थित चारागाह की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। गाटा संख्या 1833, रकबा 0.644 हेक्टेयर पर भुइला कला निवासी प्रकाश पुत्र सुंदर द्वारा कब्जा किया गया था। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की जुताई कराकर कब्जा मुक्त कराया और चारागाह के उपयोग हेतु ग्राम प्रधान बिंदेश्वरी को सुपुर्द कर दिया। साथ ही इस कार्रवाई की जानकारी खंड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह को भी दी गई। भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान लेखपाल आशीष यादव, थाना मानपुर के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, सौरभ सहित तहसील व पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




### किसना डायमंड ग्रुप : मैराथन में सैकड़ों ने लिया हिस्सा, मिला डायमंड

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी कंपनी के द्वारा आयोजित मैराथन में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया रायबरेली में मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से इस मैराथन की शुरुआत हुई द्य किसना ग्रुप के द्वारा आयोजित इस मैराथन में हिस्सा लेने के लिए सुबह 7:00 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में लोग इकट्ठा हो गए मैराथन को वरिष्ठ सर्जन डॉ आर एस मालवीय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ों लोगों के साथ स्वच्छ भारत अभियान के लिए आयोजित मैराथन स्टेडियम से निकलकर बस स्टॉप पहुंची वहां से डिग्री कॉलेज चौराहा महिला थाना होते हुए स्टेडियम में समाप्त हुई द्य किसना डायमंड ग्रुप ने इस मैराथन में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भागीदार को डायमंड का उपहार देने की घोषणा की थी जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार इंद्रजीत व द्वितीय पुरस्कार सौरभ कुमार को प्राप्त हुआ द्य तथा महिला ग्रुप में प्रथम पुरस्कार वर्षा सिंह को व द्वितीय पुरस्कार शशि को मिला है इन दोनों ही विजेताओ को डायमंड ज्वेलरी उपहार में दी गई है।

## ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत भ्रमणशील रहें अधिकारी : जिलाधिकारी

**रैन बसेरों में गर्म पानी, प्रकाश, अलाव व सुरक्षा की समुचित हो व्यवस्था : एडीएम एफआर**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त तहसीलों में अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर स्थाई और अस्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण करने का आदेश दिया साथ ही चिन्हित अलाव प्वाइंटों का भी जायजा लेने को कहा इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए।

अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जनपद में ठंड व शीतलहर के मद्देनजर व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। नगरीय क्षेत्र व जनपद की समस्त तहसीलों के अंतर्गत रैन बसेरा अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था की गई है। जनपद में आज अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए गए कि कोई भी व्यक्ति खुले स्थान पर न रहे, भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित कराया जाए, यदि कही पर कोई ऐसा व्यक्ति दिखाई दे तो उसको पास के रैन बसेरा में आश्रय दिलाई जाए।





कंबल वितरण ः जनपद में आज विभिन्न स्थलों पर शीतलहर से बचाव हेतु जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया, इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव ने लालगंज तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए।

## लीजेंट क्रिकेट प्रतियोगिता में कमेंट्री कर रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मखदूम शाह मेला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय लीजेंट क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला दिन उस समय मातम मे बदल गया जब मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे युवक जमाल मेंहदी की अचानक हार्ट अटैक आया और ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई।जो मैदान कुछ देर पहले तालियों,शोर और उत्साह से गूंज रहा था वही मैदान पल।भर में सन्नाटे में डूब गया।

शनिवार की सुबह प्रतियोगिता का शुभारंभ व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन और महामंत्री मोहम्मद वहीद द्वारा फीता काटकर किया गया था। पहला मुकाबला कर्मा इलेवन और डायमंड इलेवन के बीच खेला जा रहा था।टॉस जीतकर डायमंड इलेवन ने पहले गेंदबाजी चुनी। कर्मा इलेवन ने दस ओवरों में 80 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डायमंड टीम को अंतिम दो ओवरों में 18 रनों की जरूरत थी और मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका था।इसी रोमांच के बीच कमेंट्री बॉक्स से आवाज दे रहे कस्बे के जाने-माने और खेल।प्रेमी युवक जमाल मेंहदी को अचानक पसीना आने लगा।

सीने में तेज दर्द हुआ और देखते ही देखते वे माइक छोड़कर मूर्छित होकर गिर पड़े। यह दृश्य देखकर खिलाड़ियों, दर्शकों और आयोजको में हड़कंप मच गया। मैदान में मौजूद लोग बदहवास हो उठे, किसी को समझ नहीं आया कि क्या करें। आनन-फानन में जमाल मेंहदी को निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।रविवार की सुबह इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।हर आंख नम थी और हर चेहरा गमगीन। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं खेल जगत से जुड़े लोग इस घटना से गहरे सदमे में हैं। जमाल मेंहदी केवल एक कमेंटेटर नहीं, बल्कि खेल के सच्चे प्रेमी थे, जिनकी आवाज से मैचों में जान आ जाती थी। उनके अचानक चले जाने से नगर ने एक जिंदादिल और उत्साही युवा को खो दिया। दुखद घटना के बाद आयोजन समिति ने मैच को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया।समिति अध्यक्ष फहीम सिद्दीकी ने कहाकि इस अपूरणीय क्षति से सभी आहत हैं और आगे की रणनीति समिति से विचार-विमर्श के बाद तय की जाएगी।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू महराजगंज, रायबरेली में अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा-अध्यापक और विषय- अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की। शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए जो छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को अपने बच्चों की शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए तथा पढ़ाई के साथ बच्चे के चरित्र निर्माण में भी आपका सहयोग प्रार्थनीय है।

## समाजसेवी पूर्व शिक्षक की मनाई गई पुण्यतिथि



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिले के भेंटुआ ब्लॉक अंतर्गत स्वामी दशरथ जी महाराज बालिका इण्टर कॉलेज गैरिकपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व शिक्षक व समाज सेवी रमाकांत सिंह की सोलहवीं पुण्यतिथि कालेज के प्रबंधक बाबू अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वैदिक विधि विधान से हवन पूजन किया गया जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। आयोजन में उपस्थित वक्ताओं ने स्व रमाकांत सिंह द्वारा शिक्षा व समाज सेवी के रूप में की गई सेवाओं के भूरि भूरि सराहना की गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रसाद वितरण व बाल भोज का आयोजन किया गया। समापन अवसर प्रबंधक द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों से अच्छी सीख मिलती है और उनके दिखाए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

उल्लेखनीय है कि यह विद्यालय स्व रमाकांत सिंह की ही देन है उन्होंने विद्यालय का नाम अपने नाम न रखकर महान योगिराज संत स्वामी दशरथ जी महाराज के नाम रखा है।

### चाचा ने साथियों संग मिलकर भतीजे को उतारा मौत के घाट, दो गिरफ्तार, एक फरार

**बछरावां समृद्धि न्यूज़।** 1 दिसंबर 2025 को स्थानीय थाने पर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अभिषेक कुमार पुत्र श्री रामकृपाल यादव निवासी ग्राम जगन्नाथपुर पोस्ट देहली थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली का शव संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम सब्जी स्थित छोटकवा खेड़ा पुलिया के पास मिला। प्राप्त सूचना पर थाना बछरावा पुलिस टीम द्वारा मय फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण घातक चोटों से होना दर्शाया गया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त रामचंद्र यादव के द्वारा बताया गया कि उनका भतीजा अभिषेक यादव पुत्र राम कृपाल द्वारा नशे में आए दिन परिवार के लोगों के साथ मारपीट व घर की बहू बेटियों के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया जाता था और विरोध करने पर वह मारपीट करता था। जिससे तंग आकर हमने अपने रिश्तेदार विजय यादव पुत्र रामशंकर यादव निवासी रामपालखेड़ा मजरे इचौली थाना बछरावां जनपद रायबरेली एवं विजय यादव के दोस्त रमेश यादव उपरोक्त के साथ मिलकर अभिषेक यादव उपरोक्त के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर उसकी हत्या कर उसके शव को नहर पुलिया के नीचे छुपा दिया था।

### निरीक्षक विशाल संगारी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पुलिस के निरीक्षक विशाल संगारी को उनके द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्यकुशलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदार पुलिसिंग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। निरीक्षक विशाल संगारी ने वर्ष 2023 में मेरठ जनपद में तैनाती के दौरान एक गंभीर एवं संवेदनशील धर्मपरिवर्तन प्रकरण में पैसों के प्रलोभन के माध्यम से आपराधिक मामलों में धाराओं में परिवर्तन कराने वाले संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया। उक्त गिरोह द्वारा न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा था, जिससे कानून व्यवस्था एवं न्याय प्रणाली की निष्पक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था। निरीक्षक विशाल संगारी द्वारा सूझबूझ, गोपनीय जांच, तकनीकी साक्ष्यों के संकलन तथा विधिसम्मत कार्रवाई के माध्यम से गिरोह की गतिविधियों का खुलासा कर उसके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। उनके इस कार्य से न केवल अपराधियों पर अंकुश लगा, बल्कि कानून के शासन को सुदृढ़ करने एवं पुलिस प्रशासन की विश्वसनीयता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हुआ। माननीय मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षक विशाल संगारी की इस सराहनीय उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार अधिकारी पुलिस बल की सशक्त नींव होते हैं तथा समाज में कानून के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। निरीक्षक विशाल संगारी को प्रदान किया गया यह सम्मान उत्तर प्रदेश पुलिस बल की प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

## इंस्टाग्राम की दोस्ती पर सात फेरों के बंधन में बंधी रेशमा बानो

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद निवासिनी रेशमा बानो ने रायबरेली के अभिषेक संग रचाई शादी। गौरतलब हो कि जिले की रहने वाली रेशमा बानो ने रायबरेली निवासी अभिषेक सोनकर के साथ सात फेरे लेकर अपने प्यार को नई मंजिल दी। दोनों की दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी, जो धीरे-धीरे गहरे प्यार में बदल गई। बताया जाता है रेशमा और अभिषेक बीते तीन वर्षों से एक-दूसरे से मोहब्बत करते थे। लंबे समय तक चले प्रेम संबंध के बाद दोनों ने परिवार और समाज की परवाह किए बिना साथ जीवन बिताने का फैसला किया। इसके बाद रायबरेली शहर के जेल रोड स्थित एक मंदिर में दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में सीमित लोग मौजूद रहे।



विवाह के बाद दोनों ने एक-दूसरे के साथ खुशहाल जीवन बिताने की कसमें खाईं। यह विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है, जहां सोशल मीडिया के जरिए शुरू हुई दोस्ती विवाह तक पहुंचने की कहानी लोगों के बीच चर्चा में है।



### बिसवा पहुंचे सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय

**बिसवा (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** ब्राह्मण समाज एवं सवर्ण समाज के लोगों को अब केवल नेता बनने तक सीमित न रहकर किंगमेकर की भूमिका निभानी चाहिए। यह विचार सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय ने बाबा मंशाराम के निकट निर्माणाधीन भगवान परशुराम मंदिर परिसर में समाज के लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकजुट होने की सबसे अधिक आवश्यकता है। आपसी एकता से ही समाज हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना सकता है। सर्वेश पांडेय ने समाज की घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिशा में गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है! उन्होंने समाज के लोगों से भगवान परशुराम मंदिर के निर्माण में तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील भी की। इससे पूर्व मंशाराम चुंगी पर सर्वेश पांडेय का जोरदार स्वागत फूल-मालाओं के साथ किया गया। इस अवसर पर बाबा पवन दास, संजीव अवस्थी, मुकुट बिहारी वाजपेयी, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, सुबोध अवस्थी, वीरेश मिश्रा मोनू त्रिवेद्वी नीरज मिश्रा, राजन मिश्रा, सुभाष बाजपेयी, अमरेंद्र बाजपेयी, कमल शुक्ला, मन्ना लाल बाजपेयी, प्रेम शंकर बाजपेयी, रजनीश मिश्रा, संजय मिश्रा, सुरजीत मिश्रा, प्रभाकर शुक्ला, राजू बाजपेयी, तुषार शर्मा, अंशुल बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## सेंट जेवियर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना बेहद जरूरी है, क्योंकि संस्कारों से ही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करते हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्ध वीर सिंह ने सेंट जेवियर स्कूल के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने बच्चों को करियर के साथ-साथ देश के प्रति जागरूक होने की भी आवश्यकता बताई।

विशिष्ट अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि बच्चों के विकास में मातृशक्ति की भूमिका सबसे अहम है और यही बच्चे भविष्य के कर्णधार हैं। उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने ज्ञान को सफलता की कुंजी बताया, वहीं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बच्चों की मेहनत व सुंदर प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। विद्यालय के डायरेक्टर संदीप जायसवाल व प्रबंधक मोहित जायसवाल ने अतिथियों का सम्मान किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।



इस अवसर पर पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह, अभिषेक सिंह, प्रांत प्रचार प्रमुख, जिला व सह जिला प्रचारक, पद्मकांत शर्मा, मनोज सिंह, कृत्रिन जायसवाल, बबलू वर्मा, आनंद मिश्र, आलोक गुप्ता, वांछित शर्मा, अशोक बाजपेई, अमर मेहरोत्रा, मुदित सिंहल, अनुज वर्मा, महानारायण वर्मा सहित शिक्षकगण, विद्यालय परिवार व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक शबनम पत्नी मुस्तकीम अपनी संपत्ति आराजी नंबर 494 मिन ग्राम कश्बगिर्द निवाह परगना व तहसील सदर जनपद रायबरेली का जुज़ भाग रकब 1360 वर्ग फीट को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को मुस्कान पुत्री इकबाल अहमद निवासी ग्राम 500 डबल फटाक अहियापुर रायबरेली से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में मुस्कान पुत्री इकबाल अहमद के साथ साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहाद्दी पूरब प्लॉट अबरार, पश्चिम 20 फीट रोड, उत्तर शेष भूमि विक्रेता दक्षिण 20 फीट रास्ता।

आपत्ति हेतु संपर्क करें

**एडवोकेट संजीव कुमार शुक्ला**
**2ड्डस्र फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स केनरा बैंक के ऊपर सुपर मार्केट रायबरेली**
**मो. नंबर 9415190904**

# घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से आएगी पारदर्शिता

▸ एसडीओ बोले प्रत्येक उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश से घरो में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। बिजली चोरी रोकने और बिलिंग में पारदर्शिता लाने के लिए बिजली विभाग इन्हें तेजी से लगा रही है। जिससे रीडिंग के लिए मीटर रीडर की जरूरत नहीं पड़ेगी और बिल मोबाइल पर आएगा। हालांकि कुछ उपभोक्ताओं को अचानक बिल बढ़ने के कारण दिक्कतें आ रही है। वहीं अधिकारी इसे फायदेमंद बता रहे हैं और इससे जुड़ी शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जैसे गलत रीडिंग और बिल की समस्या, और इस प्रक्रिया में कुछ विरोध भी हो रहा है। कस्बा जलालाबाद में विद्युत उपभोक्ताओ के घरों में बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है, कुछ उपभोक्ता का आरोप है की पिछले मीटरो की तुलना में स्मार्ट मीटर तेज गति से चलते है, और बिल भी अधिक चुकाना पड़ता है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट मीटर पारंपरिक मीटरों से अलग होते हैं। इनमें उपभोह्क्ता की बिजली खपत का रियल- टाइम डेटा स्वतः बिजली विभाग तक पहुंच जाता है। इससे न तो मीटर रीडर को घर आने की जरूरत पड़ती है और न ही अनुमान के आधार पर बिल बनने की समस्या रहती है। उपभोक्ता जितनी बिजली खर्च करता है, उतना ही बिल बनता है।

### चोरी पर लगेगी लगाम

जलालाबाद। गुरसहायगंज एसडीओ पंकज चौधरी ने बताया कि बिजली चोरी रोकने और बिलिंग में पारदर्शिता लाने के लिए उद्देश से घरो में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है, स्मार्ट मीटर पहले के मीटरों कि तुलना में मीटरों के जरिए उपभोक्ता मोबाइल ऐप या डिस्प्ले पर अपनी दैनिक और मासिक बिजली खपत देख सकता है। इससे लोग अपनी जरूरत के अनुसार बिजली उपयोग को नियंत्रित कर सकते हैं और अनावश्यक खर्च से बच सकते हैं। बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य है।

## सौ शैया व सीएचसी में नवजात के लिए बनेंगे स्पोक्स हब मॉडल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नवजात शिशुओं को होने वाली किसी भी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत के लिए अब तत्काल बाहर नहीं भागना पड़ेगा। शासन के निर्देश पर नगर के सौ शैय्या अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को इसके लिए चिन्हित किया गया है। इन दोनों अस्पतालों में स्पोक्स हब मॉडल बनाया जा रहा है, ताकि नवजात को तत्काल बेहतर इलाज मिल सके। सौ शैया अस्पताल के सीएमएस डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य महकमा नव्जात शिशुओं के स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित है। यही कारण है कि अब नगर में भी नवजात शिशुओं को त्वरित बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए सौ शैया अस्पताल के साथ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को चिन्हित किया गया है। इन दोनों अस्पतालों में स्पोक्स हब मॉडल बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए दोनों अस्पतालों में एक-एक अतिरिक्त कक्ष अलग से बनाया जाएगा।

# प्रिया शाक्य के नेतृत्व में मन की बात का सामूहिक श्रवण

▸ ग्रामीणों ने पीएम के संदेशों को गौर से सुना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारने का लिया संकल्प

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने ग्राम लक्षीराम नगला स्थित अपने कैम्प कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129वें संस्करण का उत्साहपूर्वक सामूहिक श्रवण कराया।

इस अवसर पर पीएम मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि जनभागीदारी ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सामाजिक एकता, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत तथा युवाओं की सक्रिय भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए और नागरिकों से इनका सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने पीएम के संदेशों को गौर से सुना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। प्रिया शाक्य ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने वर्ष भर की प्रमुख घटनाओं को रेखांकित किया। विशेष रूप से, जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने भारत पर हमला बोला, तब हमारी सेना ने तत्काल एवं कठोर कार्रवाई कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इससे स्पष्ट संदेश गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता अस्वीकार्य है।

# युवाओं की भागीदारी से ही लोकतंत्र बनता सुदृढ़ : डॉ प्रजापति

## नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को जागरूक करते प्राचार्य डॉ हरिओम

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। यह प्रत्येक नागरिक को सरकार चुनने, अपने विचार और अधिकार व्यक्त करने तथा राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने का सशक्त माध्यम प्रदान करता है। युवाओं की जागरूक और सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र सुदृढ़ एवं प्रभावी बनता है। यह बात प्राचार्य डॉ हरिओम प्रजापति ने कही। गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में मतदाता फैसिलिटी सेंटर (हेल्प डेस्क) की स्थापना की गई, जहां छात्राओं को मतदाता पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मतदान के महत्व, मताधिकार की भूमिका तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की सहभागिता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने की पात्र छात्राओं को ईएलसी प्रभारी डॉ. पल्लवी यादव एवं कोआर्डिनेटर डॉ. शिखा कुमारी द्वारा फॉर्म-6 एवं घोषणा पत्र वितरित किए गए। साथ ही फॉर्म भरने की विधि तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस दौरान समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी रहे।

## वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रा का शुभारंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रा-2025 का भव्य शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक विमलेश दुबे ने किया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती पूजन से हुई, इसके बाद रिबन काटकर औपचारिक शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन और मशाल हस्तांतरण प्रमुख आकर्षण रहे। प्रबंधक ने सफेद कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया तथा विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह आयोजन टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करेगा। प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। तीन दिनों में एथलेटिक्स, दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं होंगी, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारेंगी। प्रथम दिवस में कक्षा 3 से 12 तक रिले रेस, टग ऑफ वॉर, स्टिक रेस तथा नन्हे बच्चों के लिए टर्टल रेस व हर्डल रेस आयोजित हुईं। कक्षा 9-12 रिले रेस (बालक):- प्रथम श्रीओम यादव, द्वितीय आदित्य चौहान, तृतीय देव कुमार शर्मा। बालिका वर्ग में प्रथम कोमल पांडेय, द्वितीय अवंतिका त्रिपाठी, तृतीय सताक्षी दुबे विजेताओं को पदक व प्रमाणपत्र दिए गए।

# ट्रांसफार्मर से तेल-कॉपर चोरी,दो मोहल्लों की बिजली गुल

## उपभोक्ताओं को बिजली संकट का करना पड़ रहा है सामना

समधन, समृद्धि न्यूज।



बीता शनिवार रात चोरों ने एक बिजली ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर कॉइल चोरी कर ली इस घटना के कारण दो मोहल्ले में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। चोरों ने समधन ठाकुर द्वारा के पास गुरसहायगंज फर्रूखाबाद मुख्य सड़क किनारे रखा 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को उसके चबूतरे से नीचे उतारा इसके बाद उन्होंने उसमें से तेल और कॉपर कॉइल निकाल ली इस ट्रांसफार्मर से मोहल्ला सौरखी तरफ व लोहिया नगर में बिजली आपूर्ति पहुंचती है।

रविवार सुबह जब उधर से गुजर रहे लोगों ने ट्रांसफार्मर को नीचे पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना विभाग के कर्मचारियों को दी गई जानकारी मिलने पर बिजली विभाग के लाइनमैन सनोज कुमार और सोनू कुमार मौके पर पहुंचे उन्होंने घटना की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दी ट्रांसफार्मरों से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ट्रांसफार्मर की चोरी करने वाले चोरों के हौसले बुलंद हैं जिससे बिजली विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा है। और उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना भी करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर से चोरी होने से समधन नगर में पूरे दिन बिजली आपूर्ति बाधित रही जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा इस घटना को देखते हुए आसपास क्षेत्र में किसानों के ट्यूबवेलों पर लगे बिजली ट्रांसफार्मर चोरी होने का भी खतरा बन गया है। तमाम किसानों का कहना है कि जब गांव में ट्रांसफार्मर की चोरी होने लगी है तों हम लोग ट्यूबवेलों के ट्रांसफार्मर कैसे सुरक्षित रख पायेंगे।



## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर मनरेगा नाम परिवर्तन का विरोध

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस एक दूसरे को मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने कहा कि कांग्रेस भारत की आजादी और लोकतंत्र की रक्षा करने वाली पार्टी है, जो हमेशा गरीबों और किसानों के हितों की पहरेदार बनी रहेगी। उन्होंने मनरेगा का नाम बदलने पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा यह नाम परिवर्तन महज दिखावा है। मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जो लाखों मजदूरों को 100 दिन का रोजगार गारंटी देता था। भाजपा इसे रोजगार सृजन योजना कहकर कमजोर करना चाहती है, ताकि कॉरपोरेट्स को फायदा हो और गरीब भूखे मरें। हम इस कदम का पुरजोर विरोध करेंगे और जन आंदोलन खड़ा करेंगे। कांग्रेस की नीतियां ही असली विकास की कुंजी हैं। दुबे ने युवाओं को कांग्रेस से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान अजय कुमार दुबे, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, प्रिया श्रीवास्तव, अर्चना राठौर, देवकीनंदन दुबे मुन्ना, संजीव दीक्षित, भैया लाल दुबे, राजेश कुमार, सुरेश तोमर एवं मुकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पउआ नहीं, पॉवर वाला बनना है: कैबिनेट मंत्री संजय निषाद

▸ संविधान की दुहाई देकर समाज को जोड़ने का किया आवाहन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित श्रीराम रिसॉर्ट में आयोजित निषाद पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ.संजय कुमार निषाद ने जहां सपा-बसपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। वहीं मोदी और योगी के लिए जमकर कसीदे पढ़े। उन्होंने कश्यप, बाथम, निषाद समाज के लोगों से आवाहन करते हुए कहा कि पउआ नहीं, पॉवर वाला बनना है, तभी हम रंक से राजा बन पाएंगे। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.संजय कुमार निषाद ने संविधान की दुहाई देते हुए संविधान की प्रति हाथ में लेकर सभी को चेताया कि संविधान के साथ आओगे तो तभी अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जानकारी के आभाव में हमारा समाज राजा से रंक बन गया। उन्होंने कहा कि कभी निषाद राज के पास पॉवर था, तभी भगवान राम ने उन्हें गले लगाया था। अब आपके पास भी पॉवर आ गया है क्योंकि मोदी योगी ने गले लगाया है। हाथी, साइकिल, पंजा वालों के चक्कर में पडक़र तुम लोग राजा से रंक बन गए। पउआ नहीं, पॉवर वाला बनना है। तभी हमारा समाज तरक्की कर सकता है। इसके लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने का काम किया। उन्होंने अपने समाज को एससी से बीसी में कर देने का आरोप भी सपा सरकार पर मढ़ा। इस दौरान समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य मैं बुके देकर उनका स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष बबलू बाथम के संयोजन में हुई इस कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र निषाद, राष्ट्रीय सचिव व अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य मिठाईलाल निषाद, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, विधानसभा प्रभारी विकास कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 45 लोगों को मिला मुफ्त परामर्श



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अस्पताल रोड स्थित नेहा कलेक्शन सेंटर पर रिजेन्सी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 45 लोगों की निःशुल्क जांच कर परामर्श प्रदान किया गया। सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अनिल दुबे ने फीता काटकर किया। शिविर में सभी प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए, जिसमें रक्त नमूने कानपुर रिजेन्सी लैब भेजे गए। रिपोर्ट अगले दिन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. मनोज अवस्थी ने बताया कि भविष्य में ऐसे शिविर नियमित आयोजित होंगे। विशेष रूप से 4 फरवरी को मधुमेह रोगियों के लिए विशेष निःशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर अनुराग अवस्थी, डॉ. यश अवस्थी, सतीश चतुर्वेदी, सजीव चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो चोरी की घटनाओं का खुलासा, तीन गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 20 और 23 दिसंबर की रात हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का एक गैस सिलेंडर, दो बैटरी, तांबे के तार, नट-बोल्ट तथा 2300 रुपये नकद बरामद किए गए है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शंकर उर्फ सोन चिरैया पुत्र रवि, शिव उर्फ खनुआ पुत्र पिंकू तथा वतन उर्फ अंश पुत्र लल्ला बाबू सभी निवासी ग्राम ककरैया थाना छिबरामऊ के रूप में हुई है। पहली घटना 20 दिसंबर को ग्राम अदमापुर निवासी गौरव कुमार के निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत मोटर के केबिल, तार, मशीनरी के नट-बोल्ट, ग्राइंडर आदि चोरी की गई थी। दूसरी घटना 23 दिसंबर को मोहल्ला इब्राहीमगंज निवासी विकास कुमार गुप्ता की दुकान से ताला तोड़कर सिलेंडर, दो बैटरी और 4560 रुपये चोरी की गई। दोनों मामलों में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक रावेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुखवीर सिंह, संदीप कुमार एवं कांस्टेबल नीरज कुमार की टीम ने सराय गूजरमल रोड से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।

# किशोरी को भगा ले जा रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

कालपी ,जालौन समृद्धि न्यूज।

अपने ही गांव की 14 वर्षीय किशोरी को भगा कर ले जाना पड़ोसी युवक को भारी पड़ गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा मामले की विवेचना सब इंस्पेक्टर पुत्तू लाल के द्वारा शुरू कर दी गई है।

उक्त मामले को लेकर यमुना नदी के तट में स्थित ग्राम हीरापुर निवासिनी पीड़ित मां ने कोतवाली कालपी में अभियोग दर्ज कराते हुई अवगत कराया है कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 27 दिसंबर 2025 की सुबह 7 बजे घर से बाहर शौंच के लिए गई थी। जब काफी देर तक घर वापस नहीं आई तब प्रार्थिनी ने अपनी पुत्री की तलाश की तो ज्ञात हुआ कि पुत्री को ग्राम का ही व्यक्ति श्याम पुत्र जगदेव निवासी ग्राम हीरापुर थाना कालपी बहला फुसला कर अपने साथ कालपी की तरफले गया है। तब वह अपने भतीजे के साथ पुत्री की तलाश करते हुए कालपी आई और तलाश किया तो उक्त लड़का श्याम पुत्र जगदेव प्रार्थनी की पुत्री को बहला फुसलाकर कर गलत नीयत से रेलवे स्टेशन से भागने की फिराक में था। तब मैने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी तब पुलिस ने उक्त श्याम को पकड़ लिया।

# गायब छात्रा स्वयं थाने पहुंची, सहेली के साथ गई थी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

सहेली के साथ ग्वालियर गई छात्रा तान्या राजपूत आज थाना कमालगंज पहुंची।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाने के ग्राम बहादुरपुर निवासी राहुल पुत्र रामनरेश ने 18 दिसंबर को अपनी बहन योजना राजपूत की गुमशुदगी की दर्ज कराई थी। राहुल ने पुलिस को अवगत कराया था कि बहन योजना राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष जो 17/12/25 को सुबह करीब 11 बजे रामकृष्ण महाविद्यालय रानूखेड़ा की बोलकर घर से गयी थी तब से बहन योजना राजपूत का पता नहीं चला। काफी खोजबीन की लेकिन ढूंढने में असफल रहा। गुमशुदगी की जांच उपनिरीक्षक भूकेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक के प्रवक्ता ने मीडिया को अवगत कराया है कि थाना कमालगंज पर दर्ज गुमशुदगी से सम्बन्धित गुमशुदा छात्रा आज स्वयं थाना उपस्थित आई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह 17/12/2025 को अपने कॉलेज गई थी। जहाँ से वह अपनी सहेली के साथ अपनी इच्छा से ग्वालियर चली गई थी। उसने आज थाना उपस्थित होकर उसने स्वेच्छा से अपना बयान दर्ज कराया। छात्र ने बताया कि वह अब अपने मात-पिता के साथ रहना चाहती है। थाना उपस्थित होने पर गुमशुदा की माता, भाई, चाचा एवं अन्य परिजन भी आए थे। इस दौरान माता द्वारा पुत्री को समझाने एवं गले लगाने के समय अचानक बेहोश हो गई। जिसे तत्काल चिकित्सीय सहायता हेतु सीएचसी कमालगंज भेजा गया। गुमशुदा छात्रा को थाना कमालगंज से सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## अधेड़ की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला बगिया निवासी राजकुमार उम्र 53 वर्षीय पुत्र बाबूराम की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

## छात्रा को भगाने का आरोप

**जालौन,उरई।** इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए गई छात्रा को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी जालौन के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। घर से प्रतिदिन अपनी छोटी बहिन के साथ आती थी। शनिवार को छोटी बेटी की तबियत खराब थी, तो बड़ी बेटी अकेली ही इंटर कॉलेज के लिए आ गई थी। बेटी के विद्यालय आने के बाद वह भी पत्नी के साथ खेतों पर चला गया। शाम तक जब बेटी वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। जिसमें पता चला कि उनकी बेटी को कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदनेपुर निवासी एक युवक अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

# अंबेडकर चौराहे से भगत सिंह चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव बनाने के निर्देश

▸ उरई को जाम से मिलेगी राहत, डीएम, एसपी ने किया शहर का स्थलीय निरीक्षण

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



उरई शहर को भीषण जाम की समस्या से निजात दिलाने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रविवार को नगर क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर कब्जा किया गया है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी कर अपने निर्धारित दायरे में रहने के लिए बाध्य किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दुकान के सामने अतिरिक्त ठेला अथवा खुमचा न लगे, जिससे पैदल यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि मार्गों के किनारे लगे प्रचार होर्डिंग्स को पीछे की ओर शिफ्ट कराया जाए, ताकि सड़क की चौड़ाई बाधित न हो।

साथ ही लोक निर्माण विभाग को अंबेडकर चौराहे से शहीद भगत सिंह चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि फुटपाथों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त रखा जाए। ठेला एवं फल विक्रेताओं के कारण फुटपाथ पर होने वाले अवरोध को समाप्त करने के लिए नगर पालिका को वेंडिंग जोन चिन्हित कर सभी विक्रेताओं को वहां व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को सुविधा मिले और यातायात बाधित न हो। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़क मार्गों पर एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी एवं नगर पालिका को संयुक्त रूप से नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी दशा में रॉन्ग साइड वाहन संचालन न होने पाए। उन्होंने हेलमेट के शत-प्रतिशत अनुपालन पर जोर देते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान एवं नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मार्ग पर बालू, गिट्टी, ईंटा आदि सामग्री मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। निर्देश दिए कि प्रमुख चौराहों पर यातायात संकेतक, बैरिकेडिंग एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे यातायात का सुचारू संचालन हो सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाएगा।

# घना कोहरा छाने से जनजीवन पूरी तरह से हो रहा प्रभावित

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

नगर में रविवार को दिनभर घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया। सुबह से ही आसमान में धुंध नजर आई और दृश्यता बेहद कम हो गई। कोहरे के कारण ठंड में भी इजाफा हुआ, जिससे लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हो गए। आवश्यक कार्यों को छोड़कर अधिकांश लोग बाहर निकलने से बचते दिखाई दिए। रविवार होने के चलते बच्चे तो स्कूल नहीं गए। साथ ही अभिभावक भी बच्चों को घरों में ही रहने के लिए प्रेरित करते नजर आए। कोहरे का सबसे अधिक असर बाजार में देखने को मिला। नगर के मुख्य बाजार बैठगंज, सब्जी मंडी, ज्वालागंज और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। जहां आमतौर पर सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही रहती है, वहां दुकानदार खाली बैठे ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। कई दुकानों पर तो दिनभर इक्का-दुक्का ग्राहक ही पहुंचे, जिससे व्यापारियों में मायूसी देखने को मिली। दोपहिया वाहन चालकों को कोहरे के कारण खासा परेशान होना पड़ा। सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन धीमी गति से रेंगते नजर आए। कई स्थानों पर लोग वाहन की हेडलाइट जलाकर चलने को मजबूर हुए।

# सहकारी चीनी मिल में गन्ना घटतौली को लेकर भड़के किसान, किया हंगामा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सहकारी चीनी मिल में गन्ना तौल के दौरान कथित घटतौली को लेकर किसानों ने हंगामा कर दिया। रोजाना की तरह गन्ना कांटे पर तौल चल रही थी, तभी कुछ किसानों को वजन में अंतर दिखाई दिया। शक होने पर किसानों ने दूसरा ट्रैक्टर ट्रॉली लाकर पहले धर्मकांटे पर तौल कराई और फिर मिल के कांटे पर पहुंचाए। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि धर्मकांटे और मिल के कांटे की तौल में ढाई से तीन कुंतल तक का अंतर आया। नूरपुर गढ़िया के एक किसान ने बताया कि धर्मकांटे पर उसकी ट्रॉली का वजन 100 कुंतल 400 किलो आया, जबकि मिल में 100 कुंतल 160 किलो ही दर्शाया गया। यह देख

- तौल को लेकर किसानों व सीसीओ के बीच हुई नोकझोंक
- जीएम बोले, लोड सेल में तकनीकी दिक्कत थी, जिसे दूर कर लिया गया

बड़ी संख्या में किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर सीसीओ मौके पर पहुंचे। तौल को लेकर किसानों और सीसीओ के बीच नोकझोंक भी हुई। काफी बहस के बाद जब दूसरे कांटे से दोबारा तौल कराई गई तो अंतर सामने आया। किसानों का कहना था कि मिल परिसर में तीन तौल कांटे हैं। जिनमें बीच वाला कांटा खराब है। जहां ट्रैक्टर-ट्रॉली की तौल होती है,


हंगामा करते किसान

जबकि बैलगाड़ी वाला कांटा और खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली का कांटा सही बताया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि रात से कई ट्रॉलियों की तौल हो चुकी है।

जिन ट्रॉलियों में गड़बड़ी सामने आई उनकी तौल तो सही करा ली गई, लेकिन बाकी किसानों का क्या होगा। किसानों का कहना था कि मिल में घटतौली की जाती है। काफी देर चले हंगामे के बाद सीसीओ के समझाने पर किसान शांत हुए। इसके बाद तकनीकी खराबी को ठीक कराया गया। चीनी मिल जीएम ने बताया कि लोड सेल में तकनीकी दिक्कत थी। जिसे किसानों की मौजूदगी में दोबारा कैलिब्रेट कराया गया है। सुबह गन्ने से लदे ट्रॉली की तौल के दौरान यह समस्या सामने आई थी। इस पर पहले तौल करा चुके किसानों की भी दोबारा


गन्ने की होती तौल

तौल कराई गई। जीएम ने बताया कि हर शिफ्ट में कांटे का कैलिब्रेशन किया जाता है और इंजीनियर इसकी निगरानी करता है। सुबह आठ बजे की शिफ्ट में भी दोबारा कैलिब्रेशन कराया गया। जिसमें कांटा सही पाया गया। उन्होंने निगरानी के लिए एक गार्ड भी तैनात कर दिया है। किसानों का किसी भी हालत में अहित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं सीसीओ ने कहा कि घटतौली का कोई मामला नहीं था। रात करीब साढ़े पांच बजे तकनीकी कारण से कांटे में दिक्कत आई थी। जिसे तुरंत तौल रोककर किसानों के सामने ठीक करा लिया गया। जिस ट्रॉली की तौल में समस्या थी उसका तुरंत समाधान किया गया और दूसरे कांटे से मिलान भी कराया गया। उन्होंने कहा कि मिल का कांटा शुद्ध है और धर्मकांटे से उसका कोई संबंध नहीं है।

# चोरी की बैट्री लेकर जा रहे दो चोरों को ई-रिक्शा मालिक ने पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी सलमान उर्फ सोनू नवाबगंज में ई-रिक्शा चलाता है। उसने शनिवार की रात अपना ई-रिक्शा अपने घर के बाहर खड़ा करके घर के अंदर चला गया। सलमान ने बताया कि रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे तक सब कुछ ठीक था, लेकिन रात लगभग एक घंटे खटपट की आवाज सुनकर जब वह बाहर आया तो ई-रिक्शा से चार बैट्री गायब हो चुकी थीं। चोरों की तलाश में सलमान व उसके परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। सुबह लगभग 11 बजे दो युवक एक बाइक पर दो बैट्री लेकर कही जा रहे थे। सलमान की नजर जैसे ही उन पर पड़ी उसने तुरंत अपनी बैट्री पहचान ली और चोरों को भी पकड़ लिया। लोगों द्वारा एक चोर ने अपना नाम अंकुर और गांव हरदुआ बताया। वहीं दूसरे किशोर ने अपना नाम हिमांशु निवासी हरदुआ बताया। दोनों ने बरतल निवासी 45 वर्षीय वीरेंद्र का नाम बताया है। लोगों ने दोनों को बैट्री सहित थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। सलमान ने ई-रिक्शा से बैट्री चोरी की तहरीर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांचकर कारवाही करने का भरोसा दिया।

**समृद्धि न्यूज में खबर प्रकाशित होने के बाद चेता पीडब्ल्यूडी विभाग**

# रातोंरात मानकविहीन ईटों को हटाकर अव्वल दर्जे की पहुंचाई गई


नाले का हो रहा निर्माण

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बिराहिमपुर-नरोत्तमपुर से शाहपुर गंगपुर संपर्क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे नाले एवं सीसी सड़क निर्माण में मानकविहीन सामग्री के प्रयोग की खबर प्रकाशित होते ही विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में निर्माण स्थल पर बदलाव शुरू हो गया। रातोंरात मानकविहीन ईटों को हटाकर अब्बल दर्जे की ईटें पहुंचा दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि कल तक निर्माण स्थल पर टूटी-फूटी, असमान आकार की सस्ती ईटों से काम हो रहा था। उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद तत्काल पुरानी ईटें हटवाने का निर्देश दिया। इसके बाद कार्यस्थल पर पड़ी करीब पांच ट्राली मानकविहीन ईटों को रात में ही हटाकर नई बेहतर गुणवत्ता वाली ईटें पहुंचाई गईं। जिससे आगे का कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि शुरुआत से ही निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया गया होता, तो इतनी जल्दबाजी में बदलाव की जरूरत नहीं पड़ती। ग्रामीणों का मानना है कि पहले घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन की बचत के नाम पर घपला करने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन मीडिया के हस्तक्षेप से मामला खुल गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर अब तक किसी प्रकार का टेंडर स्वीकृति बोर्ड या कार्यदायी संस्था की जानकारी प्रदर्शित नहीं की गई है। यह पूरी तरह नियमों का उल्लंघन है।


बैठक लेते क्षेत्राधिकारी साइबर सेल

## क्षेत्राधिकारी साइबर सेल ने ली पुलिसकर्मियों की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्राधिकारी साइबर सेल की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में साइबर क्राइम पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर सेल अधिकारी/कर्मचारीगण को नवीनतम साइबर अपराध तकनीक रोकथाम उपाय व त्वरित कार्यवाही रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी साइबर सेल ने कहा कि आज साइबर अपराध की घटनायें तेजी से बढ़ रही हैं। इन पर अंकुश लगाना जरुरी हो गया है। इसलिए इस ओर विशेष सतर्ककता बरतने की जरुरत है। आप लोग पूरी तरह से सतर्क रहकर ही इन घटनाओं पर अंकुश पा सकते हैं।

# भ्रष्ट जेई से आजिज महिला बिजली विभाग के लगा रही चक्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कई महीने बीत जाने के बाद भी उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा नहीं जोड़ा गया। बिजली विभाग की मनमानी से महिला परेशान है। महिला उपभोक्ता पुष्पा देवी पत्नी राममोहन ने ऑनलाइन मुख्यमंत्री को शिकायत में बताया कि महिला उपभोक्ता के द्वारा 03/07/2025 को ऑनलाइन घरेलू विद्युत कनेक्शन अपलाई किया गया था। जिसका सर्वे जेई पांचाल घाट के द्वारा किया गया और नियमानुसार उपभोक्ता के घर 17/07/2025 को उपभोक्ता के परिसर पर मीटर लगवा दिया गया।

- पहले कनेक्शन दिया, बाद में मीटर उखाड़ लिया, शिकायत सीएम से

जिसका नंबर 5254670 है। दो महीने तक सब ठीक ठाक चलता रहा। उसके बाद अधिशाषी अभियंता बृजभान सिंह के आदेश पर जेई के द्वारा 13/07/2025 को उपभोक्ता के परिसर से मीटर उखाड़ लिया गया। इसका कारण जब महिला उपभोक्ता ने जेई से पूछा, तो वह जबाव देने से बचता रहा और कहा कि बड़े साबह से पूछो। उपभोक्ता कई दिनों तक दफ्तरों के चक्कर लगाती रही, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद महिला उपभोक्ता ने ऑनलाइन मुख्यमंत्री से शिकायत की। जिसकी फर्जी आख्या अधिशाषी अभियंता बृजभान सिंह ने लगा दी। जिसमें दर्शाया कि उपभोक्ता ने कम दूरी दिखाकर कनेक्शन ले लिया था, जबकि 35 मीटर दूरी देखकर जेई ने कनेक्शन दिया है।

सरकार एक तरफ महिला सशक्तिकरण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी तरफ एक महिला लगातार बिजली की समस्या के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रही है। वहीं अगर महिला से मांगे हुए पैसे जेई को दे दिए जाते, तो शायद यह सब न होता। खैर अब देखना होगा कि क्या महिला को न्याय मिल पाएगा या नहीं।

## सोलर पैनल व अवैध तमंचा के साथ चोर गिरफ्तार


गिरफ्तार चोर व बरामद सोलर पैनल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पुलिस ने चोरी के अभियोग से संबंधित शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सोलर पैनल व एक अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। दिनांक 14.12.2025 को पीड़ित वीरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 शिवपाल सिंह निवासी ग्राम निब्बी नगला थाना मऊदरवाजा द्वारा प्रार्थना पत्र बावत ग्राम गुतासी स्थित दुकान पर से दिनांक 13/14.12.2025 की रात्रि किसी अज्ञात चोर द्वारा 6 सोलर पैनल चोरी करने के संबंध में दिया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 364/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में दिनांक 27.12.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा 01 चोरी की सोलर पैनल के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त व्यक्ति की तलाशी के दौरान 01 देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर अवैध बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम अतुल उर्फ राजा उपरोक्त बताया। अभियुक्त अतुल उर्फ राजा उपरोक्त के पास से बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

# फसल बीमा योजना में करोड़ों की अनियमितता

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2024-25 में जनपद फर्रुखाबाद की दो ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जाँच में यह खुलासा हुआ है कि बिना भूमि वाले अपात्र किसानों को फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया गया, जो योजना के स्पष्ट प्रावधानों का उल्लंघन है।

ग्राम पंचायत बल्लीपट्टी रानीगंज में कुल 15 किसानों को 25,15,048 की फसल बीमा धनराशि का भुगतान किया गया था। जाँच में पाया गया कि इनमें से 14 किसानों के पास संबंधित राजस्व ग्राम में कोई भूमि ही उपलब्ध नहीं है। शेष एक किसान के पास मात्र 0.026 हेक्टेयर भूमि पाई गई। जिसके सापेक्ष उसे देय 2,228.72 के बजाय 25,716 का भुगतान किया गयाए यानी 23,487.28 की अधिक राशि दी गई। इस प्रकार बल्लीपट्टी रानीगंज में कुल 24,89,332 की धनराशि अनियमित रूप से वितरित की गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गुड़रा/जुदरा में 07 किसानों को 18,37,825 (अन्य आख्या अनुसार 1,87,825) की फसल बीमा धनराशि दी गई, जबकि जाँच में स्पष्ट हुआ कि इन सभी किसानों के पास भी संबंधित ग्राम में कोई भूमि उपलब्ध नहीं थी। प्रथम दृष्टया अनियमितता सामने आने पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के आदेश पर तहसील स्तरीय जाँच समिति गठित की गई। सहायक चकबंदी अधिकारी, लेखपाल चकबंदी, उप संचालक चकबंदी फर्रुखाबाद सहित अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जाँच आख्या एवं फसल बीमा कंपनी एग्रीफेस एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों के परीक्षण में गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं। जाँच के दौरान संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों ने पोर्टल की धीमी गति और बार-बार लॉगआउट होने का हवाला देते हुए डाटा फीडिंग में बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से सहयोग लेने की बात स्वीकार की। उप कृषि निदेशक फर्रुखाबाद अरविन्द मोहन सिंह द्वारा प्रस्तुत अंतिम जाँच आख्या में यह निष्कर्ष निकाला गया कि फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि प्रवीण पाल, विकास कुमार व अरुण कुमार तथा बैंक ऑफ इंडिया (जलालाबाद, गनीपुर जोगपुर) आर्यावर्त बैंक (गांधी व अमृतपुर) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (मदनपुर (एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, फर्रुखाबाद के शाखा प्रबंधक व संबंधित कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत कर योजना के विपरीत कार्य किया। जाँच में इन सभी को फसल बीमा धन के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता तथा अपात्र किसानों को अनुचित लाभ पहुँचाने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। उप कृषि निदेशक ने संबंधित दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर कठोर कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की है। जाँच आख्या की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ एवं कृषि निदेशक को भी प्रेषित की गई है।

# रेहड़ी-पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना के पंजीकरण शुरु

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद कायमगंज में पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही है। जिसके तहत उन्हें 10,000/-, 20,000/- और 50,000/- तक के कार्यशील पूंजी ऋण 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी के साथ मिलते हैं और इसके लिए लाभार्थियों का पंजीकरण कायमगंज नगर पालिका में हो रहा है। नगर पालिका द्वारा बताया गया कि योजना का उद्देश्य शहरी स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी कोलैटरल (गिरवी) के ऋण प्रदान करना। इसके लिए शहरी या अर्द्धशहरी क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडर्स जिनके पास नगर पालिका द्वारा

- सात प्रतिशत ब्याज सब्सिडी और डिजिटल लेनदेन पर कैशबैक की मिलेगी सुविधा

जारी वेंडिंग सर्टिफिकेट या पहचान पत्र हो या सिफारिश पत्र हो। ऋण की राशि पहले चरण में 15,000/- दूसरे में 25,000/- और तीसरे में 50,000/- तक दी जायेगी। वहीं समय पर पुनर्भुगतान पर 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी और डिजिटल लेनदेन पर कैशबैक की सुविधा मिलेगी। नगर पालिका परिषद कायमगंज में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# एसडीएम के छापे से भट्टा मालिकों में हड़कंप, मिलीं अनियमितताएं


भट्टे पर जांच पड़ताल करते एसडीएम


अवैध रुप से पाथी गयीं ईटों को जेसबी से तुड़वाते अधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने खनन अधिकारी राजेश सिंह के साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम लखनपुर ब्रिक्र फील्ड पर छापा मारा। जॉच के दौरान भट्टे पर अवैध खनन पाया गया। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने मौके से एक जेसबी मशीन जब्त की। जब्त मशीन को पुलिस को सौंपा। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह खनन अधिकारी राजेश सिह की टीम के साथ चिलसरा स्थित ईंट भट्टे पर छापा मारकर जाँच पड़ताल की। इसमें कई अनियमितताएं सामने आईं। भट्टा संचालक ने न तो सरकार को रायल्टी जमा की और न ही उसके पास प्रदूषण विभाग से सम्बन्धित कोई दस्तावेज थे। बिना अनुमति के ईंट बनाने का काम धड़ल्ले से चल रहा था। अवैध पाए जाने पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने तत्काल मौके पर जे0सी0बी0 मंगवाई। देखते ही देखते भट्टे पर रखी हजारों कच्ची ईटों को तोड़कर नष्ट करवा दिया। अधिकारियों की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य भट्टा संचालकों मे हड़कम्प मच गया। एसडीम ने नूरजहाँ ब्रिक फील्ड के संचालक को बकाया रायल्टी तुरन्त जमा करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी यदि नियमों का उल्लंघन जारी रहा और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए तो भट्टे को सील कर दिया जायेगा।

# सुविधा शुल्क मांगे जाने की शिकायत पर सीएमओ ने दो नर्सों का रोका वेतन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने रविवार को नवाबगंज ब्लॉक के अचरिया बाकरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी में गंदगी पाए जाने पर उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सक को फटकार लगाई। सीएमओ ने आशा कार्यकर्ताओं से भी विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली। इसके बाद सीएमओ अचरा खलवरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे स्वास्थ्य मेले में पहुंचे। वहां उन्होंने दवा लेने आए मरीजों से बातचीत की और बुजुर्गों से आयुष्मान कार्ड बनने या न बनने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बाद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी नवाबगंज में इलाज के लिए पहुंचे गांव


अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ

कड़िउली निवासी गोमती देवी पत्नी अजीत के परिजनों ने स्टाफ नर्सों पर सुविधा शुल्क लेने का गंभीर आरोप लगाया। शिकायत की जानकारी मिलने पर सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर मौजूद स्टाफ नर्स मधु और रेनू का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## दबंगों ने महिला को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद इटावा थाना औरैया क्षेत्र के शाहीपुर निवासी कमलादेवी पत्नी हरिओम ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपने दो बच्चों अरुण व पलक को साथ लेकर अपने मायके चरन नगला थाना कायमगंज आई थी। वह घर पर बैठी थी। उसी दौरान विवेक पुत्र रामवीर का बेटा घर आया, तो हमने उसे जमीन पर बैठने को कहा। इसी बात पर कमला देवी के पुत्र किशन, दाऊ नरेश, उनका बेटा रामवीर, रिषी, आर्यन ने एक राय होकर गाली गलौज कर लाठी-डन्डों से मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# कड़ाके की सर्दी में जनजीवन प्रभावित, नहीं निकली धूप


सुबह के समय छायी कोहरे की चादर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की सर्दी में मनुष्य ही नहीं, वरन पशु पक्षी भी बेहाल हैं। लोग पूरे-पूरे दिन अलाव के पास बैठकर दिन गुजार रहे हैं।

वहीं सर्दी के चलते बसों में यात्री दिखायी नहीं दे रहे हैं। वहीं आज पूरा 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरे दिन धूप के दर्शन नहीं हुए। कड़ाके की सर्दी के चलते जनजीवन प्रभावित है। बीते दो दिनों से सूर्य के दर्शन नहीं हुए हैं और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सड़कों पर सुबह के समय चहलकदमी कम दिख रही है और यात्री भी घरों से निकलने से बच रहे हैं। पिछले लगभग 15 दिनों से सर्दी का प्रकोप जारी है। शनिवार रात से घना कोहरा छाने लगा था। रविवार सुबह 6 बजे दृश्यता लगभग 15 मीटर थी, जो हवा चलने के बाद कम होकर 7:30 बजे तक 50 मीटर से अधिक हो गई। ठंडी हवा और पाले ने ठिठुरन बढ़ा दी है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस था, जो रविवार को बढ़कर 8 डिग्री सेल्सियस हो गया। गलन भरी सर्दी के कारण रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या में भारी कमी आई है।

रविवार सुबह 7:30 बजे फर्रुखाबाद डिपो की एक बस आगरा के लिए रवाना हुई। जिसमें केवल दो यात्री सवार थे। बस परिचालक ने बताया कि आमतौर पर 8 से 10 यात्री होते हैं, लेकिन सर्दी के कारण यात्री यात्रा करने से बच रहे हैं। सर्दी से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिख रहे हैं। वहीं आसमान धुंध की चादर ओढ़े हुए हैं।

# 2025 की बोर्ड परीक्षा के बचे प्रश्न पत्रों से कराई जायेगी इंटर एवं हाईस्कूल की प्री-बोर्ड परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए छात्र-छात्राओं की प्री-बोर्ड परीक्षा जनवरी माह में करायी जायेगी। यह परीक्षा माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 2025 में आये प्रश्न पत्रों के डबल सेट में बचे हुए प्रश्न पत्रों के सेट से करायी जायेगी। परीक्षा जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्री-बोर्ड की परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ से विद्यालयों में भेजे जायेंगे। इस हेतु जल्द ही तिथि की घोषणा की जायेगी। बोर्ड परीक्षा 2025 हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रश्न पत्रों के डबल सेट भेजे थे। परीक्षा में एक-एक सेट का प्रयोग हुआ। प्रश्न पत्रों का दूसरा बचा सेट जी.आई.सी. फतेहगढ़ में रखवा दिया गया था। शेष बचे डबल सेट के प्रश्न पत्रों का प्रयोग वर्ष 2026 की प्री-बोर्ड परीक्षा में किया जायेगा। विदित है कि विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करना है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं से इंटर व हाईस्कूल की प्री-बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने की अपील की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्री-बोर्ड परीक्षा के माध्यम से परीक्षार्थियों को फरवरी माह में होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए अपनी क्षमता का आंकलन करने में सहायता मिलती है।

# अनियंत्रित मारुति कार खड्ड में पलटी, तीन घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद-बदायुं स्टेट हाईवे पर कार खड्ड में पलट गयी। जिससे कार में सवार तीन लोगों के हल्की फुल्की चोटें आयीं।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद-बदायुं स्टेट हाईवे पर दौलतपुर गांव के पास एक मारुति 800 कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों को हल्की चोटें आईं। यह घटना रविवार सुबह राजेपुर थाना क्षेत्र में हुई। गनीमत रही कि कार की रफ्तार अधिक नहीं थी। कन्नौज जनपद के ग्राम अकबरपुर निवासी ऋषभ अपनी बहन को बुलाने अमृतपुर आ रहे थे। उनके घर पर सुंदरकांड का पाठ होना था। जब वे दौलतपुर गांव के पास पहुंचेए तभी उनकी कार अनियंत्रित हो गई और खड्ड में जा गिरी।


खड्ड में गिरी मारुति कार

कार का अगला और पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से घना कोहरा छाया हुआ है। जिससे सड़कों पर दृश्यता 10 से 15 मीटर तक सीमित हो जाती है। कोहरे के कारण कई सड़क हादसे हो चुके हैं। पुलिस और परिवहन विभाग लगातार वाहन चालकों से अपील कर रहे हैं कि वे नियमित गति से चलें और कोहरे के दौरान विशेष सावधानी बरतें।

# "नेकी की दीवार" का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ

- गरीब व असहाय महिलाओं को बांटे गये कम्बल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

साहस इंडिया ग्रुप द्वारा कृष्णा पैलेस, डीडी सिनेमा में नेकी की दीवार का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, उप जिलाधिकारी व बीके शोभा बहन तथा शशि किरण ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया।

सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सेनापति की बालिकाओं ने वंदे मातरम गीत का गायन किया। संस्था अध्यक्ष सुबोध शुक्ल ने भू विर्सजन रथ चालकों का सम्मान किया। डीएम ने



कम्बल वितरण के दौरान मौजूद डीएम व अन्य

कंबल वितरित किये। अमन अवस्थी के द्वारा संस्था का परिचय कराया गया। उन्होंने कहा कि संस्था विभिन्न कार्यक्रम जिले में आयोजित करती है। जिसमें प्रमुख रूप से खंडित मूर्तियों एवं पूजन सामग्री की सामग्री को घर-घर से एकत्रित करना और उसको व्यवस्थित रूप से विसर्जन करना एवं सर्दियों में नेकी की दीवार कार्यक्रम कर वस्त्र वितरण किया जाता है। 26 जनवरी पर राष्ट्रगान का आयोजन होता है। शोभा बहन ने कहा कि अगर हम अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते रहेंगे अर्थात जहां पर हमारी भूमिका जो है उसको सही से निभाएंगे तो निश्चित हमारा भारत स्वच्छ सुंदर और विश्व गुरु बनेगा।

रंगनाथ मिश्रा ने विचार रखे। धन्यवाद संस्था अध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने ज्ञापित किया। संचालन सुरेंद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर संस्कार भारती अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, सदानंद शुक्ला, वैभव सोमवंशी, विमलेश मिश्रा, सौरव मिश्रा, अजय दुबे, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, गुड्डी पंडित, अभिषेक बाजपेयी, संजय गर्ग, कविता शुक्ला, ज्योति शर्मा, पंकज अवस्थी, प्रदीप नारायन शुक्ला, नारायन दत्त द्विवेदी, राघव दत्त मिश्रा, खुर्शीद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने निराश्रितों को वितरित किये कम्बल

- सातनपुर मण्डी व रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद का किया निरीक्षण
- जरूरतमंदों को हर संभव मदद करायी जाये उपलब्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भीषण शीत लहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कृषि उत्पादन मंडी समिति सातनपुर एवं रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने जरूरतमंद एवं निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैन बसेरों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में


रैन बसेरे में निश्रारित को कंबल उड़ाते डीएम

निरंतर निगरानी रखी जाए तथा अत्यधिक शीत लहर एवं घने कोहरे को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी गरीब अथवा निराश्रित व्यक्ति खुले में सोने के लिए विवश न रहे। डीएम ने कहा कि शीत लहर के दौरान मानवीय संवेदनाओं के दृष्टिगत प्रशासन पूर्ण तत्परता के साथ कार्य करेगा तथा जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 141वां स्थापना दिवस


कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस संयुक्त रूप से पार्टी का झंडा रोहण कर मनाया गया। शकुंतला देवी ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना तब हुई जब देश भर से 72 प्रतिनिधि 1885 में बम्बई में मिले थे, जिसमें प्रमुख प्रतिनिधियों में दादाभाई नौरोजी, सुरेंद्रनाथ बनर्जी, बदरुद्दीन तैयबजी, फिरोजशाह मेहता, डब्ल्यू सी बनर्जी, एस0ग्रामास्वामी मुदलियार, एस0 सुब्रमण्यम अय्यर और रमेश चंद्र दत्त एवं एलन ऑक्टेवियन ह्यूम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, हिलाल शफीकी, आसिफखान, अम्मार अली, मनोज कुमार, सलीम खान, अतीक सलमानी, मो0 शादाब, राजेंद्र कुमार, संजू अग्निहोत्री, धर्मेंद्र शाक्य, अनीता दास, फहीम खान, रमाकांत मिश्रा, कैलाश यादव, अजय प्रताप, सलमान अहमद, अतीक सलमानी आदि मौजूद रहे।


जन संपर्क करते संघ के पदाधिकारी

# संघ का घर-घर जनसम्पर्क अभियान जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में जन-जन घर-घर व्यापक जनसंपर्क अभियान जारी है। मुख्य शिक्षक मुकेश रस्तोगी ने कहा कि शाखा में स्वयं सेवक केवल खेलकूद या एक्सरसाइज के लिए नहीं आते हैं वे स्वयं को राष्ट्र प्रेम, देश भक्ति, सेवा भाव और संस्कारों के अलावा हिंदुत्व के प्रेम और हिंदू कैसे संगठित हो इस पर भी चर्चा भी करते हैं। विजय अवस्थी ने कहा कि विचारधारा को और अपने देश की संस्कृति को विदेशों में भी पहुंचने का काम संघ के माध्यम से किया जा रहा है।

# हाड़ कपाऊ ठंड में तोषित प्रीत सिंह ने राहगीरों को गर्म दूध किया वितरित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भीषण सर्दी के चलते भाजपा नेता सरदार तोषित प्रीत सिंह ने कड़कड़ाती सर्दी में बच्चों व राहगीरों को गर्म दूध वितरित किया। वजीर खान की माता गुजरी और छोटे साहबजादों को ठंडे बुर्ज में कैद किया तो किसी को भी उनकी मदद करने की मनाई थी। बाबा मोतीराम मेहरा ने इस डर को नजरअंदाज करते हुए तीन रातों तक चुपके से दूध लाकर अपनी सेवा की। जब नवाब को उनकी सेवा के बारे में पता चला तो उन्होंने बाबा मोती राम मेहरा और उनके परिवार जिसमें उनके एक सात साल के बेटे व उनकी पत्नी को पकड़वाकर कोल्हू में डालकर शहीद कर दिया। यह घटना सिख


राहगीरों को दूध वितरित करते तोषित प्रीत सिंह

इतिहास में साहस व निस्वार्थ सेवा और धर्म के लिए बलिदान का एक महत्वपूर्ण उदाहर है। जिसे साका सरहिंद के रुप में याद किया जाता है। जिसको लेकर रविवार को प्रातः राहगीरों एवं बच्चों को गर्म दूध वितरित किया गया और सर्दी से निजात दिलाने के लिए सेवा की गई। इस मौके पर चरन प्रीत सिंह, विशाल मित्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंगों के खिलाफ मानवाधिकार के पदाधिकारी डीएम से करेंगे शिकायत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने गांव पहुंचकर पीड़ितों की मदद की और हर सहयोग करने का भरोसा दिलाया। ग्राम नगला भूड़ में शाक्य समाज रहता है। बरसों से यह गांव सरकार की योजनाओं से उपेक्षित है। आज तक सड़क का निर्माण भी नहीं कराया गया।

बड़ी मुश्किलों से जब सड़क का निर्माण चालू किया गया आधा सड़क का निर्माण हो गया है। कुछ अवाजपुर गांव के लोगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए सरकारी सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया। जिसकी सूचना नगला भूड़ निवासियों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सुंदर लल्ला वर्मा को दी। श्याम सुंदर लाला वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय अपनी जनपद की टीम के साथ पीड़ितों की फरियाद सुनने के लिए मौके


मौजूद ग्रामीण व मानवाधिकार के लोग

पर पहुंचे। गौरव यादव, अभिषेक मिश्रा, सौरभ गुप्ता, विनीत शाक्य तथा ग्रामीण के बीच इंजीनियर अशोक यादव को बुलवाकर सारी जानकारी हासिल की। प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे ने ग्रामीणों को पूरा आश्वासन दिया कि हम आपके साथ हैं, आपके साथ कोई भी अन्याय नहीं होने देंगे, ग्रामीणों का रास्ता बनेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे जो सरकारी कार्य रुकवा दिया गया है उसको पुनः चालू करवा के सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

# राम निवास महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न

## विजेता खिलाड़ियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

माय भारत की तरफ से रामनिवास महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बरेली मण्डल के सेवानिवृत्त कमिश्नर जयंत कुमार दीक्षित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रवीण कुमार त्रिपाठी प्राचार्य रामनिवास महाविद्यालय, डॉ.क्रांति कुमार बाजपेई प्राचार्य अवध इस्टिट्यूट आफ फार्मेसी, प्राचार्य डॉ. आशीष सक्सेना, प्रोफेसर संतोष कुमार, रत्नेश कुमार, मुनेंद्र कुमार चौहान, लाल देवेंद्र, अजीत कुमार, राहुल, उजाला आदि ने मौजूद रहकर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता राजेपुर विजेता व बालाजी उपविजेता रहा। खो-खो प्रतियोगिता में दयानंद इंटर


प्रशस्ति पत्र व शील्ड के साथ मौजूद विजेता

कॉलेज विजेता व चित्रकूट टीम उपविजेता रह रही है। अन्य गेम 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग और लंबीकूद बालक वर्ग, लंबीकूद बालिका वर्ग संपन्न कराई गई। इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम माय भारत मेरा युवा भारत की तरफ से आयोजन किया गया, जो की जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी द्वारा किया गया। व्यवस्था लक्ष्मी नारायण पाण्डेय ने देखी।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरु


कलश यात्रा में शामिल महिलायें

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं पुरुषों की भागीदारी सम्मिलित रही। कलश यात्रा के साथ आज से संध्याकालीन भागवत कथा का प्रारंभ हो गया है, जो कि पुरानी धर्मशाला रेलवे स्टेशन के पास प्रारंभ हुई है। इस कथा का आयोजन संतोष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में करवाया जा रहा है। कमालगंज नगर में जगह-जगह लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। जिससे जो लोग कथास्थल पर ना पहुंच सकें उन्हें भगवन कथा घर घर सुनाई पड़े।

# हिन्दू समाज पार्टी के कानपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रदीप व जिलाध्यक्ष आशीष बने


स्वागत के दौरान मौजूद प्रदीप सक्सेना व आशीष गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कानपुर मण्डल परिक्षेत्र का अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता को नियुक्त किया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वह हिन्दू समाज पार्टी के हितों में रक्षा करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर राजेश मिश्रा व संगठन के लोग मौजूद रहे। अंकित तिवारी ने कहा कि संगठन हिन्दू समाज के लिए हर समय तैयार है। उन्होंने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग की और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कार्यवाही करने की मांग की।

# नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान में 53 वाहनों के चालान

- 35 वाहनों में लगवाए गए रिफ्लेक्टिव टेप
- ड्रिंक एंड ड्राइव में एक मोटरसाइकिल सवार पकड़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, क्षेत्राधिकारी यातायात अभय वर्मा तथा यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार द्वारा नगर के पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की गई। टीम ने पाया कि गंगा फिलिंग स्टेशन पर सही आकार का बोर्ड लगा था तथा वहां कोई भी दो पहिया सवार बिना


पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

हेलमेट पेट्रोल लेते हुए नहीं पाया गया। रामशरण अग्रवाल फिलिंग स्टेशन पर चेकिंग कार्यवाही की गई तथा टीम ने यह भी पाया इस पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का बोर्ड नहीं लगा था। इसके बाद टीम द्वारा कोशली इंडियन ऑयल पंप पर औचक निरीक्षण किया गया, वहां भी दो पहिया वाहन बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल लेते पाए गए। कार्यवाही में पुलिस तथा परिवहन विभाग द्वारा पेट्रोल पंप पर 53 वाहनों के चालान किए गए हैं तथा इन पर रुपये 145000 का जुर्माना लगाया गया। टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी पर वाहनों में लगे हुए रिफ्लेक्टिव टेप की जांच की गई तथा 35 वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए।

टीम ने बकाया टैक्स में संचालित एक ओवरलोड ट्रक भी पकड़ा गया, जिससे रुपये 30 हजार जुर्माना तथा 10000 टैक्स वसूल किया गया। एक अन्य ट्रक पर रिफ्लेक्टिव ना लगे होने पर 15000 का जुर्माना वसूल किया गया। टीम ने एक दो पहिया वाहन सवार को मदिरा पीकर वाहन में बिना हेल्मेट पेट्रोल लेते हुए भी पकड़ा गया है।

# मां गंगा सेवा समिति द्वारा ईंट भट्टे पर लोगों को बांटे गये गर्म कपड़े

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मां गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मसेनी स्थित ईंट भट्टे पर पहुंचकर आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित ईंट पाथने वाले मजदूरों और उनके परिवारों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। समिति के सदस्य पांचाल घाट पर पहुंचे और आने वाले मेला रामनगरिया मेला की तैयारियों को देखा। समिति सदस्य पैंटून पुल के निर्माण में असहमत दिखे और प्रशासन से मांग की कि पुल को और सुदृढ़ बनवाया जाए। समिति ने बंधा घाट स्थित नन्हे पंडित के घाट पर श्रमदान किया। श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जित पूजन सामग्री, पॉलीथिन


बच्चों को कपड़े वितरित करते पदाधिकारी

आदि कचरे को भूमि विसर्जन किया। कार्यक्रम में किशन बाथम, राजीव वर्मा, अमन बाथम, आलोक चतुर्वेदी, सिरमित कटियार, नीतू मिश्रा, राजेंद्र बाथम, विवेक बाथम, राजीव वाल्मीकि, आशीष मिश्रा आदि गंगा भक्त उपस्थित रहे।

# एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी ने विजेताओं को किया सम्मानित

- सर सैय्यद स्कॉलरशिप प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ द्वारा सर सैय्यद स्कालरशिप वितरण कार्यक्रम रहमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें नगद धनराशि, प्रशस्ति पत्र व मेडल वितरित किये गये। सोशल मीडिया विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मऊ पब्लिक स्कूल की प्रथम साहिवा नाज़ व द्वितीय स्थान पर शीरिन व तृतीय स्थान पर तैय्यबा शेख व हिफ्जा रहीं। लड़कों में प्रथम अदनान


कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रायें

अली, द्वितीय इमानुल हक व तृतीय अदनान खां रहे। कार्यक्रम में सोसायटी के सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि 9 नवंबर को जनपद के 6 परीक्षा केन्द्रों पर स्कालरशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें 400 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें से 61 का चयन हुआ था। जिन्हें नगद धनराशि मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य एम.ए. सिद्दीकी, डॉ. निहाल अहमद व अंजुमन विद्यालय की प्रधानाचार्या आरिफा बेगम ने बच्चों को पुरस्कार दिये। सोसायटी द्वारा आयोजित स्कालरशिप वितरित प्रोग्राम व भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने सोशल मीडिया के फायदे व दुष्ट परिणाम के बारे में विचार रखे। बच्चों ने कहा यदि सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल किया जाये तो यह वरदान है और यदि सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो यह अभिशाप बन सकती है। एम0ए0 सिद्दीकी, डॉ0 फरहान, मुजफ्फर हुसैन रहमानी, अनवर जमाल सिद्दीकी, अनीस अहमद खां, आकिल खां ने सम्बोधित किया। निर्णायक की भूमिका खालिद रऊफ, सलीम खान, आरिफा बेगम ने निभाई। इस अवसर पर नसर खालिक, असलम अब्बासी, तसब्बर हुसैन, शमीम खान, अंसार सिद्दीकी, तौसीफ़ अली, जुबैर खान, सुहेल अहमद फारूकी, आफताब आलम, खुर्शीद आलम, इसरार अहमद, जीशान अंसारी, अब्बुल खैर, फराज़ तारिक, मो0 फैसल, असगर हुसैन व तमाम लोग मौजूद रहे।

## खाट के नीचे रखी आग से वृद्ध झुलसा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गदनपुर आमिल निवासी बेचेलाल कठेरिया उम्र 70 वर्ष रविवार को चारपाई के नीचे आग रखकर सो गये। रात्रि में किसी समय चारपाई में आग लग गयी। जिससे बिस्तर समेत बेचेलाल झुलस गये। कोठरी से धुआं उठता देख गांव वालों ने दरवाजा खोला। उन्हें जला हुआ देखकर तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज ले जाया गया। वहां से उन्हें लोहिया अस्पताल भेज दिया गया। बताते चलें कि गदनपुर देवराजपुर का सरकारी अस्पताल बन्द रहता है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। यहां पर तैनात चिकित्सक से जब बात की गयी, तो उसका कहना है कि उसका जब मन होगा, तब आयेगा। उसकी जहां शिकायत करनी हो कर लो। जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गदनपुर देवराजपुर का अस्पताल समय से खोला जाये। जिससे यहां की जनता को इसका लाभ मिल सके तथा लापरवाह चिकित्सक के यहां से हटाया जाये।

# बेसिक कोर्स के तीसरे दिन गांठ बंधन का दिया प्रशिक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर प्रातःकालीन सत्र का प्रारम्भ बी0पी0 सिक्स एवं ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। ध्वज शिष्टाचार की प्रक्रिया स्काउट विंग के प्रतिभागियों के द्वारा की गई गयी।

लीडर, सहायक लीडर और ध्वज लीडर की भूमिका प्रतिभागी स्काउट मास्टर्स द्वारा की गई। इस अवसर पर सहा0 प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल मयंक शर्मा, लीडर ऑफ दी कोर्स स्काउट मनोज कुमार रावत, लीडर आफ दी कोर्स गाइड शशिप्रभा, प्रशिक्षक स्काउट मनीष, प्रशिक्षिका चमन शुक्ला, योगेश कुमार, जिला सचिव डॉ. महेश चन्द्र


कार्यक्रम में मौजूद स्काउट गाइड के पदाधिकारी

राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। सत्र का शुभारंभ चमन शुक्ला ने किया। स्काउट और गाइड के प्रगतिशील प्रशिक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। शशि प्रभा एलओसी गाइड ने वन विद्या के बारे में बताया। प्रशिक्षक मनीष कुमार ने प्रथम सोपान की गांठे तथा बंधन के बारे में बताया। मनोज कुमार रावत ने सभी प्रतिभागी को सीटी तथा हाथ के संकेत की जानकारी दी। भोजन सत्र के उपरांत विभिन्न प्रशिक्षकों के द्वारा स्काउट-गाइड नियम, प्रार्थना, झंडा गीत का एसटीए किया गया तथा गांठो को लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप फायर में प्रशिक्षुओं की टोलियों द्वारा देशभक्ति एवं ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किया गया और कैंप फायर की गतिविधि के अंतर्गत चारों दिशाओं के संदेशवाहकों के द्वारा शांति, हरियाली संरक्षण, खुशी तथा प्रेम का संदेश दिया गया।

# नागरी प्रचारक पुस्तकालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बांदा में साकार होगा आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का स्वप्न**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



सिविल लाइंस स्थित ऐतिहासिक नागरी प्रचारक पुस्तकालय के नवीन भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह रविवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह नया भवन लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से बांदा विकास प्राधिकरण के दिशा निर्देश में च्ळ्क् द्वारा बनाया जाएगा और इसे एक आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती बासु, विशिष्ट अतिथि अपर जिला अधिकारी (नमामि गंगे) मदन मोहन वर्मा एवं अपर जिला अधिकारी (राजस्व) धर्मेंद्र कुमार की उपस्थिति में संस्था के उपाध्यक्ष शांतनु चतुर्वेदी तथा सचिव एडवोकेट रोहन सिन्हा ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा ने अपने उद्बोधन में समाज में पुस्तकों एवं पुस्तकालयों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान के मंदिर होते हैं जो समाज के नैतिक व बौद्धिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आत्मकथा श्सत्य के प्रयोग की प्रतियां भेंट कर इसके अध्ययन को प्रेरित किया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष द्वारकेश यादव (मंडेला) ने कहा कि वर्तमान डिजिटल दौर में पुस्तकों तक सरल पहुंच बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक पुस्तकालय न केवल सार्वजनिक चरित्र निर्माण की संस्था है, अपितु एक सुखद भविष्य का एहसास भी कराते हैं। संस्था के सचिव एडवोकेट रोहन सिन्हा ने आभार ज्ञापन करते हुए पुस्तकालय के 80 वर्षों से अधिक के गौरवशाली इतिहास और इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। नागरी प्रचारक पुस्तकालय की स्थापना वर्ष 1913 में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन द्वारा बांदा नगर के जनसहयोग से की गई थी। समय के साथ सेठ हरि मोहन, स्वर्गीय बाबू राम बिहारी लाल श्रीवास्तव, एडवोकेट द्विजेंद्र निगम, स्व. के.एल. बाहरी सहित अनेक समाजसेवियों, संस्थाओं तथा प्रशासन के सहयोग से इसने विकास के पड़ाव तय किए।

# कंबल पाकर खिल उठे जरूरतमदों के चेहरे

**अमीर शोबाए तब्लीग दारूल उलूम रब्बानिया की तरफ से किया गया आयोजन**

**पांच सैकड़ा लोगों को बांटे गये कंबल**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



दिसंबर माह के आखिरी सप्ताह में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में गरीबों एवं असहायों को ठंड से बचाने के लिए समाजसेवियों सहित कई संगठनों द्वारा गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को हर साल की तरह इस साल भी दारूल उलूम रब्बानियां अलीगंज में अमीर शोबाए तब्लीग सैय्यद आबिद रब्बानी की तरफ से लगभग पांच सैकड़ा गरीबों और असहायों को कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों से राहत की सांसद ली।

रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह से ही दारूल उलूम रब्बानियां अलीगंज में लोगों की भीड़ कंबल पाने के लिए जमा हो गयी। जिसमें लोगों को पहले कंबल के टोकनों का वितरण हनीफ भाई आदि के द्वारा किया गया। इसके बाद दारूल उलूम रब्बानियां अलीगंज के अमीर शोबाए तब्लीग सैय्यद आबिद रब्बानी में लोगो को बारी-बारी से कंबल और गर्म ओढ़नी का वितरण गया। इस मौके पर लगभग पांच सैकड़ा जरूरतमंदों को यह वितरण हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से हस्सान मसूदी, पूर्व सभासद सगीर अहमद, आसिफ अली, बड़कू भइया पत्रकार आदि मौजूद रहे।

## जसपुरा में ठंड से किसान की मौत, खेत से लौटते ही बिगड़ी तबीयत

**जसपुरा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के गांव गलौली निवासी किसान रामदत्त द्विवेदी (55) की शनिवार को ठंड लगने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार रामदत्त द्विवेदी शनिवार को अपने खेत देखने गए थे, जहां तेज सर्दी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई। खेत से घर लौटने के बाद उनकी हालत और खराब हो गई। ग्राम प्रधान गलौली एवं प्रधान संघ अध्यक्ष बांदा बृजेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से उन्हें अपनी निजी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जसपुरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनका पुत्र तनुमय द्विवेदी पंचायत सहायक पद पर कार्यरत है।

# बांदा प्रेस ट्रस्ट की मासिक बैठक संपन्न



**संगठन को परिवार की तरह संचालित करने पर जोर**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बांदा प्रेस ट्रस्ट की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और पारदर्शी कार्यशैली पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को एक परिवार के रूप में संचालित किए जाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रमुख अनिल सिंह गौतम ने कहा कि ÷बांदा प्रेस ट्रस्ट केवल एक संगठन नहीं बल्कि एक परिवार है। यहां वही लोग जुड़ेंगे जो ईमानदार, कर्मठ और समाज के प्रति जिम्मेदार हों। संगठन के हर सदस्य की गरिमा और सम्मान सर्वोपरि है।÷ उन्होंने यह भी घोषणा की कि तहसील स्तर पर शीघ्र ही संगठन की इकाइयों का गठन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पत्रकारों को एक सशक्त मंच मिल सके और संगठन की पकड़ मजबूत हो।

बैठक में संगठनात्मक रणनीति, आगामी कार्यक्रमों तथा पत्रकार हितों से जुड़े विषयों पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। इस अवसर पर अनिल तिवारी, नवीन कुमार मिश्र, रमाकांत तिवारी, के.के. गुप्ता, अजय यादव, ललित विश्वकर्मा, राजाराम राही, दिलीप द्विवेदी, वन्य, संगीता, अनीता गुप्ता, पंकज शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, कल्लू सिंह, डी.के. गुप्ता सहित लगभग पांच दर्जन पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

# ठंड लगने से ट्रक चालक की मौत



**पैलानी बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पैलानी थाना क्षेत्र के पड़ोहरा गांव में स्थित बालू खदान के ट्रक चालक की ठंड लगने से मौत हो गई।ट्रक के क्लीनर परमेश्वर ने बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े चार बजे ट्रक का चालक राजबहादुर ठंड से बचने के लिए जिला पंचायत के बैरियर के पास जल रहे अलाव के पास आया और अचानक से गिर गया।तुरंत ही अलाव ताप रहे अन्य लोगों ने देखा तो सब ने मिलकर रजाई एवं कंबल आदि ओढ़ाया।उसके बाद 108 एम्बुलेंस को बुलवाकर जसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए जहां पर डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।पैलानी थाना प्रभारी राजेश कुमार अपने सहयोगियों के साथ में आकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।मृतक राजबहादुर निषाद पुत्र रामरतन उर्फ रतन उम्र 50 साल अविवाहित था जो कि तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।यह कानपुर नगर जनपद के घाटमपुर थाना क्षेत्र के दीपौसी गांव का रहने वाला था।मृतक के भतीजे ने बताया कि उसके माता बचपन में खत्म हो गया था तथा पिता सन 2016 में मौत हो गई थी।यह घाटमपुर में किराए का कमरा लेकर रहता था।

# जनसंघ की स्थापना करने वालों में से एक थे अटल जी: राजेश सिंह

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा बाँदा विधान सभा का आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन व कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने अपने सम्बोधन में कहा कि अटल ज़ी भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वालों में से एक थे और वर्ष 1968 से 1973 तक उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स उनके कार्यकाल में पूरे भारत के चारों कोनो की सड़कों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की शुरुआत की गई। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान का पहला चरण पूरा हो गया है अब यदि कोई रह गया हो उसका फार्म भरवा दे साथ ही नये 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के फार्म भी भरवाना है। जिला प्रवासी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष महोबा अवधेश गुप्ता ने कहा कि अटल ज़ी का जन्म 1924 में हुआ था वे चार दशक तक भारतीय संसद के सदस्य रहे उन्होंने 24 दलों के गठबंधन से सरकार बनाई स वे भारत को विश्वगुरु ही नहीं वल्कि विश्वमित्र बनाना चाहते थे उनका जीवन राष्ट्रसेवा सुशासन और समर्पण का प्रतीक था स कार्यक्रम के जिला संयोजक प्रेमनारायण द्विवेदी ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई देश को नई दिशा देना चाहते थे उनकी सोच दूरदर्शी थी स कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने किया स इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष लवलेश सिंह, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, संतू गुप्ता पंकज रायकवार, उत्तम सक्सेना, रामपाल साहू, श्याम सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी, पुष्कर द्विवेदी, अंकित बासू, विनोद जैन, राजेश गुप्ता रज्जन, प्रेमस्वरुप द्विवेदी, राजेश गुप्ता, विनय कुशवाहा, लखन सिंह राजपूत, राकेश बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# युवक पर तमंचे से फायरिंग, दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**जसपुरा बांदा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत गडरिया चौराहे के पास शुक्रवार की देर शाम युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है।घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है,जिस पर पुलिस ने अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के अनुसार,गडरिया चौराहे पर बैठे 19 वर्षीय अभिषेक पर गांव के ही कुछ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।आरोप है कि विवाद के दौरान अभय पुत्र रामबाबू ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया।शोर सुनकर मौके पर लोग पहुंच गए,जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।वहीं दूसरे पक्ष से अभय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे बाइक बनवाने जा रहा था।देवी जी के स्थान के पास अभिषेक यादव और उसके साथ मौजूद तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।आरोप है कि अभिषेक यादव ने तमंचे से फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश की।किसी तरह वह जान बचाकर घर पहुंचा।

दोनों पक्षों की तहरीर पर जसपुरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक आकाश को सौंपी गई है।

# सवेरा योजना बुजुर्गों की आत्मनिर्भरता-सम्मान का है सूरज

**यूपी पुलिस की सवेरा योजना से जुड़े चुके हैं 13885 बुजुर्ग**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**




प्रदेश की योगी सरकार अब तकनीकी रूप से सवेरा योजना के जरिए बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही सम्मान देने का काम कर रही है। और इस योजना के अंतर्गत जिले के 13885 बुजुर्ग रजिस्ट्रेशन कराकर इस योजना से जुड़ चुके हैं। और पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर बुजुर्गों को सवेरा योजना से जुड़ने और रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। और इस योजना के अंतर्गत बुजुर्ग या वरिष्ठजन पुलिस को अपनी समस्या बातकर समस्या से राहत भी पा रहे हैं। और बुजुर्गों की सहायता, सम्मान व संवाद का यह एक अच्छा जरिया है। जिसके जरिए पुलिस और बुजुर्गों में आत्मीय रिश्ता भी बन रहा है।

दरअसल जैसे-जैसे समय बदल रहा है उसके साथ तकनीकी अब केवल युवाओं तक ही सीमित नहीं रही बल्कि अब बुजुर्गों की जिंदगी में भी सूरज की किरण बनकर उभर रही है। और इसका ताजा उदाहरण है उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग की सवेरा योजना जिसमें जिले के 13885 बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। और अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इस योजना से सीधे जुड़ चुके हैं। सवेरा योजना बुजुर्गों की सुरक्षा, सहायता और संवाद का एक बेहतर माध्यम है। और पुलिस भी अब इस योजना के जरिए बुजुर्गों से आत्मीय रिश्ता बना रही है। उत्तर प्रदेश की पुलिस ने बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस योजना को शुरू किया है। और इस योजना से जुड़कर बुजुर्ग व वरिष्ठ जन डायल 112 डायल कर पुलिस को सीधे अपनी समस्या बता सकते हैं।

इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में वे पुलिस से मदद मांग सकते हैं और सीधे तौर पर पुलिस से संपर्क बनाए रख सकते हैं। यह योजना एकांकी बुजुर्गों के लिए एक बड़ा सहारा है। वहीं इस योजना को लेकर बुजुर्गों में काफी सकारात्मकता भी देखने को मिल रही है और लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और लगातार जुड़ रहे हैं। वहीं पुलिस लगातार इस योजना के प्रति बुजुर्ग व वरिष्ठ जनों को जागरूक करने का काम कर रही है। सवेरा योजना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि जनपद के बुजुर्ग जैसे पेंशनर, भूतपूर्व सैनिक व अन्य वरिष्ठजन इस योजना से लगातार जुड़ रहे है और अब तक 13885 लोग रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।

# कांशीराम आवास कॉलोनी में मेडिकल कैंप आयोजित



**गोला-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला में रोट्रैक्ट क्लब गोला छोटी काशी व रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के संयुक्त तत्वाधान एवं एवन डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट संजीवनी के तहत कांशीराम आवास कॉलोनी गोला गोकर्णनाथ में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने,बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के लिए किया गया।।कार्यक्रम प्रभारी के रूप में संस्था अध्यक्ष पवन गुप्ता जी ने कार्य किया। आज आयोजित फ्री मेडिकल कैंप में वंचित वर्ग के व्यक्तियों की बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन,रक्त समूह आदि अन्य जांचे की गई और रिपोर्ट के आधार पर उन्हें इलाज के लिए उचित परामर्श दिया गया।

# मोतियाबिंद शिविर में हुई 205 मरीजों की जांच, 73 चिन्हित

**धौरहरा, खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील मुख्यालय धौरहरा के तिराहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरखापुर स्थित किसान घर (इजहार खां) के आर.के. धर्मकांटा परिसर में शनिवार को डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से निन्शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 205 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 73 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। शिविर के दौरान तराई क्षेत्र के जरूरतमंद 35 मरीजों को निन्शुल्क चश्मे वितरित किए गए। जांच के बाद 24 मरीजों को तत्काल मोहम्मदी स्थित श्रॉफ आई हॉस्पिटल भेजा गया, जबकि शेष 49 मरीजों को सोमवार को ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा जाएगा। सभी चयनित मरीजों का ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा।

शिविर में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल की टीम ने सराहनीय सेवाएं प्रदान कीं। टीम में डॉ. लकी, कैंप कोऑर्डिनेटर समीर, भावना सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में इजहार खां, शशांक शुक्ला (मोनू), जमाल अहमद, कमलेश मिश्रा, राजू जायसवाल, सोनू निगम, विनीत मिश्रा सहित कई समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजक शशांक शुक्ला (मोनू) एवं इजहार खां ने अस्पताल टीम व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

**भाग्य बदलते हैं कबीर साहेब: संत रामपाल जी महाराज**

# भोगीपुरवा में विशाल मासिक सत्संग सम्पन्न, हजारों अनुयायियों ने लिया भाग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का विशाल मासिक सत्संग भोगीपुरवा में श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में जनपद लखीमपुर खीरी के सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सत्संग में गीता जी, वेद, कुरान, बाइबल, पुराण, रामचरित मानस सहित विभिन्न पवित्र ग्रंथों के प्रमाणों के आधार पर तत्वज्ञान का विस्तृत विवेचन किया गया। संत रामपाल जी महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि पवित्र सामवेद अध्याय 4 के खंड 25 के श्लोक 8 में वर्णन है कि जो कविर्देव (कबीर परमेश्वर) तत्वज्ञान लेकर संसार में आते हैं, वही सर्वशक्तिमान हैं। वे काल (ब्रह्म) के कर्म रूपी किले को तोड़ने वाले, सर्व सुखदाता और सर्व के पूज्य हैं। संत रामपाल जी महाराज ने कहा कि कबीर परमेश्वर की शास्त्रानुकूल साधना करने से ही सतलोक की प्राप्ति संभव है और वही मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य है।

उन्होंने आगे कहा कि कबीर परमेश्वर ही मानव का भाग्य बदल सकते हैं और संसार के दुखों से मुक्ति दिला सकते हैं। बिना भक्ति और साधना के व्यक्ति को अपने कर्मों का भोग भोगना पड़ता है, जिससे अनचाहे दुख सहने पड़ते हैं। इसलिए संसार के दुखों से बचने के लिए सभी को बढ़-चढ़कर कबीर साहेब की भक्ति करनी चाहिए और सतलोक जाने का मार्ग अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर जिला कोऑर्डिनेटर रवि कुमार ने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी की सभी तहसीलों और गांवों में संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। संत रामपाल जी महाराज द्वारा बताई गई शास्त्रानुकूल भक्ति को अपनाकर अनुयायी दहेज लेन-देन, नशाखोरी, घूसखोरी, जाति-पाति जैसी सामाजिक कुरीतियों को पूरी तरह त्याग चुके हैं और एक सुखमय, अनुशासित जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सत्संग के दौरान कई लोगों ने संत रामपाल जी महाराज के नियमों का पालन करते हुए नाम दीक्षा ग्रहण की। वक्ताओं ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज समाज से कुरीतियों को समाप्त कर एक स्वच्छ, समान और नैतिक समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में संत रामपाल जी महाराज द्वारा लिखित विश्वप्रसिद्ध पुस्तक जीने की राह की जानकारी भी दी गई, जिसे सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली आध्यात्मिक पुस्तकों में गिना जाता है।

# गोला खेल महोत्सव के सफल आयोजन पर सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में आयोजित चौदह दिवसीय गोला खेल महोत्सव के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले खेल प्रभारियों और सहप्रभारियों को नगर पालिका सभागार में सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। खेल शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेल स्वास्थ्य सुधारते हैं, तनाव कम करते हैं, एकाग्रता बढ़ाते हैं और टीम वर्क व अनुशासन सिखाते हैं। इससे व्यक्ति का संपूर्ण व्यक्तित्व निखरता है और जीवन की चुनौतियों से जूझने की शक्ति मिलती है। गोला खेल महोत्सव के संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोला खेल महोत्सव का महाकुंभ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की ऐतिहासिक पहल है। इसे सफल बनाने में सभी खेल प्रभारियों और सहयोगियों का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने सभी के प्रति कृतज्ञता जताई। सम्मानित किए गए खेल प्रभारियों में गोपाल सक्सेना, ऋषिकेश पाण्डेय, कुलदीप वर्मा, राजर्षि शुक्ला, प्रियम शुक्ला, राजकुमार बाथम, पंकज वर्मा, निशांत वर्मा, संतोष मौर्य, निपेन्द्र राज, वीरेन्द्र भारद्वाज, जगवीर यादव, रोली त्रिपाठी, चित्रा त्रिपाठी, मकसूद अली, पुनीत गुप्ता, कपिल वर्मा, मोहित अवस्थी, संजीव दीक्षित, विमलेश वर्मा, शत्रोहन मिश्रा सहित अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गोला खेल महोत्सव ने नगर व क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया और युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया है। अंत में सभी ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर आरएसएस गौसेवा कार्यकर्ताओं ने किया पुष्पार्चन



**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधि गौसेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने महान अमर बलिदानी गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर रविवार को संकट मोचन मंदिर, नीलकंठ मैदान, गोला के प्रांगण में उनकी तस्वीर पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभाग गौसेवा संयोजक विनीत भदौरिया ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन और आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि यदि इस देश में गुरु गोविंद सिंह जैसे महापुरुष न होते तो गौ माता से जुड़ी हमारी सनातन संस्कृति आज शायद सुरक्षित न रह पाती। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गुरुजी के बलिदान की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि देशवासी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र और संस्कृति की सेवा कर सकें। कार्यक्रम में जिला गौसेवा संयोजक सौरभ चौहान, प्रशिक्षण संयोजक सतीश चंद वर्मा, गौकथा संयोजक विमलेश मिश्रा, गौविज्ञान परीक्षा संयोजक शैलेंद्र, गोपालन एवं संवर्द्धन संयोजक सेवक राम वर्मा, पंचगव्य चिकित्सा संयोजक पंकज बाजपेई, सुमित पांडे, दिनेश मिश्रा, राकेश वर्मा, नगर गौसेवा संयोजक दिलीप सिंह, जिला मठ-मंदिर संयोजक सुनील बाजपेई, ब्लॉक बांकेगंज गौसेवा संयोजक राजेश अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगरा सलेमपुर में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गांव नगरा सलेमपुर में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गांव की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्र म का आयोजन समूह सखी निर्मला देवी के नेतृत्व में किया गया। कैंप में ब्लॉक कुंभी के फील्ड को-ऑर्डिनेटर विक्रम सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने महिलाओं को बचत के महत्व, दुर्घटना बीमा, तथा सुकन्या समृद्धि योजना सहित सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित बचत से न केवल आर्थिक सुरक्षा मिलती है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के लिए मजबूत आधार भी तैयार होता है। विक्रम सिंह ने महिलाओं को दुर्घटना बीमा योजनाओं के लाभ समझाते हुए कहा कि कम प्रीमियम में यह योजनाएं परिवार को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक सहारा देती हैं।

# देश भर में हो रही बाल कविता संग्रह 'बच्चों के सुपरमैन' की चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**

सामाजिक कार्यकर्ता, कवि व अधिवक्ता रमाकान्त चौधरी एवं साहित्यकार सुरेश सौरभ के संपादन में श्वेत वर्णा प्रकाशन, दिल्ली से प्रकाशित बाल कविता संग्रह 'बच्चों के सुपरमैन' की चर्चा देश के प्रतिष्ठित साहित्यिक मंच आज तक के प्रसिद्ध चैनल 'साहित्य तक' में होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि से स्थानीय साहित्यप्रेमियों में उत्साह का माहौल है। पुस्तक की भूमिका प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने लिखी है, जिन्होंने अपने विचारों के माध्यम से बाल साहित्य की आवश्यकता और उसके सामाजिक महत्व को रेखांकित किया है। 'बच्चों के सुपरमैन' को बाल मन में प्रेरणा, संस्कार और आदर्श स्थापित करने वाला संग्रह बताया जा रहा है।

इस कृति में देश के महान महापुरुषों और साहित्यकारों पर आधारित बाल कविताओं का संकलन है। इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, कांशीराम, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, मुंशी प्रेमचंद सहित अन्य विभूतियों के जीवन और विचारों को सरल, रोचक और बालोपयोगी काव्य रूप में प्रस्तुत किया गया है।